

सरकार कर रही पेट्रोल पंप के लाइसेंस मानकों को संशोधित करने पर विचार - 0012



आमजन को सहज, सुलभ, सस्ती और सहृदय सुविधाएं दी जाएं : भागवत- 12



ट्रंप-पुतिन की मुलाकात से पहले रूस मांगों पर अड़ा, यूक्रेन पर बढ़ा दबाव- 13



रोहित और कोहली वनडे में असाधारण खिलाड़ी : सौरव गांगुली- 14


आज का मौसम
32.0⁰ अधिकतम तापमान
27.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.39
सूर्यास्त 06.49

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

भाद्रपद कृष्ण पक्ष द्वितीया 10:34 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

सोमवार, 11 अगस्त 2025, वर्ष 4, अंक 1, पृष्ठ 14 +4 ▪ मूल्य 6 रुपये


# जल्द हो सकता अगला युद्ध, उसी के मुताबिक करनी होगी तैयारी : आर्मी चीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर किसी भी पारंपरिक मिशन से अलग था और यह शतरंज की बाजी जैसा था क्योंकि हमें नहीं पता थाकि दुश्मन की अगली चाल क्या होगी। कहा कि टेस्ट मैच चौथे दिन ही रुक गया लेकिन देखा जाए तो यह लंबा संघर्ष हो सकता था। उन्होंने कहा कि अगला युद्ध जिसकी हम कल्पना कर रहे हैं, वह जल्द हो सकता है। हमें उसके अनुसार तैयारी करनी होगी, इसमें हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी।



उन्होंने नैरेटिव मैनेजमेंट (विमर्श गढ़ने, किसी विषय पर लोगों की धारणा बनाने) के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि असली जीत दिमाग में होती है। कहा, अगर आप किसी पाकिस्तानी से पूछें कि आप हारे या जीते, तो वह कहेगा कि हमारे (सेना प्रमुख) फील्ड मार्शल बन गए हैं, तो हम जरूर जीते होंगे, इसीलिए वह फील्ड मार्शल बने हैं। सेना प्रमुख ने कुछ दिन पूर्व मद्रास स्थित आईआईटी में आयोजित एक समारोह को संबोधित करने के दौरान यह टिप्पणी की थी। उनके संबोधन का वीडियो सेना ने रविवार को साझा किया। सेना प्रमुख ने किसी देश का नाम लिए बिना खतरे की आशंका को भी रेखांकित किया और कहा, अगली बार खतरा कहीं ज्यादा हो सकता है और वह देश इसे अकेले करेगा या किसी देश के समर्थन से करेगा, हमें नहीं पता। लेकिन, मुझे पूरा यकीन है, मुझे लगता है कि वह देश अकेला नहीं होगा। यहीं हमें सावधान रहना होगा। जनरल ने ऑपरेशन की जटिलताओं पर जोर देने के लिए शतरंज व क्रिकेट की उपमाओं का इस्तेमाल किया। द्विवेदी ने ऑपरेशन की तुलना शतरंज की बाजी से करते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर में हमने शतरंज की बाजी खेली।

## जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- किसी भी पारंपरिक मिशन से अलग था ऑपरेशन सिंदूर

### भारत ढाई मोर्चों का सामना कर रहा

जनरल द्विवेदी ने जोर देकर कहा कि जहां तक 'ग्रे जोन' का सवाल है, यह हमेशा मौजूद है और रहेगा। हमें अगली लड़ाई मिलकर लड़नी होगी, अकेले सेना इसे नहीं लड़ेगी। कहा, अगर मैं अपने नजरिए से इसे देखूं, तो भारत ढाई मोर्चों का सामना कर रहा है। अगर देश की जमीनी सीमाओं की बात करें तो आज के भारत के लोगों की मानसिकता के मद्देनजर विजय की मुद्रा जमीन के रूप में बनी रहेगी। जहां तक ऑपरेशन सिंदूर का सवाल है यह 14 दिन, 140 दिन, 1400 दिन भी जारी रह सकता था। अब हमें इन सब के लिए तैयार रहना होगा।

### सेना को खुली छूट में थी राजनीतिक स्पष्टता

जनरल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक संपूर्ण राष्ट्र का दृष्टिकोण था और सेना को यह तय करने की खुली छूट दी गई थी कि क्या करना है। इस तरह का आत्मविश्वास, राजनीतिक स्पष्टता, राजनीतिक दिशा, हमने पहली बार देखी। प्रतिबंधों की कोई शर्त न होने से सेना का मनोबल बढ़ता है। पहली बार हमने आतंकवादियों के वास्तविक ठिकानों पर हमला किया, तो निश्चित रूप से हमारे निशाने पर नर्सरी और उसके मालिक थे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था और पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं थी कि हमला होगा।

### ऑपरेशन तीनों सेनाओं के तालमेल का प्रमाण : सीडीएस

**नई दिल्ली।** सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल का प्रमाण है और उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार सुधार, समन्वय एवं अनुकूलनशीलता जारी रखने की जरूरत है। सिकंदराबाद में रक्षाप्रबंधन महाविद्यालय में चौहान ने बिना विस्तार से बताए संयुक्त क्षमता बढ़ाने के लिए थिएटर कमान के वास्ते एक रोडमैप के बारे में भी बात की।



रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीडीएस ने एकीकृत आपूर्ति शृंखला के लिए संयुक्त पुस्तिका जारी की।

## ब्रीफ न्यूज

### एयर इंडिया ने शुरू की बोइंग 787 की रेट्रोफिटिंग

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के बोइंग 787-8 विमानों की रेट्रोफिटिंग शुरू हो गयी है। कंपनी ने रविवार को बताया कि 26 बी 787-8 विमानों की रेट्रोफिटिंग (विमान में नये उपकरण या कलपुर्जे आदि जोड़ने का काम) की उसकी योजना है। इसके लिए पहला विमान जुलाई में अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बोइंग के केंद्र में गया था और अब उसकी रेट्रोफिटिंग शुरू हो गयी है। अक्टूबर में एक और विमान कैलिफोर्निया जाएगा और दोनों के दिसंबर तक वापस परिचालन के लिए आने की उम्मीद है। एयर इंडिया ने अहमदाबाद विमान हादसे के बाद 40 करोड़ डॉलर के निवेश से अपने बेड़े के लिए रेट्रोफिट कार्यक्रम की घोषणा की थी।


अंदर देखें... व्हील्स





# ट्रंप को जवाब, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर : मोदी

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे तकनीक और मेक इन इंडिया की ताकत

- प्रधानमंत्री बोले- पाकिस्तान को कुछ ही घंटों में घुटनों पर ला दिया था भारत ने

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है और यह गति सुधार, प्रदर्शन एवं परिवर्तन की भावना से हासिल की गई है। कहा कि पिछले 11 वर्षों के दौरान भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर 10वें स्थान से बढ़कर शीर्ष पांच में पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था पर निशाना साधे जाने के कुछ दिन बाद आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे भारतीय प्रौद्योगिकी और मेक इन इंडिया का हाथ था, जिसने कुछ ही घंटों में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। दुनिया ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत का नया चेहरा देखा, जब उसने पाकिस्तान के भीतर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। यहां बेंगलुरु मेट्रो चरण-3 परियोजना की आधारशिला रखने और तीन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने तथा मेट्रो रेल 'येलो लाइन' का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विभिन्न क्षेत्रों में विकास को रेखांकित किया और कहा कि ऐसी उपलब्धियों ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि 2014 में मेट्रो रेल सेवाएं सिर्फ पांच शहरों तक ही सीमित थीं। आज, मेट्रो रेल नेटवर्क 24 शहरों में 1,000 किलोमीटर से अधिक तक फैला हुआ है, जिससे भारत विश्व स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया है। मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से, 2014 तक सिर्फ 20,000 किलोमीटर रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण हुआ था। उन्होंने कहा कि 2014 से 2025 तक, केवल 11 वर्षों में यह बढ़कर 40,000 किलोमीटर हो गया है। इसी तरह, 2014 में देश में 74 हवाई अड्डे थे, जो आज 160 से ज्यादा हैं तथा राष्ट्रीय जलमार्गों की संख्या भी केवल तीन से बढ़कर 30 हो गई है। कहा कि भारत ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बड़ी छलांग लगाई है।



### 468 से बढ़कर 824 अरब डॉलर हुआ निर्यात

मोदी ने कहा, 2014 से पहले कुल निर्यात 468 अरब अमेरिकी डॉलर था, लेकिन आज यह 824 अरब अमेरिकी डॉलर है। हम मोबाइल फोन का आयात करते थे, लेकिन अब हम मोबाइल हैंडसेट के शीर्ष पांच निर्यातकों में शामिल हैं। 2014 से पहले हमारा इलेक्ट्रॉनिक निर्यात छह अरब अमेरिकी डॉलर था, जो बढ़कर 38 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है।' उन्होंने कहा कि 2014 से पहले भारत का ऑटोमोबाइल निर्यात 16 अरब अमेरिकी डॉलर था और अब यह दोगुने से भी अधिक है, जिससे भारत विश्व स्तर पर चौथा प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्यातक बन गया है।

### ऑपरेशन सिंदूर में बेंगलुरु की अहम भूमिका, ऐसे शहरों को भविष्य के लिए करना होगा तैयार

प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे हमारी तकनीक और मेक इन इंडिया की ताकत है। ऑपरेशन में बेंगलुरु व उसके युवाओं की अहम भूमिका थी। बेंगलुरु की पहचान दुनिया के बड़े शहरों में होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को न केवल वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी है, बल्कि नेतृत्व भी करना है। हम तभी प्रगति करेंगे जब हमारे शहर स्मार्ट, तेज और कुशल होंगे। कहा, 21वीं सदी में शहरी नियोजन और शहरी बुनियादी ढांचे की बहुत आवश्यकता है और हमें बेंगलुरु जैसे शहरों को भविष्य के लिए तैयार करना होगा।

# प्रशासनिक दक्षता में बरेली तो कानून-व्यवस्था में रामपुर टॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

- सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रिपोर्ट में डीएम बरेली ने पहला, श्रावस्ती ने दूसरा और शाहजहांपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया
- कानून व्यवस्था में रामपुर एसपी ने मारी बाजी, टॉप टेन में मैनपुरी, मथुरा, महराजगंज अंबेडकरनगर और जालौन ने जगह बनायी

**अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में बरेली ने बेहरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है जबकि श्रावस्ती ने दूसरा और शाहजहांपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं, बेहतर कानून एवं व्यवस्था के मामले में रामपुर एसपी ने पहला, कौशांबी एसपी ने दूसरा और शाहजहांपुर एसएसपी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

सीएम डैशबोर्ड द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है।

जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रावस्ती में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यही वजह है कि श्रावस्ती पिछले कई माह से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपने जगह बनाए हुए है। इसी तरह शाहजहांपुर तीसरे, ललितपुर चौथे और हरदोई पांचवे पायदान पर है। वहीं टॉप टेन जिलों में मैनपुरी, मथुरा, महराजगंज, अंबेडकरनगर और जालौन ने जगह बनायी है। सीएम डैशबोर्ड की जुलाई माह की रैंकिंग में कानून व्यवस्था का बेहतर प्रदर्शन करने में रामपुर जिले ने बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर कौशांबी, तीसरे स्थान पर शाहजहांपुर है। वहीं टॉप टेन जिलों में गौतमबुद्धनगर, जालौन, संभल, बाराबंकी, फिरोजाबाद, अमेठी और बस्ती शामिल हैं।

### लखनऊ, गोरखपुर के सामने बरेली ने पेश की नजीर

सीएम रैंकिंग में गोरखपुर 75वें तो वहीं राजधानी लखनऊ 54वें स्थान पर है। दोनों ही जिलों के डीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रशासनिक स्तर पर ज्यादा काम करने की आवश्यकता आंकी जा रही है। मुख्यमंत्री के स्तर से दोनों ही जिलों के डीएम को सख्त हिदायत दी जा सकती है। वहीं अप्रैल 2025 में बरेली की ओवरऑल रैंकिंग 14वीं थी। अब बरेली पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह बदलाव मात्र तीन महीनों में हुआ है। इसकी प्रमुख वजह बरेली के डीएम अविनाश सिंह की सख्त निगरानी, गहन समीक्षा और टीमवर्क को प्राथमिकता देना माना जा रहा है।

# लैंड डील में रॉबर्ट वाड्रा को 58 करोड़ की अवैध कमाई, चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी का बड़ा खुलासा

हरियाणा के गुरुग्राम में लैंड डील घोटाले में ईडी ने कोर्ट में दाखिल की गई अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपये अवैध रूप से कमाए है। उन्होंने इस रकम का इस्तेमाल प्रॉपर्टी खरीदने और इन्वेस्टमेंट में किया। साथ ही अपने ग्रुप की कंपनियों को लोन दिया और उनके कर्ज चुकाने में भी किया। ईडी ने 17 जुलाई को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी।

समाचार एजेंसी के मुताबिक ईडी ने जांच में कहा है कि वाड्रा को करीब पांच करोड़ रुपए ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिए मिले। बाकी 53 करोड़ स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) के जरिए आए। यह सारा पैसा अपराध से जुड़ी गतिविधियों से कमाया गया था और इसे बाद में अलग-अलग इन्वेस्टमेंट और प्रॉपर्टी खरीदने में लगाया गया। ईडी अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान बैंक लेन-देन, कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर यह ट्रांजैक्शन ट्रैक किया गया। जिन कंपनियों के जरिए धन आया, उनका संचालन वाड्रा के नजदीकी सहयोगियों के हाथों में था। इन चैनलों का उपयोग रकम को कानूनी स्वरूप देने के लिए किया गया। कोर्ट अब ईडी द्वारा दाखिल की गई चार्जशीट पर सुनवाई करेगी।



### यह था पूरा मामला

सितंबर 2008 में गुरुग्राम के शिकोहपुर (अब सेक्टर 83) लैंड डील हुई थी। इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा के साथ हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ साल 2018 में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं।

# डिप्टी सीएम बिहार के भी दो वोटर कार्ड, ईसी से तेजस्वी ने पूछा- क्या कार्रवाई की गई

**पटना।** राजद के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास दो मतदाता पहचान पत्र हैं और उन्होंने पूछा कि सिन्हा के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। यादव ने पत्रकारों से कहा, विजय कुमार सिन्हा दो अलग-अलग जिलों के दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से मतदाता हैं।

उनका नाम उसी जिले के लखीसराय विधानसभा क्षेत्र व पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में भी दर्ज है। यह बिहार निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद हुआ है। यादव के आरोपों पर सिन्हा ने कहा, अप्रैल 2024 में मैंने लखीसराय से अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया था। मैंने बांकीपुर से अपना और परिवार के सदस्यों का नाम हटाने के लिए एक फॉर्म भी भरा था। मेरे पास सबूत हैं।



- लखीसराय विस क्षेत्र व पटना के बांकीपुर विस क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम है दर्ज

# शीर्ष कोर्ट में ईसी बोला- बिना सूचना नहीं हटाएंगे नाम

नई दिल्ली, एजेंसी

### बिहार में मसौदा मतदाता सूची का मामला

निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि बिहार में मसौदा मतदाता सूची से किसी भी मतदाता का नाम किसी पूर्व सूचना के बिना, उसे अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किए बगैर और तर्कसंगत आदेश जारी किए बिना नहीं हटाया जाएगा।

उसने यह भी कहा कि वैधानिक व्यवस्था के अनुसार, मसौदा मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए लोगों के नामों की कोई अलग सूची तैयार करना या उनके साथ ऐसी कोई सूची साझा करना या किसी कारण से किसी व्यक्ति को भी मसौदा सूची में शामिल नहीं करने के कारणों को प्रकाशित करना आवश्यक नहीं है। आयोग ने बिहार में बहुप्रतीक्षित मसौदा मतदाता सूची जारी करने के कुछ दिन बाद उच्चतम न्यायालय में एक अतिरिक्त हलफनामा दायर किया। संबंधित सूची में 7.24 करोड़ मतदाताओं के नाम शामिल हैं लेकिन 65 लाख से अधिक नामों को हटा दिया गया है। सूची से हटाए गए व्यक्तियों के बारे में आयोग ने दावा किया था कि संबंधित व्यक्तियों में से अधिकतर या तो मर चुके हैं या पलायन कर चुके हैं। इसके अलावा, निर्वाचन आयोग ने याचिकाकर्ता के एक आवेदन पर भी अपना जवाब दाखिल किया। इस आवेदन में उसे लगभग 65 लाख उन मतदाताओं के नामों और विवरण की एक पूर्ण एवं अंतिम विधानसभा क्षेत्र और भाग/बूथवार सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया गया था, जिनके गणना फॉर्म जमा नहीं किए गए।

**कवायद** टैंपल प्लाजा में पंचवटी वाटिका से लेकर मेडिटेशन सेंटर तक की दिखेगी झलक, प्रोजेक्ट तैयार कर जल शक्ति मंत्रालय को सौंपा

# राम मंदिर जैसा भव्य दिखेगा गोमती उद्गम स्थल, एक ही संस्था को जिम्मेदारी

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भविष्य में माधोटांडा के कलीनगर तहसील स्थित गोमती का उद्गम स्थल अयोध्या के राम मंदिर की तरह ही भव्य दिखेगा। राम मंदिर का सौंदर्यीकरण करने वाली संस्था ने इसकी जिम्मेदारी संभाली है।

उदगम स्थल के टैंपल प्लाजा में आकर्षक पेंटिंग्स के साथ पंचवटी वाटिका से लेकर मेडिटेशन सेंटर आदि सब कुछ देखने को मिलेगा। संस्था के डायरेक्टर ने गोमती उद्गम स्थल का प्रोजेक्ट तैयार कर जल शक्ति मंत्रालय को सौंपा है। उम्मीद हैं आने वाले दिनों में गोमती उद्गम स्थल भी प्रदेश के अन्य धार्मिक स्थलों की तरह जगमग दिखेगा। अतीत पर नजर डालें तो पांच दशक पूर्व तक गोमती नदी अपने पूरे वेग से बहती थी। उद्गम स्थल से 960 किमी का लंबा सफर तय कर नदी गाजीपुर के पास गंगा नदी में मिल जाती है। उद्गम स्थल से शाहजहांपुर तक गोमती नदी का प्रवाह धीमा रहता था। मगर, इससे आगे बढ़ने पर तमाम सहायक नदियों के मिल जाने से यह नदी पूरे वेग से बहती थी। वर्तमान में यह जीवनदायिनी नदी अस्तित्व खोती जा रही है। उद्गम स्थल से लेकर जिले की सीमा तक 47 किमी लंबे क्षेत्र में यह पौराणिक नदी कहीं झील तो कहीं लकीर बनकर रह गई है। नदी के हिस्से वाली जमीन पर कब्जे भी होने लगे। वहीं उद्गम स्थल की तीन झीलों में 15 से ज्यादा प्राकृतिक स्रोतों में से मात्र दो-तीन ही स्रोत चालू हैं। कुछ माह पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री से मुलाकात कर गोमती उद्गम स्थल के पुनरुद्धार और इसे पर्यटन के रूप में विकसित करने का बीड़ा उठाया है। जलशक्ति मंत्रालय की टीम यहां तीन बार दौरा भी कर चुकी है।

जिला प्रशासन के सहयोग से उदगम स्थल के पुनरुद्धार और इसे पर्यटन के रूप में विकसित किए जाने को लेकर मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। इसको लेकर विभिन्न संस्थाओं को जिम्मेदारी दी गई है। इन संस्थाओं ने लगभग अपने सभी प्रोजेक्ट तैयार कर जलशक्ति मंत्रालय को सौंप दिए हैं।



माधोटांडा स्थित मां गोमती उद्गम स्थल।

### लक्ष्मण झूला की तरह सस्पेंशन पुल की भी तैयारी

राम मंदिर के सौंदर्यीकरण में योगदान देने वाली संस्था डिजाइन एबुलेशन प्राइवेट लिमिटेड को ही गोमती उद्गम स्थल के सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी दी गई है। कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज देहरादून के बुलावे पर पिछले दिनों डिजाइन एबुलेशन के डायरेक्टर हिमांशु शर्मा टीम के साथ गोमती उद्गम स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने उद्गम स्थल के ट्रस्टी निर्भय सिंह एवं योगेश्वर सिंह से जानकारी भी ली। प्रोजेक्ट के मुताबिक मंदिर परिसर को भव्य टैंपल प्लाजा का रूप दिया जाएगा। खूबसूरत पंचवटी वाटिका, मेडिटेशन सेंटर, सॉबेनियर शॉप आदि की झलक देखने को मिलेगी। ऋषिकेश में बने लक्ष्मण झूला की तर्ज पर झील के ऊपर सस्पेंशन पुल बनाने की भी तैयारी है। फिलहाल संस्था के डायरेक्टर हिमांशु शर्मा ने उदगम स्थल से संबंधित ब्यूटीफिकेशन प्रोजेक्ट तैयार कर जलशक्ति मंत्रालय को सौंप दिया है।

न्यूज ब्रीफ

## वसुंधरा राजे ने योगी से की मुलाकात



**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा हाईकमान से केंद्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने की चर्चाओं के बीच राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया ने रविवार को यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह मुलाकात योगी के सरकारी आवास पर हुई और इस दौरान वसुन्धरा राजे ने उन्हें राम दरबार की एक प्रतिमा भेंट की। बहरहाल योगी और वसुन्धरा की ताजा मुलाकात को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल, वसुंधरा राजे सिंधिया वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। सियासी गलियारों में चर्चा कि उन्हें भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। अटकलें हैं कि वसुंधरा राजे को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

## निदेशक संचारी समेत अस्पतालों में विशेषज्ञों की तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में नवप्रोन्नत अपर निदेशक चित्रकूट धाम मंडल डॉ. रेखा रानी को निदेशक (संचारी) बना दिया गया है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्ता युक्त चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराने के लिए राजधानी के मोहनलालगंज, मलिहाबाद और चिनहट के नवनिर्मित अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती कर दी गयी है। विशेष सचिव आर्यका अखौरी ने आदेश जारी कर दिए हैं।

# विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा करने को सभी दल एकमत

## विधान सभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक में मानसून सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नेताओं से मांगा सहयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को विधान भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में 18वीं विधान सभा (2025) के द्वितीय सत्र को सुचारू, मर्यादित और रचनात्मक ढंग से संचालित करने के लिए सभी दलीय नेताओं से सहयोग का अनुरोध किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने सभी नेताओं से अपील की कि वे अपने विचार शालीनता और संसदीय मर्यादा के दायरे में रखें तथा आपसी सम्मान और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बहस करें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पूर्व की भांति इस सत्र में भी सभी का सहयोग मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग से विधानसभा के नये स्वरूप, तकनीकी नवाचार और विजन डॉक्यूमेंट जैसी पहलें सदन के लिए मील का पत्थर सिद्ध होंगी।

बैठक में मुख्यमंत्री एवं नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जतायी कि 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश की मुख्य भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह पहली विधानसभा होगी जो विजन डॉक्यूमेंट पर विस्तृत चर्चा करेगी, जिसमें प्रदेश के समग्र विकास के लिए सभी दलों के सुझाव शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का एजेंडा नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य का साझा खाका होगा।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि अब तक सदस्य अपने-अपने क्षेत्र की बात करते थे, लेकिन यह चर्चा पूरे प्रदेश के भविष्य को दिशा देगी। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए वे हर संभव सत्ता पक्ष का सहयोग करने को तैयार हैं। कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट पर लंबी और गंभीर चर्चा होनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक सुझाव एकत्र किए जा सकें।

सर्वदलीय बैठक में जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के नेता कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया और बसपा विधायक दल के नेता उमाशंकर सिंह ने भी विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा शुरू करने का समर्थन किया। अपना दल (सोनेलाल) के रामनिवास वर्मा, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के ओम प्रकाश राजभर तथा संजय निषाद समेत सभी दलों के नेताओं ने भी विजन डॉक्यूमेंट की पहल का स्वागत किया।




विधानभवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक के दौरान उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी व अन्य दलों के नेता। ● अमृत विचार



विधान भवन के प्रवेश द्वार के नवीनीकृत गुंबद का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी।

### विधायकों और जनता दोनों के लिए होंगी सूचनाएं

सत्र में तकनीकी विशेषज्ञों ने बताया कि कैसे एआई का उपयोग वॉइस-टू-टेक्स्ट, भावना विश्लेषण, अनुवाद और दस्तावेज़ तैयार करने में किया जा सकता है। प्रस्तावित एआई समाधानों में एकीकृत डैशबोर्ड और चैटबॉट शामिल हैं, जो विधायकों और जनता दोनों के लिए सूचनाओं को तुरंत उपलब्ध कराएंगे।

### लगी एआई पाठशाला, स्मार्ट बने विधायक

**अमृत विचार :** उप्र. विधानमंडप में रविवार को विधायकों की एआई पाठशाला (ट्रेनिंग प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। विशेष सत्र में रविवार को विधायक आर्टिफिशियल इंटिलिजेंस के प्रशिक्षण को लेकर स्मार्ट नजर आए और अपनी-अपनी जिज्ञासाओं को लेकर विशेषज्ञों से तमाम सवाल किए। विशेष सत्र में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, एवं विभिन्न दलों के कई सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन आई टी विशेषज्ञ डा. हर्षित और आशुतोष तिवारी ने किया और विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान विभिन्न सदस्यों ने अपने विचार और प्रश्न रखे -जिनमें सचिन यादव (सपा), डॉ. सुरभि, शशांक त्रिवेदी, डा. वर्मा, डॉ. रागिनी, डॉ. पल्लवी और डॉ. अभय शामिल रहे। इस अवसर पर "एआई -ड्रिवेन गवर्नेंस फॉर लेजिसलेटर्स" शीर्षक हैंडबुक का विमोचन भी किया गया।

> एआई से न केवल कार्यकुशलता बढ़ाई जा सकती है, बल्कि जनता के साथ संवाद को और अधिक पारदर्शी व त्वरित बनाया जा सकता है। तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं है, यह हमारे काम करने के तरीके को पूरी तरह बदलने की क्षमता रखती है।
>
> **- सतीश महाना, विधानसभा अध्यक्ष**

> खुशी है कि विधान सभा में नई तकनीक को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने स्मरण किया कि एक समय मोबाइल फोन भी दुर्लभ थे और आज एआई जैसी उन्नत तकनीकें विधायी कार्य को और सशक्त बना रही हैं।
>
> **- माता प्रसाद पांडे, नेता प्रतिपक्ष**

> विधान सभा का इतिहास अब तकनीकी माध्यम से संरक्षित हो रहा है और यह अध्यक्ष महाना की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। एआई को ज्ञान का स्रोत है, तकनीक का सही उपयोग विधायकों को अधिक प्रभावी बना सकता है।
>
> **- सुरेश कुमार खन्ना संसदीय कार्य मंत्री**

### कार्यमंत्रणा में तय हुई भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा

इसके पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में जयवीर सिंह, योगेंद्र उपाध्याय, सुशील कुमार शाक्य, जय प्रताप सिंह, सिद्धार्थ नाथ सिंह, रविदास मेहरोत्रा, डॉ. संग्राम यादव, आराधना मिश्रा मोना, कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया, ओम प्रकाश राजभर जयवीर सिंह और रमेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

# 115 राजनीतिक दलों का रद्द किया पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले छह वर्षों में चुनाव प्रक्रिया में शामिल न होने वाले प्रदेश के 115 राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर सुनवाई के बाद आयोग ने आदेश जारी किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये आयोग की कार्रवाई की जानकारी दी।

बताया गया है कि वर्षों तक लोकसभा व विधानसभा का कोई भी चुनाव न लड़ने वाले व प्रदेश में स्थित अपने पंजीकृत पते पर वजूद न रखने वाले इन सभी राजनीतिक दलों को आयोग की पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से बाहर किया गया है। सूची से बाहर निकाल गए 115 राजनीतिक दल लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 बी व धारा 29 सी के साथ आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों व चुनाव चिन्ह (आरक्षण एवं आवंटन) आदेश 1968 के अंतर्गत राजनीतिक दलों को मिलने वाले किसी भी लाभ को प्राप्त करने के हकदार नहीं रहेंगे। राजनीतिक दलों को सूची से बाहर करने के निर्वाचन आयोग के आदेश से क्षुब्ध कोई भी पक्ष आदेश की तिथि से 30 दिनों के भीतर आयोग को अपील कर सकता है।

# गंभीर बीमारियों के इलाज में मदद करेगी सरकार : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं, अफसरों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं, सरकार उनकी भरपूर आर्थिक मदद करेगी। उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी।

योगी ने इसे लेकर अफसरों को निर्देशित भी किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात की।



गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

### पारिवारिक विवाद में दोनों पक्षों से करें संवाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। पारिवारिक मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने को प्राथमिकता दी जाए। एक महिला की गुहार पर उन्होंने अफसरों को उक्त महिला को जमीन का पट्टा देने का निर्देश दिया।

# राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब दे निर्वाचन आयोग : प्रमोद तिवारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आज संसद से आयोग तक विपक्ष निकालेगा मार्च

**अमृत विचार :** राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भारत निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आयोग पार्टी नेता राहुल गांधी के आरोपों पर शीघ्र जवाब दे, ताकि मतदाता सूची में गड़बड़ी पर सच्चाई लोगों के सामने आ सके। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल के नेता 11 अगस्त को संसद भवन से आयोग तक मार्च निकालेंगे। उपनेता रविवार को प्रयागराज में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने डेटा व स्पष्टीकरण देने की मांग करते हुए कहा कि मार्च में सभी विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि विपक्षी आयोग से सभी तथ्य व डेटा सार्वजनिक करने की मांग करेंगे, क्योंकि सभी डेटा आयोग के पास मौजूद हैं, जिनके आधार पर 'चोरी' पकड़ी गई है।

### वाराणसी से जीते नहीं, जिताए गए हैं मोदी : अजय



वाराणसी में प्रेस कांफ्रेंस करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीते नहीं, बल्कि जिताए गए हैं। वाराणसी में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष ने निर्वाचन आयोग से आठ सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का मजाक बनाकर फर्जी मतदान व मतदाता सूची में हेरफेर व सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'विशाल सिंह' नामक व्यक्ति का नाम एक साथ कर्नाटक व वाराणसी दोनों जगह मतदाता सूची में दर्ज है। इस व्यक्ति की ओर से वाराणसी के कैंट विधानसभा क्षेत्र में आरएसएस संचालित 'निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कालेज तुलसीपुर' स्कूल में वोट डाला गया।



प्रदेश की सीमा पर तैनात जवान को राखी बांधती बच्ची।

### सीमा पर तैनात जवानों को बांधी राखी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में तैनात जवानों को क्षेत्रों की महिलाओं ने हाथों से बनी राखियां बांधी और उनका आशीर्वाद लिया। परिवार जैसा स्नेह और सम्मान देते हुए मधुर लोकगीत गाए। यह कार्यक्रम उप्र. पर्यटन विभाग (ग्रामीण) ने रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित किए। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित प्रदेश-समृद्ध पर्यटन का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था। सिद्धार्थनगर के खुनवा, लखीमपुर के ग्राम चंदन चौकी, महराजगंज के ग्राम चंडीथान, पीलीभीत के ग्राम सेल्हा सहित कई सीमावर्ती जिलों में एसएसबी कैंपों पर किए गए।

# फाइलेरिया दवा के प्रतिकूल प्रभाव रोकने के लिए 390 टीमों का गठन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 27 जिलों में जनप्रतिनिधियों व सीएमओ ने किया अभियान का आगाज

**अमृत विचार:** योगी सरकार की ओर से वर्ष 2027 तक प्रदेश को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए 27 जिलों के 195 ब्लॉक में रविवार से व्यापक सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान शुरू हो गया है। अभियान की शुरुआत जनप्रतिनिधियों ने स्वयं दवा खाकर की। इतना ही नहीं, किसी भी गंभीर प्रतिकूल दवा प्रभाव से निपटने के लिए 390 त्वरित प्रतिक्रिया दल तैयार किये गये हैं। अभियान की सफलता के लिए योगी सरकार ने कई विभागों को शामिल किया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि जन सहभागिता अभियान की सफलता के लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को शामिल करना रणनीति का हिस्सा है। विभिन्न स्कूलों में शिक्षक प्रार्थना सभाओं के दौरान फाइलेरिया की रोकथाम के महत्व को समझाएंगे। खाद्य एवं राशन की दुकानों पर रणनीतिक रूप से जानकारी साझा की जाएगी। एमडीए अभियान औरैया, बहराइच, बलरामपुर, बस्ती, चंदौली, देवरिया, इटावा, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मिर्जापुर, संत कबीरनगर, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, श्रावस्ती, रायबरेली और सुल्तानपुर में चलेगा।

**15 साल बाद दिखाई देते हैं फाइलेरिया के लक्षण**

प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि फाइलेरिया, संक्रमित क्यूलेक्स मच्छरों के काटने से फैलने वाला रोग है, जिसके लक्षण अक्सर सूजन और दूधिया पेशाब आने के काफी समय बाद, आमतौर पर 10-15 साल बाद दिखाई देते हैं।

# भाजपा भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव आयोग न्याय करेगा या नहीं, इस पर बहस होनी चाहिए

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग न्याय करेगा या नहीं, इस पर बहस होनी चाहिए। अभी उस पर वोट चोरी के जो आरोप लगे हैं, उसकी सफाई देना स्वयं चुनाव आयोग की विश्वसनीयता एवं चुनावी पारदर्शिता के लिए बहुत जरूरी है। ऐसा लगता है कि भाजपा भ्रष्टाचार का विश्वविद्यालय है और चुनावी भ्रष्टाचार का ब्रह्मांड विश्वविद्यालय।



सपा प्रमुख ने रविवार को जारी बयान में कहा कि सबसे ज्यादा फर्जी वोट भाजपा ने बनवाए हैं। भाजपा कुछ लोगों की मिलीभगत से कभी अपने समर्थक फर्जी मतदाताओं का नाम बढ़ा देती है और चुनावी अधिकारियों से साठगांठ कर कभी अपने विरोधियों के नाम मतदाता सूची से गायब कर देती है। बीते चुनाव में एक वीडियो में एक आदमी छह-छह वोट डालने का दावा कर रहा था। उन्होंने कहा कि कुंदरकी, मीरापुर और अयोध्या के मिल्कीपुर उपचुनावों में भाजपा ने अपने समर्थकों से कई-कई वोट डलवाए, वहीं विपक्षी मत न पड़ने पाए, उन्हें धमकाने या ईवीएम मशीन खराब होने के बहाने मतदान से रोका गया। नकली आईडी से फर्जी मतदान की शिकायतें आईं।

# रक्षाबंधन पर 50 लाख लोगों ने बस यात्रा कर बनाया रिकॉर्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बहनों ने योगी सरकार की नि:शुल्क यात्रा का उठाया लाभ

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं के लिए शुरू की गई निःशुल्क बस यात्रा योजना ने इस बार यात्री संख्या के नए कीर्तिमान बनाए हैं। तीन दिनों तक चलने वाली इस सुविधा को देखते हुए रात 12 बजे तक इसके 75 लाख यात्रियों का रिकॉर्ड बनाने की संभावना है। परिवहन निगम के अनुसार इसमें 70 प्रतिशत तक वह यात्री हो सकते हैं, जिन्हें सरकार की ओर से निशुल्क यात्रा का लाभ दिया जा रहा है।

दरअसल, राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश की माताओं और बहनों को बड़ी सौगात देते हुए 8 से 10 अगस्त तक परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा का तोहफा दिया है। इसमें महिलाओं के साथ एक सहयात्री को भी यह सुविधा दी जा रही है। केवल 8 अगस्त को ही 19.5 लाख, 9 अगस्त को 31.7 लाख यात्रियों ने सफर किया।

**3 दिनों में 75 लाख यात्रियों के सफर का अनुमान :** परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर के अनुसार सामान्य दिनों में निगम की बसों में प्रतिदिन 14-15 लाख यात्री सफर करते हैं, लेकिन इस बार रक्षाबंधन पर्व के शुरुआती दो दिनों में ही यह आंकड़ा 50 लाख से अधिक पहुंच गया। इनमें लगभग 70 प्रतिशत महिला यात्री थीं। सरकार की सुविधा का लाभ हिंदु समुदाय के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय की बहनों ने भी उठाया। एमडी सरवर ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस बार जरूरत के अनुसार अतिरिक्त बसें चलाई गईं और सभी अनुबंधित बसों को भी संचालन में लगाया गया।

रोष

कार्यपरिषद में मात्र दो सदस्य नामित करने से आरक्षित वर्ग से उठी आवाज

# केजीएमयू कार्य परिषद में आरक्षित पद घटने से असंतोष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केजीएमयू में सर्वशक्तिमान 22 सदस्यीय कार्य परिषद में दो सदस्य आरक्षित वर्ग यानी एससी, एसटी व पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करेंगे। जबकि 2014 तक पूर्व में चार सदस्य प्रतिनिधित्व करते रहे हैं। राज्य सरकार के इस फैसले से आरक्षित वर्ग के शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं। शिक्षकों का कहना है कि अगर केजीएमयू में आरक्षित वर्ग के अधिकारों को सुरक्षित रखना है तो कार्यपरिषद में केजीएमयू के अधिनियम के अनुसार कम से कम आठ सदस्य तो रखने ही चाहिए। वो शिक्षक भी कुलपति से नामित न हो, बल्कि शिक्षक वर्ग स्वयं चयनित करे और कार्य परिषद में प्रतिनिधित्व को भेजा जाए।



एससी-एसटी मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन, उप्र. का कहना है कि केजीएमयू की प्रथम परिनियमावली के अनुसार कार्य परिषद में सभी वर्ग को प्रतिनिधित्व देय आरक्षण के अनुसार किया जाएगा। केजीएमयू कार्य परिषद में अध्यक्ष समेत 22 सदस्य बनाए जाने की व्यवस्था है, जिसमें उपबंधित आरक्षण के अनुसार कम से कम अनुसूचित जाति के चार एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छह सदस्य होने चाहिए, यानी कुल 10 सदस्य होने चाहिए, लेकिन कैबिनेट से पारित संसोधन बिल में कुल दो शिक्षकों पर ही मुहर लगी है, जबकि केजीएमयू में अब मेडिकल, दंत, पैरामेडिकल व नर्सिंग कुल चार संकाय हैं। चारों विभाग में प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसके लिए सत्ता पक्ष के अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्ग के कई मत्रियों, सांसद, विधायकों व उप मुख्यमंत्री की ओर से लिखित में अनुरोध भी किया गया, लेकिन राज्य सरकार द्वारा स्वीकार नहीं किया गया।

आरोपों के क्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि कार्य परिषद के लिए सदस्य कुलपति की ओर से नामित किए जाने हैं, अगर आरक्षित वर्ग के शिक्षकों के अधिकारों को सुरक्षित रखना है तो कार्य परिषद के सदस्य का चुनाव करने का अधिकार भी, अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के शिक्षकों को होना चाहिए।

### 10 वर्ष पूर्व तक कार्यपरिषद में थे चार शिक्षक

केजीएमयू अधिनियम में सन् 2003 में संसोधन अध्यादेश के माध्यम से मेडिकल संकाय तथा दंत संकाय से एक-एक एससी और ओबीसी कुल चार शिक्षकों को कार्य परिषद में आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामित किया गया था। उक्त क्रम में मेडिकल संकाय से डॉ. एसएन कुरील, डॉ. श्रद्धा सिंह, दंत संकाय से डॉ.हरिराम व डॉ. शादाब मोहम्मद 10-11 वर्षों तक कार्य परिषद में आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व करते थे। शिक्षकों का कहना है कि आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व होने से आरक्षित वर्ग के शिक्षकों के प्रमोशन व अन्य किसी कार्रवाई में सुनवाई का मौका मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. बृजेश चौहान बने एडी हेल्थ

**अयोध्या, अमृत विचार :** अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के पद शासन ने यहां डॉ.बृजेश कुमार सिंह चौहान को नियुक्त किया है। वह महानिदेशालय में अब तक संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा के पद पर कार्यरत रहे। बता दें कि अब तक श्रीराम चिकित्सालय के सीएमएस डॉ.वीके वर्मा को एडी हेल्थ का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

### मरम्मत के बाद हाईवे पर यातायात बहाल

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या-लखनऊ हाईवे के ओवरब्रिज पर धंसी सड़क की मरम्मत के बाद यातायात बहाल कर दिया गया। बता दें कि हाईवे के सहादतगंज स्थित ओवरब्रिज की एक लेन पर बारिश के दौरान सड़क धंस गई थी। एनएचएआई और कार्यदायी संस्था ने इसकी मरम्मत का काम शुरू किया। वाहनों का डायवर्जन सर्विस लेन पर कर दिया गया था। लगभग 36 घंटे की मरम्मत के बाद ओवरब्रिज से यातायात शनिवार की रात आठ बजे से चालू कर दिया गया। एनएचएआई के इंजीनियर उपेंद्र सिंह ने बताया कि हाइवे के ओवरब्रिज से यातायात चालू कर दिया गया।

### दो उप निरीक्षकों के स्थानांतरण पर दी विदाई

**बीकापुर, अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर में काफी समय से तैनात रहे उप निरीक्षक खुशाल प्रसाद और सत्यम अग्रवाल के स्थानांतरण के बाद रविवार को कोतवाली में विदाई समारोह आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज और सहयोगी स्टाफ द्वारा बीकापुर कोतवाली में तैनाती के दौरान दोनों उपनिरीक्षकों के कार्य व्यवहार की सराहना की। एसएसपी डौ गौरव ग्रोवर ने उप निरीक्षक खुशाल प्रसाद को कंघई कला चौकी व सत्यम अग्रवाल को हवाई पट्टी पुलिस चौकी का प्रभारी बनाया है।

### तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारों से गूंजा बाजार

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को रामबली नेशनल इंटर कॉलेज के प्रांगण से पूर्व विधायक व भाजपा नेता इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में लोग हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष कर रहे थे। जगह जगह यात्रा का स्वागत भी किया गया। पूर्व विधायक ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा जनहित, देशहित के लिए राष्ट्र को जागरूक करने का प्रयास है। यात्रा में प्रदीप जायसवाल, बजरंगी चौरसिया, विवेक सिंह, शेखर वर्मा, शिवकुमार, अशोक वर्मा, सियाराम वर्मा, प्रसूनलता, शशि शर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

### महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्यापीठ का 39 वां स्थापना दिवस मनाया

**अयोध्या, अमृत विचार :** कारसेवकपुरम में स्थित श्रीराम वेद विद्यालय में वैदिक संस्कृति व वेदों में निहित विज्ञान के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध संस्थान महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन का 39 वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया, जिसमें विद्यालय के वेद पठियों के द्वारा शुक्लयजुर्वेद और सामवेद का पारायण किया गया। इस दौरान विद्यालय के आचार्य मुख्य वक्ता नारद आचार्य ने बताया कि आधुनिक विषयों के साथ-साथ, छात्रों को हिंदू धर्मग्रंथ, वेद, उपनिषद, आयुर्वेद और संस्कृत भी पढ़ाई जाती है। महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद संस्कृत शिक्षा बोर्ड भारत में वैदिक शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के लिए पहला समर्पित बोर्ड है। प्राचार्य इन्द्रदेव, आचार्य दुर्गा प्रसाद, आचार्य मुकेश, आचार्य राहुल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव के लिए सीटें तय जिपं की 39 सीटों पर होगा मुकाबला

## परिसीमन में बने क्षेत्र पंचायत सदस्य के 969 और प्रधान के 772 वार्ड



## जिले में विभिन्न वार्डों के लिए आईं थीं कुल 54 आपत्तियां

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत के वार्डों की अंतिम सूची आपत्तियों के निस्तारण के बाद रविवार को जारी कर दी गई। निस्तारण में जिला पंचायत के वार्डों में जनसंख्या के भारी अंतर को कम करने की कोशिश की गई। अब जिले में जिला पंचायत के 39, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 969 और प्रधान पद के 722 वार्ड बनाए गए। इसी के साथ पंचायत चुनाव के लिए पदवार सीटों का खाका भी तैयार हो गया।

वार्डों के परिसीमन के बाद अनंतिम सूची 29 जुलाई को जारी की गई थी। इसके बाद इस पर आपत्तियां ली गई। जिले में विभिन्न वार्डों के लिए कुल 54 आपत्तियां विभिन्न श्रोतों से आई थी। इसके बाद इन आपत्तियों का निस्तारण पांच अगस्त तक किया गया।

जारी सूची के मुताबिक जिले में जिला पंचायत सदस्य के लिए एक वार्ड घटकर कुल 39 वार्ड रह गए, लेकिन मसौधा ब्लाक के लोग अपने ब्लाक की सीटों के साथ अब भी चार ब्लाकों की सीटों के लिए मतदान करेंगे। क्षेत्र पंचायतों के लिए 35 वार्ड घटकर संख्या 969 पर पहुंच गई। मसौधा ब्लाक क्षेत्र में जिला पंचायत का एक वार्ड कम हो गया। क्षेत्र पंचायत के वार्डों की कमी मसौधा, रुदौली और मवई में हुई है।

जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया कि नियमों के तहत आई आपत्तियों का निस्तारण कर दिया गया। त्रिस्तरीय पंचायत के वार्डों का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

### अब 44 से 56 हजार के बीच बनाए गए जिपं के वार्ड

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत के वार्डों के परिसीमन में जिला पंचायत के वार्डों की आबादी में भारी असंतुलन को दूर करने की कोशिश की गई। अब जिला पंचायत के वार्ड साढ़े 44 हजार से 56 हजार की आबादी पर बनाए गए। अनंतिम सूची जारी होने के बाद अमृत विचार ने वार्डों की आबादी में भारी असंतुलन का मुद्दा उठाया था। अंतिम सूची में प्रशासन ने इसे सुधारने की कोशिश की। जिला पंचायत के कुल 39 वार्ड बनाए गए हैं। जारी अनंतिम सूची में 17 वार्डों में आबादी 50 हजार से ज्यादा थी, लेकिन पांच वार्ड ऐसे थे कि उनमें आबादी केवल 40 से 45 हजार के बीच रही। साथ ही अन्य वार्डों में भी आबादी का असंतुलन इतना ज्यादा था कि इनमें जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को कहीं कम तो कहीं बहुत ज्यादा पसीना बहाना पड़ता। अमृत विचार के इस खुलासे के बाद हलचल मची। कई दिन तक कर्मचारियों को आबादी को संतुलित करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद क्षेत्र पंचायत के वार्डों को इधर से उधर काट और जोड़ कर संतुलित करने का प्रयास किया गया। 10 अगस्त को जारी अंतिम सूची में इस असंतुलन को दूर करने का प्रयास किया गया। इसे 45 से 55 हजार के बीच रखने की कोशिश की गई। खास बात यह है कि इससे कई ब्लाकों से काटे और जोड़े बीडीसी के वार्ड भी संतुलित हुए।


एक प्रत्याशी 56 पर तो दूसरा 40 हजार आबादी पर लड़ेगा चुनाव
जिला पंचायत के वार्डवार जनसंख्या के आंकड़े दिखा रहे आबादी का असंतुलन
वार्डों की आबादी पर एक नजर

- अब 15 वार्डों की आबादी 50 से ऊपर, 24 की 45 से 50 हजार के बीच
- अमृत विचार के खुलासे के बाद बदली वार्डवार आबादी की तस्वीर

◀ दो अगस्त को प्रकाशित समाचार की पीडीएफ।

**सर्वाधिक आबादी सोहावल प्रथम व सबसे कम रुदौली प्रथम में**

वार्डों के हिसाब से सबसे ज्यादा आबादी सोहावल प्रथम पर 56384 हो गई, जबकि रुदौली प्रथम की आबादी 44468 हो गई। यह पहले 47987 थी।

**ज्यादा फेरबदल रुदौली, मवई में, तारुन में यथावत**

जिला पंचायत वार्डवार आबादी को ठीक करने के लिए सबसे ज्यादा फेरबदल रुदौली और मवई में करना पड़ा। अन्य में मामूली फेरबदल हुई। तारुन में अनंतिम सूची की आबादी बरकरार रही।

# बिना शटडाउन के पोल पर भेजा करंट लगने से कर्मी की मौत

- पत्नी का आरोप, संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा दे पति से कराया जा रहा था काम

**मवई, अयोध्या**

**अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र के गेरौंडा गांव में पावर कॉर्पोरेशन की लापरवाही से एक प्राइवेट विद्युत कर्मी की मौत हो गई। यहां के रहने वाले मुस्तकीम अहमद (40) को बिना शटडाउन के 11 हजार वोल्ट के विद्युत पोल पर काम करने भेजा गया था। यह घटना शनिवार सुबह लगभग 7 बजे सराय अहमद गांव में विद्युत पोल काम करने के दौरान हुई।

ग्रामीण मुस्तकीम को सीएचसी रुदौली ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी नूरजहां ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि राजेश नामक व्यक्ति उनके पति को बिजली विभाग में संविदा पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर रोज बिजली की मरम्मत के लिए ले जाता था। घटना वाले दिन भी राजेश उन्हें सराय अहमद गांव ले गया, जहां बिना शटडाउन लिए उन्हें 11 हजार वोल्ट के पोल पर चढ़ा दिया। लाइन में विद्युत प्रवाह चालू होने के कारण मुस्तकीम करंट की चपेट में आ गए।

घटना के बाद आरोपी राजेश मौके से फरार हो गया। नूरजहां का आरोप है कि यह एक सोची-समझी साजिश थी। ग्रामीणों के मुताबिक मुस्तकीम के छह बच्चे हैं। पत्नी की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।


मृतक मुस्तकीम के घर पहुंचे रुदौली विधायक रामचंद्र यादव परिवार वालों से बातचीत करते हुए।

### विधायक ने दिया मदद का आश्वासन

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** घटना के बाद रविवार को क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव मुस्तकीम के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक रामचंद्र यादव ने एसडीएम को सरकारी लाभ दिलाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। सीओ आशीष निगम व पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव समेत कई थानों की फोर्स मौके पर तैनात रही।

## घर में दुपट्टे के सहारे लटका मिला किशोरी का शव

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायतनगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरेहटा मजरे दुर्गापुर में एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के कमरे में पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटका मिला। मृतका की पहचान मधु (17) पुत्री राजितराम के रूप में हुई। घटना शनिवार-रविवार रात करीब एक बजे की है। जानकारी होने पर परिवार के लोग उसे नीचे उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार मृतक किशोरी के परिवारीजनों ने पुलिस को एक युवक के खिलाफ तहरीर दी है, लेकिन पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने उक्त युवक को हिरासत में भी लिया है। इनायतनगर थाना प्रभारी रतन शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट होंगे।

# रामपथ से जुड़ेगा जमथरा घाट 10 मीटर चौड़ा होगा मार्ग

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** अयोध्या में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों को नई पहचान देते हुए पौराणिक स्थलों को आपस में जोड़ने और उनके विकास के लिए बड़े पैमाने पर परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में अब रामपथ को सीधे जमथरा घाट से जोड़ने की तैयारी तेज हो गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत मछली मंडी होते हुए जमथरा घाट तक मार्ग का निर्माण, चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। लोनिवि ने इस परियोजना के लिए 3600.00 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार कर शासन को भेजी थी, जो स्वीकृति हो गई है।

**सौंदर्यीकरण**

प्रस्तावित योजना के तहत 1.55 मीटर सड़क पर कार्य प्रस्तावित है। मौजूदा छह मीटर चौड़े मार्ग को 10 मीटर तक विस्तारित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य न केवल यातायात को सुगम बनाना है, बल्कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए इस मार्ग को आकर्षक और सुविधाजनक बनाना भी है। लोक निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया की इस परियोजना के लिए 3600.00 लाख रुपये की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। स्वीकृति मिल गई है। बजट अलॉटमेंट होने के बाद कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## जमीन विवाद में भाजपा नेता समेत पांच पर केस

**सोहावल, अमृत विचार:** रौनाही थाना पुलिस ने जमीन विवाद के एक मामले में भाजपा नेता मनीष तिवारी उर्फ बंटी सहित पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। तहरीर में अर्थर मजरे ख़महरिया निवासी मनीष सिंह ने आरोप लगाया कि हाल ही में एक जमीन खरीदी थी, जिसकी बैरीकेडिंग तहसील और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में कराई गई थी। आरोप है कि बीते दिनों देवराकोट निवासी मनीष तिवारी उर्फ बंटी, सत्यदेव, डेलुआभारी गांव निवासी सावित्री, अमरनाथ व उसकी पत्नी ने मिलकर बैरीकेडिंग तोड़ दी। थाना प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# संसद भवन में गूंजेगा सड़क धंसने व गद्दोपुर का मामला

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सहादतगंज में बने फ्लाईओवर की सड़क धंसने व रेलिंग क्रेक होने की सूचना पर शनिवार को सांसद व सपा नेता अवधेश प्रसाद ने निरीक्षण किया। सांसद ने एनएचएआई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। इसके बाद वह गद्दोपुर भी गए। पीड़ितों से मुलाकात की। सांसद ने कहा कि सोमवार को वह लोकसभा में दोनों मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। बताया कि फ्लाईओवर व लगभग 22 किलोमीटर सड़क निर्माण में लगभग 150 करोड रुपये खर्च हुए। निर्माण में हुए भ्रष्टाचार का नतीजा है कि छह महीने के अंदर ही सड़क धंसी और फ्लाईओवर की रेलिंग में दरार आ गई। इस दौरान सांसद ने जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से फोन पर बात कर सड़क का निर्माण जल्द से जल्द कराए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप, कुंवर बहादुर सिंह, छोटे लाल यादव समेत अन्य मौजूद रहे।


गद्दौपुर में पीड़ितों से मुलाकात करते सांसद अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

- एनएच 27 पर फ्लाईओवर की धंसी एक लेन का सांसद ने किया निरीक्षण

### रेल मंत्री से मिलकर बताई पीड़ितों की व्यथा

**अयोध्या, अमृत विचार :** सांसद अवधेश प्रसाद ने शनिवार को गद्दोपुर गांव पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि घर क्या मकान की एक ईंट भी नहीं गिरने दूंगा। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन से सलारपुर रेलवे स्टेशन तक मालगाड़ी आदि के लिए एक नई रेल लाइन प्रस्तावित है, जो गद्दोपुर गांव के बीच से निकल रही है। इसकी जद में करीब 200 घर आ रहे हैं। सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि वह इस मुद्दे को लोकसभा में उठाएंगे। बताया कि उन्होंने रेल मंत्री से मुलाकात की है और यह बातें उनके सामने रखी है। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे, सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव मौजूद रहे।

# झूला मेले में 50 लाख श्रद्धालुओं की आमद

**कार्यालय अयोध्या**

**अमृत विचार :** सावन शुक्ल पूर्णिमा स्नान के साथ रामनगरी में चल रहे सावन झूला मेला का भी समापन हो गया। मठ-मंदिरों में झूले पर बैठे भगवान पुनः अपने गर्भगृह में विराजमान हो गए हैं। बीते 30 दिनों से चल रहे सावन झूला मेले में लगभग 50 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। सरयू नदी में स्नान कर मठ मंदिरों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।

बीते 11 जुलाई से सावन झूला मेला की शुरुआत हुई थी। राम जन्मभूमि सहित अयोध्या के सभी मठ मंदिरों में झूलनोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मठ मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक आयोजन भी किए गए। अंतिम दिन शनिवार को सावन शुक्ल पूर्णिमा पर ब्रह्म मुहूर्त से सरयू नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। इस वर्ष पूर्णिमा की तिथि दो दिन रही और मान्यता के अनुरूप कुछ श्रद्धालु एक दिन पहले ही स्नान व दर्शन-पूजन कर लौट गए। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि एक महीने से चल रहे सावन मेला में आने वाले श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दर्शन पूजन किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। इस दौरान अयोध्या की स्वच्छता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारी लगातार कार्यरत रहे। लगभग 1 लाख से अधिक श्रद्धालु रोजाना राम मंदिर और अन्य मंदिरों में पहुंचे।


सावन झूला मेले के दौरान रामलला का दर्शन कर वापस आते श्रद्धालु।

## इग्नू में अग्निवीरों को स्नातक की डिग्री पाने का अवसर : प्रो. हिमांशु

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने जानकारी दी कि अब अग्निवीर सेना में अपनी सेवा के साथ-साथ स्नातक की डिग्री भी प्राप्त कर सकेंगे। इससे सेवा उपरांत उनकी रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इग्नू ने जुलाई 2025 सत्र से अग्निवीरों के लिए बीए, बीएससी और बीकॉम सहित कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा प्रदान की है। बीए के लिए विशेष रूप से तीन पाठ्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तय की गई है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा के अनुसार इग्नू ने तीनों रक्षा बलों के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है।

# जन्माष्टमी पर रामलला को लगाया जाएगा 1.5 क्विंटल पंजीरी का भोग

**अयोध्या कार्यालय**

अमृत विचारः भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में जन्माष्टमी मनाने की तैयारी की जा रही है। उसी तरह मर्यादा पुरुषोतम भगवान राम की नगरी में भी भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने की यहां के मठ-मंदिरों में तैयारियां की जा रही हैं। राम जन्मभूमि परिसर में इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी का खास स्वरूप दिखाई देगा। इसके साथ नगर में भी कई स्थानों पर भव्य पंडाल में आकर्षक झांकियां भी सजाई जा रही हैं।

रामनवमी के तर्ज पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने के लिए मंदिरों को रंग बिरंगी लाइट व फूलों से सजाई जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। 12 से अधिक स्थानों पर भी मूर्ति स्थापना और शोभा यात्रा निकाली जाएगी।



राम मंदिर में 16 अगस्त को रात 12 बजे कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। रामलला के गर्भगृह में भव्य झांकी का आयोजन होगा। डेढ़ क्विंटल पंजीरी और एक क्विंटल पंचामृत के साथ फल मिष्ठान भोग लगाया जाएगा। प्रसाद मौजूद सुरक्षाकर्मी व ट्रस्ट के लोगों को वितरित किया जाएगा। सुबह यह प्रसाद भक्तों को दिया जाएगा।

- 16 को जन्मभूमि समेत अन्य मंदिरों में मनाई जाएगी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने बताया कि जिस प्रकार से भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक आयोजनों के बीच संपन्न किया जाता रहा है ठीक उसी तरह श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव भी धूमधाम से मनाएंगे। मंदिरों में भगवान को तरह-तरह के व्यंजनों का भोग भी लगेगा।

## ब्रह्म मुहूर्त में रामलला को बांधी गई राखी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भाई-बहन के अटूट स्नेह का रक्षाबंधन पर्व शनिवार को उल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। ब्रह्म मुहुर्त में राम मंदिर में विराजमान रामलला को राखी बांधी गई। अन्य मंदिरों में भी भगवान के विग्रह को रक्षा सूत्र बांधा गया। रक्षाबंधन पर भाइयों ने परंपरा अनुसार बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उपहार देकर खुशियां सांझा की। राखी बंधवाने के बाद भाई बहनों ने सोशल मीडिया पर स्टेटस शेयर किया। इस अवसर पर घरों में तरह-तरह के व्यंजन भी बनाए गए। भाइयों को राखी बांधने के लिए बहुत सी बहनें मायके आईं। उधर सुबह श्रावण पूर्णिमा पर काफी संख्या में लोगों ने सरयू में स्नान के उपरांत दान भी किया। मंदिरों में पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के तमाम मोहल्लों में पर्व को लेकर काफी उत्साह रहा। इस दौरान आपसी सौहार्द की भी तस्वीरें सामने आईं। मां कामाख्या धाम गेस्ट हाउस पर बहन समीना खातून ने विधायक रामचंद्र यादव को राखी बांधी। विधायक ने उपहार के साथ आशीर्वाद भी दिया। गोसाईगंज की कटरा निवासी शहनाज़ बानो, तेलियागढ़ की कजीना बानो और शहीदवारी की जैनब खातून ने समाजसेवी हनुमान सोनी को रक्षा सूत्र बांधा।



**बदलाव** | पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष की ओर से निर्देश जारी

# नहीं कटेगी गांव की बिजली, अधिकारी व कर्मी उठाएंगे फोन

**अयोध्या कार्यालय,**

**अमृत विचार :** पावर कॉर्पोरेशन के अफसरों की लापरवाही को लेकर नाराज ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के तेवर अब सख्त हो गए हैं। ऊर्जा मंत्री की नाराजगी के बाद पावर कॉर्पोरेशन की वर्तमान व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए सभी मुख्य अभियंता वितरण को अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके तहत गांव में कुछ लोगों की बिल बकायेदारी पर पूरे गांव की बिजली नहीं कटेगी और अधिकारियों व कार्मिकों को उपभोक्ताओं की कॉल रिसीव करनी होगी।



- सभी मुख्य अभियंता को कड़ाई से पालन के लिए कहा गया

गाइडलाइन में कहा गया है कि कतिपय प्रकरणों में देखा जा रहा है कि किसी ग्राम में कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा न किये जाने पर पूरे ग्राम की आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। ऐसे विद्युत उपभोक्ताओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जो अपना बिल नियमित रूप से जमा करते है। अतः ऐसी स्थिति में विद्युत बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं पर ही कार्रवाई की जाए। उपभोक्ताओं को सही विद्युत बिल निर्गत किये जाये तथा बिल संशोधन प्राथमिकता पर किए जाए।

### प्लांड शटडाउन के कार्य सामान्य रोस्टिंग में कराएं

गाइडलाइन में कहा गया है कि यथा सम्भव प्लान्ड शटडाउन के कार्य सामान्य रोस्टिंग में करा लिए जाए। यदि अति आवश्यक है तो प्लान्ड शटडाउन दिन में एक अथवा दो बार ही लिए जाएं। बार-बार शट डाउन न लिए जाएं।

### शालीनता से हो उपभोक्ताओं से संवाद

वितरण क्षेत्र के अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा उपभोक्ताओं की फोन कॉल रिसीव की जाएं एवं उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर निस्तारित करायी जाये। उपभोक्ताओं से दूरभाष पर शालीनतापूर्वक संवाद किया जाए।

“पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष द्वारा नई गाइडलाइन के पालन के लिए सभी को सर्कुलर जारी किया गया है। इसकी मैं स्वयं मानीटरिंग कर रहा हूं। यदि कहीं उल्लंघन होता है तो संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। - **अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता वितरण, अयोध्या मंडल**”

न्यूज ब्रीफ

### एक वर्ष पूर्व बनी सड़क धंसी, आवागमन बाधित

**मवई, अमृत विचार :** मवई ब्लाक क्षेत्र के जैसुखपुर -गड़रिया पुरवा संपर्क मार्ग पर सुल्तानपुर शाखा बाराबंकी सिंचाई विभाग से शारदा सहायक नहर की पटरी पर लगभग एक वर्ष पूर्व सड़क का डामरीकरण कराया गया, लेकिन सड़क जगह-जगह धंसने लगी। एक दो जगह सड़क आधी से ज्यादा धंस गई है। आवागमन बाधित है। स्थानीय निवासी तौहीद अहमद, अजय कुमार ने बताया कि सड़क निर्माण के समय ठेकेदार मानक की अनदेखी की गई है। पहले बरसात में ही जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे, अब तो आधी से ज्यादा सड़क धंस गई है। लोग चोटिल हो चुके हैं। कहा कि डस्ट की जगह बालू डाली गई। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता बाराबंकी अशोक सक्सेना ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है एक-दो दिन में स्वयं जाकर देखता हूं, और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

### पूर्व सांसद फूलन देवी की जयंती मनाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके महानगर अध्यक्ष शाम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामीद जाफर मीसम व पार्टी के पदाधिकारी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको नमन किया। श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा फूलन देवी का जन्म 10 अगस्त 1963 को उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव में मल्लाह परिवार में हुआ था इन्होंने अपने ऊपर हुए जुल्म और अत्याचार के खिलाफ डटकर सामना किया था 1994 में नेताजी ने उनके ऊपर लगे जुल्म अत्याचार के खिलाफ सारे मुकदमे वापस लेकर उनको संसद तक पहुंचाने का काम किया।

# जर्जर भवनों की सूची में चार वर्ष पहले बने विद्यालय भी शामिल

## बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी की गई 267 जर्जर परिषदीय विद्यालयों की सूची ■ स्कूलों के सत्यापन के लिए तीन विभागों की टीम गठित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पांच साल बाद फिर जनपद के जर्जर परिषदीय विद्यालयों की सूची जारी की गई है। 25 जुलाई 2025 को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी सूची में 1960 और 62 के ही नहीं 2021-22 तक में बने स्कूलों की बिल्डिंगें शामिल हैं। कई स्कूल तो 2021 और 24 तक में निर्मित किए गए इस सूची की शोभा बढ़ा रहे हैं। हैरत की बात है कि चार और पांच साल पहले बनाए गए स्कूलों के भवन इस सूची में कैसे आ गए। गौरतलब है कि जर्जर भवनों की कवायद वर्ष 2020 से चल रही है। अब इनके सत्यापन के लिए विभाग ने तीन विभागों के कंधों का सहारा लिया है। जनपद के परिषदीय विद्यालयों का पठन-पाठन से लेकर रखरखाव तक में बुरा हाल है। कुल 1792 परिषदीय विद्यालयों में 267 को जर्जर बताया गया है। इस सूची को गौर से देखा जाए तो चौंकाने वाली बात सामने आती है। इन 267 परिषदीय विद्यालयों में से 75 स्कूल तो 1960 और 62 के दिखाए गए हैं लेकिन 1992 से लेकर 2021 और 2022 में निर्मित 60 से अधिक स्कूलों को सूची में दर्ज किया गया। शेष परिषदीय विद्यालय विभिन्न वर्षों के दर्ज दिखाए गए हैं। गंभीर बात यह है कि 1992 और 2021 में बने स्कूलों के भवन महज 30 और चार साल में कैसे जर्जर हो गए। या तो निर्माण गुणवत्ता विहीन था या फिर रखरखाव में इन स्कूलों की अनदेखी की गई। विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि जर्जर स्कूलों के ध्वस्तीकरण की कवायद 2020 से चल रही है। विभाग द्वारा जारी विभिन्न आदेशों में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के लिए आदेश दिये जाते रहे हैं। जिसमें विद्यालयों के ध्वस्तीकरण के संस्तुति सम्बंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु कहा गया है। वर्तमान में नये सिरे से चिन्हित 267 परिषदीय विद्यालयों की सूची खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने उपलब्ध कराई है।



मवई के छोटी बनी का जर्जर प्राथमिक विद्यालय। अमृत विचार

- 2020 से चल रहा जर्जर स्कूलों को ढहाए जाने का खेल

### यह तकनीकी समिति गई है बनाई

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जर्जर भवनों के सत्यापन के लिए अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, (सेवा) और सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई की तीन सदस्यीय तकनीकी समिति बनाई गई है। समिति से कहा गया है कि नवीन चिन्हित 267 परिषदीय विद्यालयों के संबंध में ध्वस्तीकरण के लिए संस्तुति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे ऐसे विद्यालयों के संबंध में नियमानुसार आवश्यक निर्णय जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त लिया जा सके।

“खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा नए जर्जर भवनों की सूची उपलब्ध कराई गई है। उसी के संबंध में तकनीकी समिति का गठन किया गया है। समिति यह भी देखेगी कि अल्प समय में कैसे कुछ परिषदीय विद्यालय जर्जर हो गए। - **अश्वनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी बीएसए**”

# कुख्यात अपराधी राजा छह माह के लिए जिला बदर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस की संस्तुति पर अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय ने थाना कैंट के ग्राम ताजपुर कोड़रा निवासी कुख्यात अपराधी राजा उर्फ अरबाज को छह माह के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया है। शनिवार को पुलिस ने उसके घर व गांव में डुग्गी पिटवाकर गांववालों को सूचना दी।

थाना कैंट पुलिस ने अपराधी राजा उर्फ अरबाज के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। आरोपी के गांव पहुंची पुलिस ने गांव में डुग्गी पिटवाकर मुनादी करवाई व गांव वालों से अपील की कि यदि छह माह के अंदर वह गांव या जिले में दिखाई पड़ता है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। थाना प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि कुख्यात राजा एक अभ्यस्त अपराधी है, उसका गांव ही नहीं आसपास के क्षेत्रों में आतंक है। उसके खिलाफ रंगदारी वसूलने, लूट, जानलेवा समेत अन्य गंभीर मामलों में आठ मुकदमें दर्ज हैं।

### चार और अपराधियों की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

**अयोध्या।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जिले के अलग-अलग थानों के चार और अपराधियों को दुराचारी घोषित करते हुए उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने के निर्देश दिए हैं। इनमें कोतवाली बीकापुर के शातिर अपराधी चांद बाबू निवासी मियागंज शंकरपुर, नितिन मिश्रा निवासी पांडेय का पुरवा रामनगर कोतवाली बीकापुर, शुभम पाठक निवासी खिरई का पुरवा खड़भड़िया थाना इनायतनगर, शिवम विश्वकर्मा निवासी बेलवारी खान थाना गोसाईगंज शामिल है।

# आईटी मंत्री ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश पर कसा तंज

**अयोध्या, अमृत विचार:** प्रदेश के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक मंत्री सुनील कुमार शर्मा रविवार को परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। मस्जिद में हुए डिंपल यादव के कथित अपमान का जिक्र करते हुए मंत्री शर्मा ने कहा कि एक नारी का अपमान हुआ, जो उनकी पत्नी भी हैं। उनका इस मामले पर चुप रहना बेहद निराशाजनक है। यह साफ दर्शाता है कि अखिलेश यादव मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव का रवैया जनता देख रही है। जब अपनी पत्नी के सम्मान की रक्षा नहीं कर सके, तो बाकी महिलाओं के सम्मान के लिए क्या करेंगे? 2027 के चुनाव को लेकर मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रहमारे पास इतना मजबूत नेतृत्व है कि हम किसी भी समय चुनाव में उतर सकते हैं। सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि अयोध्या में विकास कार्य न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ाएंगे बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देंगे।

- पत्नी के सम्मान की रक्षा कर नहीं सके बाकी के लिए क्या करेंगे

# ग्रामीणों ने रात में घेरा विद्युत उपकेंद्र

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार:** कई दिन से फुंका ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया। लोगों ने शुक्रवार की रात तारुन विद्युत उपकेंद्र को घेर लिया। ग्रामीणों ने जेई सहित लाइन मैन के खिलाफ नारेबाजी की। मामले में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

उपकेंद्र के बेलगरा फीडर के तहत सराय शेख महमूद गांव में लगा 25 केवीए ट्रांसफार्मर चार अगस्त की रात में जल उठा। इससे प्रभावित 25 घरों के उपभोक्ताओं ने सूचना विद्युत उपकेंद्र तारुन के अवर अभियंता रंजीत कुमार से की। तब जेई ने तीन दिन बाद जले ट्रांसफार्मर को बदलवाया, लेकिन 24 घंटे के भीतर ही वह भी जल उठा। लगभग एक हजार की आबादी अंधेरे में रहने को विवश है। शुक्रवार की रात 11 बजे के करीब प्रभावित उपभोक्ता नाराज हो गए। उन्होंने उपकेंद्र पहुंचकर यहां के कर्मचारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। थानाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी के हस्तक्षेप पर घंटे चले उपभोक्ताओं से मान मनौव्वल के बाद एसडीओ संदीप यादव से वार्ता करने के बाद उनके आश्वासन पर प्रदर्शनकारी ग्रामीण अपने घर गए। अजीत पाठक, प्रवेश कसौधन, मीना सिंह, मुन्ना, नन्हे कसौधन, अरुण सहित सैकड़ों ग्रामीणों का आरोप है कि उपकेंद्र के अवर अभियंता रंजीत मनमाना रवैया अपनाते हैं। शनिवार को ग्रामीणों ने जेई की शिकायत दूरभाष से डीएम से की। इसके पूर्व भी किछूटी किशुनदासपुर मजरे मिश्राने और रामपुर अहिरौली अंतर्गत जबर सिंह का पुरवा और गोसाई का पुरवा के लोग एक महीने के लगभग अंधेरे में रहे। उस समय भी उपकेंद्र का घेराव करना पड़ा था।


उपकेंद्र का घेराव करते ग्रामीण व मौजूद पुलिस।

# अग्निवीर भर्ती : सुलतानपुर व बस्ती के युवाओं ने लगाई दौड़


दौड़ में भाग लेते सुलतानपुर व बस्ती के अभ्यर्थी।

**अयोध्या कार्यालय अमृत विचार:** एआरओ अमेठी के तत्वावधान में यहां डोगरा रेजीमेन्टल सेन्टर के भर्ती ग्राउन्ड पर चल रही अग्नवीर भर्ती रैली के छठे दिन रविवार को सुलतानपुर व बस्ती जिले के अभ्यर्थियों की जनरल ड्यूटी पद के लिए भर्ती परीक्षा हुई। भर्ती के लिए सीईई परीक्षा में सफल रहे 1233 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था, उनमें से 1072 अभ्यर्थी शामिल हुए। अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा में 1.6 किलोमीटर दौड़, जिग-जैग बैलेन्स, डिच जंप व चिन-अप्स के जरिए योग्यता परीक्षण किया गया। इसके बाद हुए शारीरिक माप व दस्तावेज सत्यापन में सफल रहे अभ्यर्थियों को मेडिकल परीक्षण के लिए चयनित किया गया।



देवा पब्लिक स्कूल में छात्रों को राखी बांधतीं छात्राएं।

### फ्लैग मेकिंग में प्रज्ञा व बैच मेंकिंग में साध्वी रहीं प्रथम

**मसौधा, अमृत विचार :** देवा इंटर कॉलेज व देवा पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन पर्व के साथ स्वतंत्रता दिवस व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छात्रों को राखी बाधी । फ्लैग मेकिंग में कक्षा यूकेजी की छात्रा प्रज्ञा, बैच मेकिंग में कक्षा दो बी की छात्रा साध्वी पाण्डेय, बैंड मेकिंग में कक्षा एक की छात्रा आर्या, कैप मेकिंग में कक्षा चार ए के वेदांत सिंह, सैश मेकिंग में कक्षा 5 ए के यश, राखी मेकिंग में कक्षा 3 बी की छात्रा जुनैरा रहमान, निबंध लेखन प्रतियोगिता में कक्षा 12 ए की शिवांशी सिंह प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम में विद्यालय कोऑर्डिनेटर रीतू त्रिपाठी, शिक्षिका ऐश्वर्या दूबे, मोनिका, सुमन दूबे व शिक्षक कमलेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

### कांग्रेस प्रेस क्लब से आज निकलेगी जय हिंद यात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार:** अगस्त क्रांति दिवस की ऐतिहासिक स्मृति में कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में अगस्त क्रांति के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा अगस्त क्रांति ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को निर्णायक मोड़ दिया था। आज के दिन हमें उन वीर सपूतों को नमन करना चाहिए। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि अगस्त क्रांति हमें निरंतर संघर्ष, बलिदान और एकजुटता का संदेश देता है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अगस्त क्रांति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का वह निर्णायक चरण था, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी और देश में आज़ादी की अलख को तेज़ किया। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि कांग्रेस पार्टी 11 अगस्त को अगस्त क्रांति के शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में जय हिंद यात्रा निकालेगी। यात्रा प्रेस क्लब से शुरू होकर कचहरी के सामने स्थित शहीद पार्क पर समाप्त होगी।


अवध विवि के सेंट्रल बैंक के संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण करते वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रतीक भारद्वाज

### अवध विवि ब्रांच में मनी सोराबजी पोचखानावाला की जयंती

**अयोध्या, अमृत विचार:** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अवध विश्वविद्यालय के ब्रांच में संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की जयंती मनाई गई। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रतीक भारद्वाज ने बैक कर्मियों के साथ सोराबजी पोचखानावाला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम में शाखा उप प्रबंधक हेमलता, अमरजीत सिंह, आरपी यादव, सुधीर त्रिपाठी, कृष्ण चन्द्र यादव ने ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने का संकल्प लिया।


सरयू घाट पर मौजूद श्रीराम वेद विद्यालय के छात्र और आचार्य। ● अमृत विचार

# वेदों को अक्षुण्य बनाये रखने को लिया संकल्प

**अयोध्या, अमृत विचार:** सावन शुक्ल पूर्णिमा पर श्रीराम वेद विद्यालय के आचार्य व वेद पाठियों ने वेदों की श्रुति परम्परा को अक्षुण्य रखने व स्वाध्याय करने का संकल्प दशविधि स्नान करने के पश्चात लिया। दूसरी तरफ मणिरामदास छावनी में वेदपाठी छात्रों के द्वारा रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया। इस दौरान मंत्र उच्चारण कर भगवान के समक्ष रक्षा सूत्र समर्पित किया गया। कार्यक्रम में तिवारी मंदिर के महंत व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महंत श्यामशंकर, प्राचार्य इन्द्रदेव मिश्र, आचार्य दुर्गा प्रसाद, आचार्य नारद, आचार्य उमेश, आचार्य राहुल उपस्थिति रहे।

# 63 प्रतिभागियों ने किया योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन

कुमारगंज अयोध्या।

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में योगासन स्पोर्ट्स एलाइंस एसोसिएशन द्वारा रविवार को प्रथम अयोध्या जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस में जिले के विभिन्न स्कूलों और महाविद्यालयों के 63 प्रतिभागियों ने अलग-अलग आयु वर्ग में भाग लेकर योग का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के रेफरी के निर्देशन में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद विजेताओं की घोषणा की गई। कुलपति कर्नल बिजेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी व 22 से 23 अगस्त को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

प्रतियोगिता में 8 से 10 वर्ष पुरुष वर्ग में आरयेंद्र प्रथम, जिज्ञांश सिंह द्वितीय, गार्विक सिंह एवं अली तृतीय स्थान पर रहे। इसी ग्रुप के महिला वर्ग में अन्वी पाठक प्रथम, अश्विका सिंह एवं रजनी द्वितीय तथा प्रांजल यादव तृतीय स्थान पर रहीं। 10 से 12 पुरुष वर्ग में आनंद कुमार वर्मा प्रथम, कुशाग्र मिश्रा द्वितीय एवं नबील अहमद तृतीय स्थान पर रहे। इसी ग्रुप की महिला वर्ग में संस्कृति गोस्वामी प्रथम, आर्यमा चौधरी द्वितीय एवं आकृति वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। 12 से 14 पुरुष वर्ग में पूर्णेश सिंह प्रथम, उत्तम भारती द्वितीय, अंशुमान पांडे तथा नरेंद्र तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में आराध्या पांडे प्रथम, दिविषा द्वितीय एवं अनुप्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। 14 से 16 महिला वर्ग में आदिति सिंह प्रथम, उम्मे हबीबा द्वितीय एवं कृति वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। महिला वर्ग में दीपांशी वर्मा प्रथम रहीं। 18 से 21 पुरुष वर्ग में सुशांत पांडे प्रथम, शुभम पाल एवं संतोष कुमार द्वितीय तथा हर्ष यादव तृतीय स्थान पर रहे।

चैंपियनशिप का संयोजन योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. रितु मेहता, डॉ. देव नारायण, अभिषेक सिंह में हुआ।


कृषि विवि में आयोजित योग प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

- अयोध्या में प्रथम जिला योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन
- विजेता करेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग

रक्षाबंधन पर्व

महिलाओं ने सहयात्री के साथ की रोडवेज में नि :शुल्क यात्रा

# बहनें बोलीं, थैंक्यू सीएम साहब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रक्षाबंधन पर्व पर परिवहन निगम द्वारा बहन व उनके साथ एक सहयात्री को निशुल्क यात्रा की सौगात दी गई थी, जिसका रामनगरी की बहनों ने जमकर लाभ उठाया। इस योजना के तहत हजारों बहनें अपने भाइयों के घर राखी बांधने के लिए आसानी से पहुंच सकीं। इस पहल के लिए बहनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और परिवहन विभाग का हृदय से आभार व्यक्त किया।

रक्षाबंधन के अवसर पर परिवहन निगम ने हर साल की तरह इस बार भी महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की। इस योजना के अंतर्गत बहनें अपने एक सहयात्री के साथ निगम की साधारण, एसी और वॉल्वो बसों में निशुल्क यात्रा कर सकीं। अयोध्या में इस सुविधा का व्यापक असर देखने को मिला, जहां स्थानीय बस अड्डों पर सुबह से ही बहनों की भारी भीड़ देखी गई। कई बहनें अपने भाइयों के घर जाने के लिए लंबी दूरी की यात्रा पर निकलीं तो कुछ ने आसपास के जिलों में अपने सगे-संबंधियों से मिलने का अवसर प्राप्त किया।

अयोध्या आकर अपने भाई को रखी बांधने के बाद रविवार को एसी जनरथ बस से वापस लौट रही सुलतानपुर की रजनी, ऋतु, प्रतापगढ़ की साक्षी, तन्वी, लतिका व प्रयागराज की कुसुम व संध्या ने बताया कि वह साधारण सेवा की बस से अयोध्या आई थी। अब लौट रही हैं। कहा कि एसी बस होने के कारण लगा शायद किराया देना पड़ेगा, लेकिन परिचालक ने जीरो बैलेंस का टिकट काटा। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कदम हम बहनों के लिए बहुत बड़ा उपहार है। मुफ्त यात्रा की वजह से हम बिना किसी आर्थिक बोझ के अपने भाइयों से मिल सके। वहीं, प्रयागराज से अयोध्या आईं राधिका, आस्था, खुशबू व पल्लवी वापसी के दौरान एसी बस में सवार थीं। कहा कि इस योजना ने उनकी यात्रा को सुगम और किफायती बनाया।


रक्षाबंधन के पावन अवसर पर रोडवेज बस पर नि :शुल्क यात्रा करती बहनें।

# विद्यालय में राखी प्रतियोगिता का आयोजन



- धूमधाम से मनाया रक्षाबंधन पर्व
- रमन हाउस को प्रथम व सुभाष हाउस द्वितीय स्थान पर रहा

◀ छात्रों को राखी बाधतीं छात्राएं।

रामपुरभगन अयोध्या

**अमृत विचार:** राहुल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज प्रांगण में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। बहनों ने भाई को राखी बांधी, भाइयों ने भी उन्हें उपहार दिया।

छात्र-छात्राओं के बीच राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राखी बनाना सीखा। प्रतियोगिता में रमन हाउस को प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, लक्ष्मी हाउस को तृतीय और टैगोर हाउस को चौथा स्थान प्राप्त हुआ। बच्चों ने बड़े ही उत्साह से रक्षा सूत्र तैयार किया। रंग बिरंगी और आकर्षक राखियों को तैयार करने के बाद स्कूल की छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी। प्रबंधक विनय सिंह ने बच्चों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कहा कि हर भाई बहन को चाहिए कि इस पर्व को एक दिन का पर्व न बनाकर हमेशा एक दूसरे के सुख दुःख में साथ निभाने का वादा करना चाहिए। राखी के धागे की पवित्रता को बनाए रखना होगा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अनिल पांडेय, रेखा तिवारी, प्रज्ञा पांडे, पिंकू शर्मा सहित सभी अध्यापक और अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# खतरे के निशान से ऊपर सरयू, जलस्तर घटा

## भोजन, चारे के साथ दैनिक जीवनचर्या प्रभावित | कई गांवों के लोगों के लिए स्टीमर व नाव बनी सहारा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** सरयू के बाढ़ से कछार में असहज स्थिति बनी हुई है। सरयू का जल स्तर उतार की ओर है, लेकिन अभी भी खतरे के निशान से 42 सेमी ऊपर है। पूरे कछार में दूर तक केवल पानी दिखाई देता है। बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन, चारे के साथ आना जाना मुश्किल हो गया है। स्टीमर और नाव से जान जोखिम में डालकर जाने की मजबूरी है।

सरयू का जलस्तर घटने से शहर से सटे गुप्तारघाट, अयोध्या में पानी थोड़ा नीचे गया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कछार में सरयू का कहर जारी है। रुदौली के कैथी सहित अन्य गांवों में, सोहावल के मांझा कला और सदर के मूड़ाडीहा सहित अन्य क्षेत्रों में केवल जल ही जल दिखाई पड़ता है। रुदौली में भोजन किट का वितरण किया गया तो रुदौली और सोहावल में जानवरों के चारे के लिए भूसे का वितरण प्रशासन की ओर से बांटा गया।



नदी पार करने के लिए तट पर स्टीमर का इंतजार करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### प्रकृति के भीषण प्रकोप का सामना कर रहे कैथी मांझा के वाशिंदे


**शुजागंज, अमृत विचार :** रुदौली के तराई क्षेत्रों में सरयू नदी का कहर जारी है। लगभग 200 परिवार बाढ़ की चपेट में है। रुदौली के अब्बुपुर, मुजेहना, सरायनासिर, सल्लाहपुर, कैथी मांझा, महंगू का पुरवा, कैथी सहित दर्जनों गांव में जलभराव है। कैथी मांझा के लोग बाढ़ के साथ ही बारिश के जलजमाव का सामना कर रहे हैं। रविवार को तहसीलदार विजय गुप्ता ने कैथी मांझा गांव में 140 क्विंटल भूसे का वितरण कराया। कैथी मांझा के गुरुदत्त यादव, बाबूराम, नन्हे, तुलसीराम, राजस, ने बताया कि गांव में सभी घरों में जलभराव हो गया है। नाव से लोगों को रौनाही तटबंध तक पहुंचाया जा रहा है। कैथी मांझा निवासी राम बहादुर यादव ने बताया कि जलभराव के कारण पशुओं के लिए चारे का प्रबंध करना मुश्किल हो रहा है। उपजिलाधिकारी रूदौली विकासधर दुबे प्रभावित गांवों का दौरा कर रहे हैं। संडरी गांव के पीड़ितों के लिए राहत सामग्री व अन्य जरूरी चीजें उपलब्ध करवा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि बचाव व राहत कार्य में कर्मचारियों को लगाया गया। चार नाव की व्यवस्था की गई है। लेखपाल नकछेद भारती ने बताया कि रविवार को सरयू का जलस्तर कम हुआ है। उपनिरीक्षक अनिल यादव भी मौजूद रहे।

### बाढ़ क्षेत्र में हैंडपंप देने लगे दूषित पानी, पीना मजबूरी

**पूराबाजार, अमृत विचार :** जलस्तर उतार की ओर है, लेकिन बाढ़ पीड़ितों की दुश्वारियां यथावत हैं। जानवरों के चारे का संकट है। बाढ़ पीड़ितों का कहना है कि नाव लगाई गई है, लेकिन अपेक्षित मदद अभी नहीं मिल पाई। मूड़ाडीहा माझा के सलेमपुर के राम भारत निषाद, बृजा निषाद, राम मनोहर यादव, वीरा निषाद, ठाकुर प्रसाद निषाद, अरुण यादव, केशव राम निषाद, राम शंकर यादव, पूर्णमासी यादव, तुलसीदास, राम अवतार ने बताया कि बाढ़ का पानी तो थम गया लेकिन अब परेशानियां और बढ़ गई है। जलभराव के चलते हैंड पंप दूषित पानी दे रहे हैं। उसी को पीना पड़ रहा है। चारे की व्यवस्था नहीं है। सबसे खराब हाल रामपुर पुवारी माझा के मदराही गांव का है। गांव को जाने वाली सड़क कट गई, गांव और घरों में पानी है। प्रधान रमेश निषाद कहते हैं कि जानवरों के चारे के लिए रखा भूसा पानी में भीग गया।

### शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त की मूर्ति

**अंबेडकरनगर :** जहांगीरगंज के नवागांव में गांव के बाहर स्थित डीह काली की मूर्ति को शरारती तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। गांव के जिम्मेदार लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय प्रताप यादव अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पूरी स्थिति का जायजा लिया। हालांकि किसी ने इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी, फिर भी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। थानाध्यक्ष ने तत्काल मिस्त्री और मजदूर बुलवाए और सीमेंट और गिट्टी मंगवाकर मूर्ति की मरम्मत करवा दी है। थानाध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने ने आश्वासन दिया कि इस घटना के दोषियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी। घटना की जानकारी मिलते ही बसपा नेता जयप्रकाश मौर्य और समाजसेवी रमेश मौर्य भी मौके पर पहुंच गए।



अशफाक उल्ला खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रबंध निदेशक सूर्यकांत पांडेय व अन्य।

### काकोरी एक्शन के 3 शहीदों को भुला दिया: सूर्यकांत

**अयोध्या, अमृत विचार :** अशफाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने कहा कि जिला प्रशासन ने काकोरी एक्शन का शताब्दी दिवस मनाने में अशफाक उल्ला खां के अलावा अन्य तीन शहीदों को भुला दिया। कहा कि प्रशासन ने केवल शहीद कक्ष जिला जेल तक अपने को सीमित कर लिया। उन्होंने काकोरी एक्शन शताब्दी दिवस पर जिला जेल स्थित अशफाक उल्ला खां की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद शहीद उद्यान में स्थापित काकोरी के तीनों अन्य शहीदों राम प्रसाद बिस्मिल, रोशन सिंह तथा राजेन्द्र लाहिड़ी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कहा कि जिला प्रशासन ने इन लोगों की उपेक्षा की। संस्थान के अध्यक्ष ज़फ़र इक़बाल, कोषाध्यक्ष अब्दुल रहमान भोलू, विकास सोनकर, इरफान, सलीम, रोहित कोरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महीने भर बाद भी नहीं लिखी दादी-पोती की मौत की रिपोर्ट

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के बाबू कल्याण सिंह वार्ड मोहल्ला वजीरगंज में स्ट्रीट लाइट में उतरे करंट की चपेट में आई दादी और पोती की मौत की रिपोर्ट महीने भर बाद भी नहीं लिखी गई। अब एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक रुदौली को रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया है।

कोतवाली रुदौली के मोहल्ला वजीरगंज निवासी खिरपत राजपूत के घर के पास इंटरलॉकिंग मार्ग पर लगे स्ट्रीट लाइट की चपेट में आने से नौ जुलाई की सुबह 10 बजे पत्नी सम्पता और पौत्री लाडो उर्फ प्रतिज्ञा की मौत हो गई। मौत पर विद्युत विभाग और पालिका की लापरवाही को लेकर विवाद खड़ा हो गया। खिरपत ने घटना के बाद कोतवाली में विद्युत विभाग की लापरवाही से मौत होने की तहरीर दी। उपकेंद्र रुदौली के अवर अभियंता अमरदीप श्रीवास्तव ने स्ट्रीट लाइट नगर पालिका की होने पर उसे जिम्मेदार बताया। विभागों की पंचायत हुई। बैठक में विधायक राम चंद्र यादव ने मृतक के परिजन को सहायता दिए जाने का निर्देश दिया था। माह भर बाद भी रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई तो एसडीएम को पत्र देकर केस दर्ज कराने की मांग खिरपत ने की थी। उपजिलाधिकारी विकास धर दुबे ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।

### बदली तहरीर से पुलिस भी असहज स्थिति में

कोतवाली रुदौली में बदली तहरीर में सास और पोती की मौत के मामले में नई तहरीर मिलने से पुलिस के सामने असहज स्थित पैदा हो गई हैं। 10 अगस्त को दी तहरीर में खिरपत ने स्ट्रीट लाइट की देखभाल की जिम्मेदारी नगरपालिका अध्यक्ष व नगरपालिका अधिकारी रुदौली की बताई। पत्नी और पौत्री की मौत में अधिशासी अधिकारी, अध्यक्ष नगर पालिका, अधिकारी डूडा और विद्युत विभाग को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि स्ट्रीट लाइट की देखरेख अध्यक्ष और ईओ नगर पालिका करते हैं। हम बार-बार नगरपालिका जाकर बताते रहे कि करंट उतरता है लेकिन मेरी बातों को सभी अधिकारी-कर्मचारी अनसुनी करते रहे। कोतवाल संजय ने बताया कि जिले पर आए हैं। तहरीर दिए जाने की जानकारी मिली है। तहरीर की जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



### प्रभावितों के साथ मनाया रक्षाबंधन

**पूराबाजार, अमृत विचार :** ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह ने बाढ़ प्रभावित परिवार के लोगों और बच्चों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। मिठाई व त्यौहार मनाने के लिए नकद आर्थिक सहायता प्रदान की। दशरथ समाधि स्तल पर बनाए गए बाढ़ शरणालय में पालीथिन के घरों में रहने वाले बाढ़ पीड़ितों के बीच उन्होंने पीड़ित परिवारों संग खुशियां बांटी।



कैथी मांझा गांव व परसैया के बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री बांटते विधायक रामचंद्र यादव एसडीएम विकास धर दुबे।

### बाढ़ पीड़ित 100 परिवारों को बांटी राहत सामाग्री

**शुजागंज।** शनिवार को रौनाही तटबन्ध पर विधायक रामचंद्र यादव व उपजिलाधिकारी विकास धर दुबे ने कैथी मांझा व परसैया के प्रभावित सौ परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने पशुपालकों भूसा उपलब्ध कराएं जाने का निर्देश दिया। तहसीलदार विजय गुप्ता, गन्ना समिति के चैयरमेन निर्मल शर्मा, राजस्व निरीक्षक अनिल यादव, समाज सेवी संतोष यादव, राकेश यादव, अभिमन्यु यादव, शिवानंद, शुजागंज चौकी प्रभारी शंकर यादव, मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### चोरों ने लाखों रुपये का सामान किया पार

**अंबेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र रामपुर चांडी डीहा गांव में घर के पीछे से छत पर चढ़कर नगदी सहित लाखों रुपये के सोने-चांदी की जेवरात पार कर दिया। बता दें कि रवीन्द्र कुमार यादव रामपुर चाडिड़ीहांए के घर में रात्रि में कुछ अज्ञात चोरों ने घर के पीछे से छत पर चढ़कर तथा सीढ़ी के रास्ते घर में घुस कर नकदी व जेवर चुरा ले गए। एक बाक्स घर के पीछे दूसरा अजय कुमार यादव की ट्युबबेल पर तोड़कर उसमें रखा सामान चुरा ले गए। चोरी हुआ सामान की कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### रौशनगढ़ में जुलूसे अजा कार्यक्रम आज

**अंबेडकरनगर :** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम रौशनगढ़ में अंजुमन शमशीर हैदरी की तरफ से जुलूसे अजा का 43वां दौर सोमवार को सुबह आठ बजे से आयोजित होगा। शमशेर अली ने बताया कि असीराने कर्बला की याद में होने वाले इस मातमी जुलूस में बतौर मुख्य वक्ता लखनऊ के मौलाना सैफ अब्बास नकवी होंगे। मौलाना जामिन अब्बास तथा मौलाना मोहम्मद आमिर भी शामिल होंगे।

### ब्लॉक परिसर में मिला शव

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ब्लॉक परिसर में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान अशोक विहारी कालोनी निवासी 32 वर्षीय बुधु पुत्र राम नयन के रूप में हुई है। बुधु को शराब पीने की आदत थी। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

## सरयू तट पर हुआ श्रावणी पूजा का आयोजन

बसखारी, अंबेडकरनगर

- आचार्यों ने 151 कर्मकांडी ब्राह्मणों का 21 प्रकार के औषधि युक्त जल से कराया स्नान
- पूजन अर्चन के पश्चात पित्रों का किया गया तर्पण

**अमृत विचार।** श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर श्रवणी पूजा का भव्य आयोजन लंगड़तीर सरयू नदी के तट पर किया गया। राम जानकी मंदिर के निकट आचार्यों ने 151 कर्मकांडी ब्राह्मणों का 21 प्रकार के औषधि युक्त जल से स्नान कराया। स्नान के बाद विधि विधान से पूजन-अर्चन के पश्चात पित्रों का तर्पण किया गया।



पावन सरयू के लंगर तीर घाट पर श्रावणी पूजा करते प्रधान आचार्य उमा शिव पांडे।

लंगड़तीर घाट पर आम श्रद्धालुओं ने भी पहुंचकर पूजा-अर्चना किया। आचार्य उमाशिव ने बताया श्रावणी पूजा को लेकर कथा प्रचलित है कि इसे अयोध्या के राजा दशरथ ने शुरू किया था। जब शिकार समझकर उनके द्वारा छोड़े गए बाण से श्रवण कुमार की मृत्यु हो जाती है। अज्ञानता में किए गए अपने अपराध के लिए राजा दशरथ श्रवण कुमार के माता-पिता से क्षमा मांगते हैं। इसके बाद अपराध के समन के लिए विद्वानों के मार्गदर्शन में श्रावणी पूजा कराते है। मान्यता है कि इस पूजा को करने से मनुष्य के द्वारा जाने अंजाने हुए पापों से मुक्ति मिलती है। लंगड़तीर घाट पर आचार्य उमाशिव पांडेय, सहायक आचार्य पवन तिवारी व व्यवस्थापक सुशील तिवारी के देखरेख में पूजा संपन्न हुई। स्नान के साथ ही उपनयन संस्कार और पंचांग पूजन कराया गया। आयोजन को सफल बनाने में ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन उर्फ संजय सिंह के प्रतिनिधि केसी सिंह, मंगला प्रसाद मिश्रा, बलराम मिश्रा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। अंत में मन्दिर के पुजारी बाबा धाकड़ दास ने सबको आशीर्वाद प्रदान किया।

### नशे में धुत युवक ने बुजुर्ग को दिया धक्का, मौत

**अंबेडकरनगर :** अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदनपुर में शराब के नशे में धुत एक युवक ने 70 साल के बुजुर्ग जयराम को धक्का दे दिया। धक्का लगने से बुजुर्ग गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

बता दें कि गोलू शराब के नशे में अन्य लोगों को गालियां दे रहा था। इसी दौरान जयराम ने उसे गालियां देने से रोकते हुए कहा कि गाली-गलौज न करो। इस बात पर गोलू आक्रोशित हो गया और उसने बुजुर्ग जयराम को जोरदार धक्का दे दिया। धक्के से जयराम गिर गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

## तमसा नदी में स्नान करने गए तीन बच्चे डूबे, एक की मौत

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अकबरपुर के मिर्जापुर गांव के पास तमसा नदी में स्नान करने गए तीन बच्चे नदी में डूब गए। जिनमें से दो बच्चों को ग्रामीणों ने बचा लिया, लेकिन एक 12 वर्षीय बच्चा लापता नदी में बह गया। गोताखोरों की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद नदी से बच्चे का शव बरामद किया है।



बता दें कि फतेहपुर पकड़ी निवासी सौरभ 12 वर्ष अपने दो दोस्तों के साथ मिर्जापुर स्थित तमसा नदी में नहाने गया था। तीनों जैसे ही नदी में कूदे, गहराई अधिक होने के कारण वह डूबने लगे। किसी तरह दो बच्चे तैरकर बाहर आ गए, लेकिन सौरभ गहरे पानी में समा गया। बाहर आए बच्चों ने शोर मचाया तो मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। तहसीलदार अकबरपुर समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीच के बाद डूबे हुए बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन



शुकुल बाजार में बाई को राखी बांधतीं बहनें।



अकबरपुर के पहितीपुर में अमित को राखी बांधती पूजा।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** रक्षाबंधन का पर्व बीते दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का यह त्योहार लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाता रहा।

शनिवार सुबह से ही बहनों ने राखी और पूजन सामग्री की थालियां सजाना शुरू कर दिया। थालियों में रोली, कुमकुम, अक्षत, दीपक और आकर्षक राखियां रखी गईं। निर्धारित मुहूर्त में बहनों ने भाइयों को तिलक लगाया। उनके दाहिने हाथ पर राखी बांधी और आरती उतारी। मिठाई खिलाकर उन्होंने भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने बहनों को रक्षा का संकल्प लिया और साथ ही दक्षिणा और मनपसंद उपहार भी भेंट किए। बाजारों में भी रक्षाबंधन का रंग जमकर बिखरा। मिठाई, उपहार और सजावटी वस्तुओं की दुकानों पर सुबह से ही खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस पर्व की रौनक में डूबे नजर आए।

### बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

**मार्टिनगंज, आजमगढ़।** जिले बरदह थाना क्षेत्र के उसरगावां गांव के राजबहादुर सिंह उर्फ मंगल सिंह 80 वर्ष, जो पाही पर बने मकान में अकेले रहते थे, की शनिवार रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह वारदात उस समय हुई जब वह खेत के पास बरामदे में चारपाई डालकर सो रहे थे। घटना की जानकारी रविवार सुबह तब हुआ, जब ग्रामीण खेत की ओर गए और उन्हें लहूलुहान हालत में मृत पाया। राजबहादुर की ससुराल गाजीपुर जनपद के सादियाबाद में है, जहां उनकी पत्नी और बच्चे रहते हैं। रोज की तरह शनिवार रात करीब नौ बजे वह गांव के घर से पाही पर पहुंचे थे। रात के अंधेरे में किसी ने सिर और कंधे पर वार कर उनकी जान ले ली।

## पंचायत भवनों से हुई चोरी का पर्दाफाश

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** पंचायत भवन में लगे इनवर्टर बैट्री की चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए बसखारी पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनकी निशान देही पर चोरी में प्रयुक्त इनवर्टर और बैटरी भी बरामद करने का दावा किया है।

बता दे कि एक सप्ताह पूर्व बसखारी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर भगाही में स्थित पंचायत भवन का ताला तोडक़र अज्ञात चोर इनवर्टर बैटरी सहित लगभग 1 लाख रुपये तक के अन्य उपकरणों को चोरी कर पुरार हो गए थे। मामले में बसखारी पुलिस ने ग्राम प्रधान के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना के अनावरण में जुटी हुई थी। पुलिस के अनुसार बुढऩापुर तिराहे से पंचायत भवन से चोरी इनवर्टर और बैटरी के मामले में वांछित तीन आरोपियों को बसखारी पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने ले आई।



गिरफ्तार तीनों अभियुक्त। अमृत विचार

पुलिस की पकड़ में आए तीनों आरोपियों ने पुलिस की पुछताछ में अपना नाम क्रमशः अजय कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी अशरफपुर थाना टांडा, तुषार गौड़ पुत्र रामनिवास निवासी अमिया बभनपुर थाना बसखारी, अंश यादव पुत्र सरोज यादव निवासी कटुई केशवपुर थाना सम्मनपुर बताया है।

पुलिस के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बसखारी, जलालपुर, सम्मनपुर थाना क्षेत्र में स्थित पंचायत भवनों का ताला तोडक़र चोरी हुए इनवर्टर व बैटरी की घटना में संलिप्त होने के बात बताई। पुलिस ने इन आरोपियों की निशान देही पर 6 बैटरा और तीन इन्वर्टर भी बरामद करने का दावा किया है। पकड़े गए आरोपी बसखारी, संम्मनपुर, हंसवर और जलालपुर थाने में भी चोरी सहित अन्य धाराओं में वांछित अभियुक्त बताये जा रहे हैं।

## 3 चरणों में होगा हर घर तिरंगा कार्यक्रम

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में मुख्य सचिव के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक किया।

बैठक में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत स्कूलों की दीवारों और बोर्डों को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाने और स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। तिरंगा राखी बनाने की कार्यशालाएं और प्रतियोगिताएं आयोजित करना तथा सैनिकों और पुलिसकर्मियों को आभार पत्र लिखकर डाक विभाग के समन्वय से राखियां भेजी गई हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि 9 अगस्त से द्वितीय चरण प्रारंभ हुआ है जो 12 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान वृहद स्तर पर तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा महोत्सव आयोजित किए जाने वाले प्रमुख स्थल पर तिरंगा मेला का भी आयोजन किया जाएगा। तिरंगा मेला में तिरंगा प्रर्दशनी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। तिरंगा बाइक रैली या तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। स्वयं सहायता समूहों, खादी भंडारों और स्थानीय बाजार के वस्त्रालयों आदि के माध्यम से तिरंगा की बिक्री और वितरण का प्रबंधन किया जाएगा।

### उपजिलाधिकारियों को दी जानकारी

डीएम ने द्वितीय चरण के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों को संबंधी विभाग के अधिकारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त के मध्य सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों पुलों आदि पर ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

**सुविधा** | पशुपालकों के लिए चार नई योजनाएं, मिलेगा अनुदान, पुरस्कार और रोजगार के अवसर

## स्वदेशी गाय पालन से दुग्ध उत्पादन में होगी बढ़ोतरी : डीएम

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पशुपालन विभाग एवं नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना के अंतर्गत पशुपालकों के लिए रोजगार सृजन, स्वदेशी नस्ल की गायों के संरक्षण तथा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए चार योजनाएं शुरू की गई हैं।



अनुपम शुक्ला, जिलाधिकारी।

जनपद में नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का कुल लक्ष्य 2 है। योजना की लागत 62.5 लाख रुपये हैं, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान तीन किस्तों में दिया जाएगा। लाभार्थी अंश 15 प्रतिशत तथा बैंक ऋण 35 प्रतिशत रहेगा। 0.5 एकड़ भूमि शेड निर्माण के लिए और 1.5 एकड़ भूमि चारा उत्पादन के लिए आवश्यक है। लाभार्थी को 25 स्वदेशी नस्ल साहीवाल, गिर, हरियाणा, थारपारकर, गंगातीरी की गाय प्रदेश के बाहर से खरीदनी होगी। आवेदन 13 अगस्त तक ऑनलाइन वेबसाइट पर कर सकते हैं।

मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना का कुल 8 है। योजना की लागत 23.6 लाख है, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान है और 15 प्रतिशत लाभार्थी अंश, 35 प्रतिशत बैंक ऋण शामिल है। 0.2 एकड़ भूमि शेड निर्माण के लिए तथा 0.80 एकड़ भूमि चारा उत्पादन के लिए आवश्यक है। लाभार्थी को 10 स्वदेशी नस्ल की गाय प्रदेश के बाहर से खरीदनी होगी। आवेदन 13 अगस्त तक ऑनलाइन वेबसाइट पर सकते हैं। वहीं मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना का कुल लक्ष्य 28 है, जिनमें 14 पुरुष और 14 महिला है। एक पशुपालक को 2 स्वदेशी नस्ल की गाय प्रदेश के बाहर से खरीदनी होगी। जिनकी अधिकतम कीमत 1 लाख प्रति गाय होगी। प्रति गाय 40 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। दोनों गायों का बीमा और चारा काटने की मशीन अनिवार्य है। आवेदन 13 अगस्त तक ऑनलाइन कर सकते हैं। वहीं मुख्यमंत्री प्रगतिशील प्रोत्साहन योजना का कुल लक्ष्य 27 है। जिसमें स्वदेशी नस्ल की अधिकतम 2 गाय पशुपालक के घर की होनी चाहिए। यदि दुग्ध उत्पादन 8-12 लीटर प्रतिदिन है तो 10 हजार पुरस्कार तथा 12-15 लीटर प्रतिदिन पर 15 हजार पुरस्कार मिलेगा।

### जिलाधिकारी ने पशुपालकों से की अपील

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने पात्र पशुपालकों से समय पर आवेदन करने और विस्तृत जानकारी के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से संपर्क करने की अपील की है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त पशुपालक अपने-अपने पशुओं का बीमा कराने के लिए अपने क्षेत्र के पशु चिकित्सालय से संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर पशु बीमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक पशुपालक अधिकतम पांच पशुओं का बीमा कर सकता है।

# शौच को निकले युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

## प्रेम विवाह में दिया गया घटना को अंजाम, लड़की के पिता व भाई पर केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रविवार की सुबह शौच के लिए निकले युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। फायरिंग की आवाज पर दौड़े परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक को लेकर जिला अस्पताल गई, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के चेरी मिश्र का पुरवा भंडरा परशुरामपुर गांव से जुड़ा है। जहां रविवार को सुबह गांव निवासी नवनीत कोरी (22) पुत्र शंकर शौच के लिए घर से चंद कदम दूरी पर खेत में गया था। आरोप है कि गांव निवासी जिस युवती शिवानी से नवनीत ने प्रेम विवाह किया था, उसी के पिता शिवलाल ने नवनीत को पीछे से पकड़ा और भाई रजनीश ने उसे गोली मार दी। गोली की आवाज सुनने पर नवनीत के भाई आनंद कुमार सहित परिजन मौके पर पहुंचे। आनंद ने घटनास्थल से पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस नवनीत को लेकर जिला अस्पताल गई। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर शव मच्र्यूरी में रखवा दिया। घटना की तहरीर मृतक नवनीत के बड़े भाई आनंद ने पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।


घटना की जांच करते एएसपी व इनसेट में मृतक नवनीत कोरी की फाइल फोटो।

पुलिस की मानें तो मृतक नवनीत गांव निवासी युवती शिवानी (20) पुत्री शिवलाल को तीन माह पहले भगा ले गया था और मंदिर में शादी के बाद गांव में पति पत्नी की तरह निवास कर रहा था। इसी बात से युवती का भाई नाराज था और हत्या की घटना को अंजाम दे डाला। मृतक तीन भाई आनंद कुमार, नवनीत व अंशु थे। एक बड़ी बहन बीनू (25) की शादी हो चुकी है, जबकि एक छोटी बहन रेनू अविवाहित है। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की मां गुड्डा सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा, सीओ सिटी प्रशांत सिंह व एएसपी अखंड प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर टीमें गठित करते हुए आरोपियों को गिरफ्तारी के निर्देश दिए। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक बंधुआ कला धर्मवीर सिंह ,थानाध्यक्ष धम्मौर अंजू मिश्रा सहित महिला थाने की पुलिस तैनात है।

### बोले एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक युवक गांव की युवती को भगाकर शादी किया था। इसीलिए युवती के भाई ने हत्या की घटना को अंजाम दे डाला। मृतक युवक के भाई आनंद की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कुड़वार पुलिस के साथ स्वाट टीम को लगा दिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### पति की हत्या से आहत युवती ने किया आत्महत्या का प्रयास

**सुलतानपुर :** पति की हत्या से आहत युवती शिवानी ने प्रेमी के घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मौके पर मौजूद थानाध्यक्ष धम्मौर अंजू मिश्रा व महिला थाने की टीम ने दरवाजा तोड़कर युवती की जान बचाई। प्रेम में पागल युवती को अब जीवन में अंधेरा ही दिख रहा है। क्योंकि मायके से भाग कर आई थी और प्रेमी की हत्या हो गई।

## न्यूज ब्रीफ

### चेन काटने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चेन काटने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि आरोपी महिला गुड्डी पत्नी सुनील, निवासी बड़े गांव, थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ को रविवार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में उसके पास से पीली धातु की एक चेन और कटर बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने के आदेश दिए गए।

### ई-रिक्शा में महिला की चेन चोरी, केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बिजेथुआ महावीर धाम जा रही एक महिला की ई-रिक्शा में अज्ञात महिला चोर ने चैन चोरी कर ली। शनिवार दोपहर पारस पट्टी गांव निवासी उर्मिला देवी ई-रिक्शा से विजेथुआ महावीरन धाम दर्शन के लिए जा रही थीं। सूरापुर विजेथुआ मोड़ के पास पहुंचते ही अज्ञात महिला चोर ने उनका चैन चुरा लिया। पीड़िता के बेटे सुनील तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात महिला चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाग में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** हलियापुर थाना क्षेत्र के सराय बग्घा गांव में बाग के महुआ पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान कानपुर देहात निवासी 25 वर्षीय सुनील नायक के रूप में हुई, जो हलियापुर में किराए पर रहकर फेरी का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया।

# सुलतानपुर में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए अमेठी सांसद

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा रविवार को सुल्तानपुर पहुंचे, जहां उन्होंने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। अमहट चौराहे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में उनका स्वागत हुआ। इस दौरान पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी वरुण मिश्र, मोहित तिवारी, शहबाज खान, कमल नयन वर्मा, ओम प्रकाश दुबे सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

सांसद ने पूर्व जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी के प्रतिष्ठान का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद वे लंभुआ तहसील क्षेत्र स्थित संजय गांधी पीजी कॉलेज पहुंचे, जहां पूर्व सांसद स्व. राम सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। सांसद ने स्व. राम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया।

### पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद को किया याद

**सुलतानपुर :** जिला कांग्रेस कार्यालय में पूर्व सांसद/विधायक स्व. राम सिंह की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# पुलिस टीम पर हमला दंपति गिरफ्तार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जयसिंहपुर पुलिस को बरौंसा गांव में नशीला पदार्थ बेचे जाने की सूचना मिली। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान लोहे की रॉड व तीन रॉटविलर कुत्तों से हमला करने का प्रयास किया। पुलिस ने मौके से दंपती जितेन्द्र कुमार शुक्ला व उनकी पत्नी पूजा शुक्ला निवासी बरौसा चौराहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जितेन्द्र पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस पर हमला व सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है...

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** घर-घर में भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन शनिवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने भाई की कलाई पर रेशम की डोरी में प्यार बांधा और मिठाइयां खिलाई तो वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। दिन भर कार्यक्रमों की धूम रही।


जिला कारागार में कैदी भाई को राखी बांधने पहुंची बहनें। ● अमृत विचार

- जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

सुबह से ही नगर में रक्षाबंधन पर्व पर उल्लास चतुर्दिक दिखाई देने लगा। मिठाई की दुकानों पर पर्व को लेकर जमकर खरीद हुई। सिविल लाइन, बस स्टेशन, पारकीसगंज, स्टेडियम रोड, पंचरास्ता, चौक आदि क्षेत्रों की दुकानों पर खासी चहल-पहल देखी गई। बसों और ट्रेनों में पर्व के मद्देनजर काफी भीड़भाड़ दिखी। दिन भर राखी बंधवाने के लिए आवागमन करते रहे। वहीं, जिला कारागार में बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए पहुंची। इस दौरान कई भाई बहन की आंखें नम दिखी।

### कलाई पर बांधा प्यार, थाली में मिठास, दिल में दुआओं का संसार

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर :** बल्दीराय तहसील क्षेत्र में सुबह से ही बाजारों में राखियों की खरीदारी जोरों पर रही। बल्दीराय, पारा, हलियापुर, हरौरा, धनपतगंज और देहली बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में रंग-बिरंगी राखियों की भरमार थी। मिठाई की दुकानों पर भी खरीददारों की भीड़ उमड़ी, जहाँ लोगों ने मिठाइयाँ खरीदकर त्योहार की मिठास को और बढ़ाया। इस अवसर पर भाइयों ने अपनी बहनों की कलाई में राखी बँधवाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना की। बल्दीराय निवासी पूजा कौशल ने बताया कि यह पर्व भाई-बहन के प्यार और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने अपने भाइयों राजेंद्र कौशल, धीरेंद्र कौशल और ललित कौशल को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ और सुखी जीवन की प्रार्थना की।

# मोतिगपुर में निकाली गई भव्य बाइक तिरंगा यात्रा

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल मोतिगरपुर के संयोजन में रविवार को भव्य बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। विधायक राज प्रसाद उपाध्याय और ब्लॉक प्रमुख चन्द्र प्रताप सिंह ने मोतिगरपुर अस्पताल से यात्रा का शुभारंभ कर तिरंगा फहराया और भारत माता के जयकारे लगाए। यात्रा दियरा बाजार, दियरा चौराहा, पांडेय बाबा, ढेमा व चौहानपुर बाजार होते हुए सम्पन्न हुई।


कूरेभार में निकाली गई तिरंगा यात्रा । ● अमृत विचार

- तिरंगा यात्रा में विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने किया क्षेत्र भ्रमण

विधायक ने कहा कि शहीद सपूतों का सपना डबल इंजन की सरकार साकार कर रही है, जबकि ब्लॉक प्रमुख ने युवाओं से अखंड भारत के सपने को पूरा करने का आह्वान किया। यात्रा में डॉ. आरके विश्वास, सजय तिवारी, गुड्डू उपाध्याय, प्रकाश नारायण सिंह, अनुभव अग्रहरि, अनिरुद्ध यादव, संतोष मिश्र, पिंटू सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### द्वारिकागंज से गुप्तारगंज तक तिरंगा यात्रा निकाली गई

**गोसाईगंज :** कूरेभार ब्लॉक के कटका मंडल में भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों के नेतृत्व में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। यात्रा की शुरुआत द्वारिकागंज चौकी से हुई, जो कटका बाजार होते हुए गुप्तारगंज स्थित गायत्री मंदिर पर संपन्न हुई। इस मौके पर जिला उद्यमी एवं भाजपा नेता संतोष मिश्र, प्रमुख प्रतिनिधि कूरेभार/मंडल उपाध्यक्ष कटका नवनीत सिंह सोनू, जिला पंचायत सदस्य नंदन चतुर्वेदी, महामंत्री संदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, महंत तिवारी, प्रधान रामदासपुर जमुना सिंह, सोनू सिंह दुर्गापुर, दिलीप पांडेय, दान बहादुर तिवारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अखंडनगर थाना क्षेत्र के मीरपुर प्रतापपुर स्थित रेलवे फाटक के पास रविवार सुबह युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की शिनाख्त राजकुमार पुत्र बलदेव निवासी पैलीपार, थाना अखंडनगर के रूप में हुई। चौकी प्रभारी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी रेखा देवी, पुत्री अंशिका व अनामिका और पांच वर्षीय पुत्र अनुज का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रोटरी क्लब ने मनाया बोन एंड जॉइंट वीक

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रोटरी क्लब सुलतानपुर ने 'बोन एंड जॉइंट वीक' के अवसर पर रविवार को पर्यावरण पार्क में निशुल्क बोन एवं जॉइंट कैंप का आयोजन किया। यह शिविर रोटेरियन डॉ. अजय विक्रम मिश्रा ऑर्थोपेडिक सर्जन के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 80 मरीजों का परीक्षण किया गया। कैंप में सभी मरीजों का निशुल्क बोन डेंसिटी टेस्ट किया गया तथा आवश्यकतानुसार दवाएं भी मुफ्त में वितरित की गईं।

इस अवसर पर रोटेरियन डॉ. अजय विक्रम मिश्रा, एजी रोटेरियन नीरव पांडेय, रोटेरियन डॉ. रवि त्रिपाठी, रोटेरियन डॉ. पूजा शुक्ला, रोटेरियन डॉ. अमित पांडेय, रोटेरियन प्रमोद मल्होत्रा, रोटेरियन अलंकार टंडन, रोटेरियन वेद प्रकाश, रोटेरियन संजय केसरवानी, रोटेरियन अजीत अग्रहरी, रोटेरियन निमेन्द्र गोयल और रोटेरियन डॉ. रितेश मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर से हड्डी एवं जोड़ से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ती है और समय रहते उपचार संभव हो पाता है।



पर्यावरण पार्क में रोटरी क्लब ने लगाया चिकित्सा शिविर। ● अमृत विचार

- 80 मरीजों का किया गया नि:शुल्क परीक्षण

# दबंगों ने प्रौढ़ पर लाठी-डंडों से किया जानलेवा हमला, गंभीर

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक प्रौढ़ पर गांव के दबंगों ने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और असलहे से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल पीड़ित को सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

अहिरौली गांव निवासी महेंद्र चौबे सुबह करीब 5 बजे शौच कर घर लौट रहे थे। आरोप है कि बाबूराम यादव के घर के पास पहुंचते ही गांव के ही रामजी उर्फ शनी यादव, विवेक यादव, अरविंद यादव और सुनील यादव ने उन्हें घेरकर बेरहमी से पीटा। बचाव में महेंद्र पास के राजदेव के घर में घुसने का प्रयास करने लगे, लेकिन दरवाजा बंद होने से हमलावरों के चंगुल में आ गए। आरोपियों ने महेंद्र के बेटे गौरव को भी नहीं छोड़ा और उनके दो मोबाइल फोन तोड़ दिए। गांव वालों को आता देख चारों आरोपी असलहा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़ित के बेटे वैभव की तहरीर पर चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है

# अजय बने माशिसं के जिला संयोजक

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्थानीय नेशनल इंटर कॉलेज कादीपुर के शिक्षक अजय बहादुर सिंह को माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य चेतनारायण सिंह के निर्देश पर अयोध्या मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी और संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। मनोनयन पर प्रधानाचार्य डॉ. केडी सिंह, शिक्षक अजय प्रताप सिंह, राकेश सिंह, राजेश चंद्र पाठक, समेत कई शिक्षकों ने खुशी जताई है।

# प्रकृति के साथ मनाएं विशिष्ट दिवसः सुधीर

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पर्यावरण संरक्षण और नदी स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय संगठन गोमती मित्र मंडल ने रविवार को अपने साप्ताहिक श्रमदान के बाद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। सीता कुंड धाम पर श्रमदान संपन्न करने के बाद गोमती मित्र मंडल के सदस्य प्रयागराज मार्ग स्थित अहिमाने बाजार की वैजापुर ग्राम सभा पहुंचे, जहां ग्रामीणों की सहमति और सुरक्षित रखने के आश्वासन पर 55 पौधे लगाए गए।

यह पौधारोपण मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह 'मदन' के 10 अगस्त को पूरे हुए 55वें जन्मदिन की खुशी में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सुधीर कश्यप ने किया। पौधारोपण में वन विभाग का सहयोग रहा और परियोजना अधिकारी अभिनंदन प्रताप सिंह पूरे समय मौजूद रहे। कार्यक्रम में संरक्षक डॉ. सुधाकर सिंह, रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, विनोद पाठक, राकेश सिंह दद्दू, विनय सिंह, मुन्ना सोनी, राजकुमार पाण्डेय, रामु सोनी, युवा मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा, प्रदीप कसौधन, सेनजीत कसौधन, अरविंद सोनी, सोनू सिंह सहित अन्य सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया।


सीताकुंड धाम पर श्रमदान करते गोमती मित्र मंडल के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

- गोमती मित्रों ने सीताकुंड धाम पर चलाया स्वच्छता अभियान

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम नगरी मजरा भेड़ीघाट में शनिवार दोपहर जमीन के पुराने विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए।

पीड़ित चिंतामणि विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि लगभग 12:30 बजे पड़ोसी राजनारायण तिवारी के पुत्र संजय तिवारी, अखिलेश उर्फ विनोद तिवारी और सुशील उर्फ शनि तिवारी लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और परिवार के सदस्यों श्रीराम विश्वकर्मा, लालमनि तथा महिलाओं को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को परिजनों ने एम्बुलेंस 108 से सीएचसी अखंडनगर पहुंचाया। वहीं, राजनारायण तिवारी ने भी लालमनि विश्वकर्मा के परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों परिवारों के बीच पुराना जमीन विवाद है, जिसके चलते फिर से झगड़ा हुआ। दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# महिलाओं से अभद्रता करने वाले को भेजा गया जेल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** रक्षाबंधन के दिन महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करना एक युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने उसे पकड़कर रविवार को जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम खालिसपुर डींगुर निवासी शैलेश कुमार रक्षाबंधन के दिन क्षेत्र में आती-जाती महिलाओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। भरथुआ मोड़ से पकड़ने गई पुलिस टीम से उसने हाथापाई भी की। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि युवक को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया है।

सख्ती | आरोपियों को शरण देने वाले के खिलाफ प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई

# चंदन हत्याकांड में चला बुलडोजर, खलिहान से कब्जा हटाया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जयसिंहपुर में चंदन शर्मा हत्याकांड में आरोपियों को पनाह देने और पुलिस टीम पर हमले में नामजद बझना गांव निवासी प्रेम कुमार पुत्र राम जगत यादव पर रविवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। आरोप है कि प्रेम कुमार ने गांव के खलिहान (गाटा संख्या 512) पर अवैध रूप से पशुशाला और छप्पर बनाकर कब्जा कर रखा था, साथ ही उसी गाटे में बने मकान का सहन-दरवाजा भी खोल लिया था।

तहसीलदार मयंक मिश्रा के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण को ढहाया और कब्जा मुक्त कराया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक सत्यनारायण के नेतृत्व में जयसिंहपुर पुलिस भी मौजूद रही।


जेसीबी से खलिहान से हटावाया गया अवैध कब्जा। ● अमृत विचार

गौरतलब है कि एक अगस्त को हुए चंदन शर्मा हत्याकांड में पुलिस दबिश के दौरान आरोपी पक्ष ने टीम पर हमला कर दिया था, जिसमें प्रेम कुमार पर हत्यारोपियों को पनाह देने और पुलिसकर्मियों पर हमले का आरोप लगा था। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अपराधियों और उनके संरक्षकों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### व्यापारी नेता पहुंचे चंदन के घर

**सुलतानपुर :** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल रविवार को करिया बझना पहुंचकर मृतक चंदन शर्मा के परिजनों से मिला और ढांढस बंधाया। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने माता-पिता को आश्वस्त किया कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक और अयोध्या के पुलिस महानिरीक्षक से वार्ता हो चुकी है और सख्त कदम उठाने का भरोसा मिला है। त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा, दोषी पुलिसकर्मी भी कार्रवाई से नहीं बचेंगे। विधायक राजप्रसाद उपाध्याय भी मामले की निगरानी कर रहे हैं और आर्थिक सहायता व न्याय दिलाने के प्रयास जारी हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम RIYAZ AHMAD से बदलकर RIAZ ALI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAHMAN ALI ADD-390/640 DARGAH ROAD, RADHE KA KHET, RUSTAM NAGAR SAADATGANJ, CHOWK DIST-LUCKNOW-226003 (U.P)

**सूचना**

सूचित हो कि मै राम कुमार यादव पुत्र पप्पू यादव माता शिव रनिया देवी वर्ष -2020-21 का हाईस्कूल अनुक्रमांक 211509510 विद्यालय बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज कर्वी चित्रकूट, तथा इंटर अनुक्रमांक -2236294299 वर्ष -2022-23, विद्यालय श्री तुलसी इंटर कालेज राजापुर चित्रकूट का हाईस्कूल एवं इंटर का अंकपत्र / प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

मैने अपना नाम SALIM AHAMAD से बदलकर SALIM AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-YUNUS ADD-105 BHUSAILA TEH COLONELGANJ DHOBHARAI DIST-GONDA (U.P)

## न्यूज ब्रीफ

### रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला बुजुर्ग का शव

**करनैलगंज** : सरयू रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार को एक बुजुर्ग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अज्ञात में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में मृतक की पहचान कटरा थाना क्षेत्र के तौकल पुरवा कौड़हा जगदीशपुर निवासी रघुनन्दन के रूप में हुई। भंभुआ चौकी प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बुनियादी भाषा एवं गणित पर प्रशिक्षण आज से

**रुपईडीह** : निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक शिक्षिकाओं व शिक्षामित्रों का बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का प्रथम चरण कल 11 अगस्त से ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शुरू होगा। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक संचालित किए जाने का दायित्व कंपोजिट विद्यालय पुरैनिया के प्रधानाध्यापक बालमुकुंद पांडेय व बनगाई के सहायक अध्यापक सुशील कुमार तिवारी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसहा के सहायक अध्यापक विवेक पाठक तथा प्राथमिक विद्यालय नौव्वागांव के सहायक अध्यापक धर्मेंद्र तिवारी व रामलला पुरवा के दुर्गेश कुमार पाठक को प्रशिक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण दो समूह में आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह में 50 लोगों को शामिल किया गया है।

### ओम नम: शिवाय जप संपन्न

**रुपईडीह**। एक माह से गोपाल बाग के सम्मय माता मंदिर पर चल रहे ओम नमः शिवाय जाप का कार्यक्रम भंडारे के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालु डॉ विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि इस भंडारे में क्षेत्र के विभिन्न गांवों के बच्चों, पुरुषों व महिलाओं को मिलाकर अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**तरबगंज, गोंडा**। रगड़गंज बाजार में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक के भाई विश्ववीर प्रताप उपाध्याय उर्फ़ सग्गू निवासी खड़ौरा ने बताया कि उनके सगे भाई आनंद कुमार उर्फ बबलू (35) शुक्रवार की सुबह 4 बजे रगड़गंज बाजार में टहलने गए थे जो परसपुर रोड पर थे। तेज रफ्तार गुजर रहे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### चोरी की बाइक के साथ किशोर गिरफ्तार

**तरबगंज**। उप निरीक्षक वीरेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में गस्त के दौरान एक युवक मोटरसाइकिल से नवाबगंज की तरफ से आता दिखाई दिया। तरबगंज में हीरो एजेंसी के पास पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में बताया कि बाइक अयोध्या के नये घाट से चोरी की है। जिसे तरबगंज में बेचने जा रहा था। उम्र के विषय पर बताया कि 17 वर्ष का है। गाड़ी मालिक अशोक कुमार मिश्र निवासी ननडिया नायक, धनघटा जिला संत कबीरनगर की निकली।

### तालाब में डूबने से हुई थी बालक की मौत

**इटियाथोक, गोंडा**। बेलवा कर्मडीह के दस वर्षीय छात्र की पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार डूबने से मौत की पुष्टि हुई। कक्षा पांच के छात्र शिवम का शव बृहस्पतिवार को दोपहर घर से तीन सौ मीटर दूर तालाब में मिला था। मृतक की दादी शिवकुमारी ने कहा कि छह साल पहले भी नाती शिवम को गायब किया गया था। उन्होंने गांव के ही एक किशोर व अन्य पर घर से बुलाकर नाती की हत्या करने का आरोप लगाया था।

### बाल संरक्षण गृह भेजा गया बालक

**रुपईडीह, गोंडा**। बच्चे पर अधिकार को लेकर उत्पन्न हुए विवाद में पुलिस ने बालक को संरक्षण में लेकर बाल संरक्षण गृह भेज दिया है। जहां से कल बयान के बाद उसे घर भेजा जाएगा। नगर कोतवाली के कांशीराम कालोनी निवासिनी सोनिया ने अपने आठ वर्षीय पुत्र आर्यन को बहन शुभी के कहने पर उसके यहां भेज दिया था। इसके बाद शुभी के यहां से बहराइच के विशेश्वरगंज में अपनी सहेली ममता मिश्रा के यहां बैरागी पुरवा भेज दिया। दो दिन पहले आर्यन भटक कर कौड़िया के झौहना पश्चिमी गांव में अनिल यादव के घर आ गया। अनिल ने बच्चे को प्यार दुलार से अपने पास रखा, जिससे वह उनके घर पर ही रुक गया। बच्चे की तलाश में ममता व शुभी दोनों अनिल यहां के पहुंची तो बच्चे ने इन दोनों लोगों के साथ जाने से ही मना कर दिया। पुलिस द्वारा बच्चे को संरक्षण मे लेकर बाल संरक्षण गृह जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।


# साहब! माझा है, क्या हाल बताएं? जैसे तैसे गुजर रहा है...

## 80 वर्षीय बुजुर्ग ने बयां किया बाढ़ का दर्द, जल शक्ति मंत्री ने बाढ़ क्षेत्र ऐली परसौली व ब्योंदा माझा गांव का किया निरीक्षण

**संवाददाता, उमरी बेगमगंज**

**अमृत विचार** : प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और अफसरों के साथ स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बाढ़ क्षेत्र गांव ऐली परसौली व ब्योंदा माझा का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ की हकीकत देखी और ग्रामीणों से बात कर उन्हे हर संभव मदद का भरोसा दिलाया ।

दोपहर के करीब 12 जल शक्ति मंत्री का काफिला चौकी ऐली परसौली पर पहुंचा। गाड़ी से उतरकर वह सीधे बाढ़ पीड़ितों से रूबरू हुए और उनका हालचाल पूछने लगे। 80 वर्ष के बुजुर्ग अछैबर ने कहा कि साहब माझा है, क्या हाल बताएं? जैसे तैसे गुजर रहा है। इस पर उन्होंने अभिवादन करते हुए कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के मंत्री विधायक और प्रशासन के अधिकारी बाढ़ पीड़ितों की मदद में लगे हुए हैं। सरकार की प्रतिबद्धता है कि सभी तक राहत पहुंचाई जाएगी।कोई समस्या है तो अधिकारियों से बताएं। आपकी समस्या का तुरंत निराकरण किया जाएगा।



पीड़ितों को राहत सामग्री देते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, विधायक प्रेम नरायन पांडेय व डीएम। अमृत विचार

घाघरा नदी के घटते बढ़ते जलस्तर के बीच तरबगंज के दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का सितम जारी है। ऐली परसौली में पानी अब लोगों के घरों में घुस चुका है और कई मजरे टापू बन गए हैं। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। धान की फसल डूबने के कगार पर हैं और कई एकड़ फसल कटान की भेंट चढ़ चुकी है। बाढ और कटान से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है चारे का संकट उत्पन्न होने से पशुपालक अपने मवेशियों के साथ पलायन करने लगे हैं। इस हालात का जायजा लेने के लिए प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को बाढ़ क्षेत्र ऐली परसौली व ब्योंदा माझा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया और पीड़ित परिवारों से बात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होने तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय के साथ दोनों गांवों के 500 से अधिक बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया। बाढ के हालात की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि घाघरा नदी खतरे के निशान से 56 सेमी ऊपर पहुंच गयी थी जिसके कारण जो तटबंध के अंदर के क्षेत्र थे, फ्लड जोन के क्षेत्र थे वहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी और हमारे 18 गांव बाढ़ से प्रभावित हो गए थे। वहां राहत अभियान चल रहा है। डाक्टर की टीम वहां तैनात है।

- **500 पीड़ितों को बांटी गई राहत सामग्री**

लोगों को नाव व राहत सामग्री की व्यवस्था प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में जल शक्ति मंत्री ने आज ऐली परसौली व ब्योंदा माझा गांव का दौरा किया है जहां उनके द्वारा 500 से अधिक लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया गया है। वहीं प्रशासन के द्वारा अब तक डेढ़ से दो हजार लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया जा चुका है और शेष जो परिवार हैं उन्हें राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान में जलस्तर स्थिर है। वर्तमान में घाघरा नदी 30 सेमी से नीचे पहुंच गई है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, ब्लॉक प्रमुख बेलसर राजेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू सिंह, खंड विकास अधिकारी बेलसर देवनायक सिंह, भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक सुरजीत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### लोन का झांसा देकर 17 लाख हड़पे, आरोपी फरार, केस दर्ज

**करनैलगंज** : महिला समूहों को लोन दिलाने के नाम पर समावेश फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड के तीन कर्मचारियों ने 17 लाख रुपये से अधिक की रकम हड़प ली। कंपनी के यूनिट मैनेजर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मलदहिया वाराणसी स्थित कंपनी के यूनिट मैनेजर हरिनाथ प्रजापति ने बताया कि करनैलगंज शाखा जो मदीना मस्जिद के पास स्थित है, में शाखा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार यादव निवासी भदोही, क्षेत्र सेवा अधिकारी विंदे कुमार राव और विक्रम निवासीगण बहराइच कार्यरत थे। आरोप है कि इन तीनों कर्मचारियों ने 37 महिलाओं के आधार, पैन, पासबुक और हस्ताक्षर/अंगूठा लेकर एनएसडीएल बैंक मुंबई में खाते खुलवाए। उसके बाद इन खातों में 14.80 लाख रुपये ट्रांसफर कर स्वयं निकाल लिए। धोखाधड़ी छुपाने के लिए कुछ किस्तें भी खुद जमा कर दीं, जिससे मामला तुरंत पकड़ में न आए। तीनों कर्मचारी अप्रैल माह में शाखा छोड़कर फरार हो गए। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि कंपनी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# तेजी से घट रहा घाघरा का पानी, समस्याएं बरकरार

**करनैलगंज, अमृत विचार** : शुक्रवार को डेंजर लेबल से काफ़ी ऊपर पहुंच कर शनिवार से घाघरा का जल स्तर एक सेमी प्रति घंटे की रफ्तार घटने से घटने लगा। लेकिन बढ़े जलस्तर के बाद जिन गांवो में पानी भर गया था। वहां के ताल तलौया व खेत अब भी पानी से लबालब है। जानकारों का कहना है कि अभी बाढ़ का खतरा टला नहीं है आने वाले दिनों में घाघरा अपना तेवर फिर से दिखा सकती है।

विगत 8 अगस्त को घाघरा ने 53 सेंटीमीटर की बढ़त बनाकर चारों ओर हाहाकार मचा दिया था। लेकिन यह ठहराव अधिक दिनों तक नहीं रहा। दूसरे ही दिन से गिरिजा, शारदा व सरयू बैराजों के घटे डिस्चार्ज ने घाघरा के तेवर में कमी लाते हुए तेजी से जल स्तर को घटा दिया। इन सबके बावजूद भी रविवार को घाघरा का जल स्तर लाल निशान से 30 सेमी ऊपर बना हुआ है। केन्द्रीय जल आयोग संस्थान से प्राप्त आंकड़ों की माने तो रविवार को दोपहर 12 बजे नदी का जलस्तर 106. 307 दर्ज किया गया। जो कि डेंजर लेवल 106. 07 से 30 सेमी ऊपर है। तो वहीं गिरिजा, शारदा व सरयू बैराजों का डिस्चार्ज 2 लाख 93 हजार 840 बना हुआ है। उमरी बेगमगंज क्षेत्र में भी घटते बढ़ते जलस्तर के बीच तरबगंज के दो दर्जन से अधिक गांवों में बाढ़ का सितम जारी है। ऐली परसौली में पानी अब लोगों के घरों में घुस चुका है। कई मजरे टापू बन गए हैं। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। धान की फसलें डूबने के कगार पर हैं। कई एकड़ फसलें कटान की भेंट चढ़ चुकी हैं। चारे का संकट उत्पन्न होने से पशुपालक अपने मवेशियों के साथ पलायन करने लगे हैं।



पानी घटने के बाद बहुवन मदार माझा के पास घाघरा की तस्वीर। अमृत विचार

**जल जमाव से हो रही परेशानी :** विगत दिनों बढे. घाघरा के जलस्तर ने करनैलगंज तहसील के 9 मजरों समेत बाराबंकी के कई गांवों के मजरों को लबालब कर दिया था। जल जमाव से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। जहरीले जीव जंतुओं के साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**अंधेरे में गुजर रही रातें, नहीं मिला सौर ऊर्जा :** पहले से ही ग्रामीणों को बिजली की समस्या थी। बाढ़ आने के बाद नकहरा गांव की बिजली काट दी गई। नकहरा के ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें सौर ऊर्जा की लाइट नहीं दी गई जबकि ग्राम प्रधान ग्रामीणों से 3-7 हजार तक पेमेंट भी जमा करवा लिए। जबकि वह पूरी तरह निःशुल्क मिलना था।

**कटान का खतरा बढ़ा**

- पानी रूकने से आ रही बदबू बीमारी फैलने की आशंका

**बाढ़ पीड़ितों को राशन किट वितरित**

तहसीलदार सुभद्र प्रसाद ने बताया कि नकहरा व चंदापुर किटौली में बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट के अलावा राशन किट वितरित किया गया है। हर संभव राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### अगस्त क्रांति दिवस पर कांग्रेस ने निकाला मशाल जुलूस

**गोंडा** : अगस्त क्रांति दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व विधायक राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस भवन में वीर स्वतंत्रता आंदोलन के क्रांतिकारियों की याद में कांग्रेस भवन में बैठक आयोजित की गयी । जिला अध्यक्ष ने कहा कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी, सरदार भगत सिंह जैसे कई भारत माता के वीर सपूतों को नमन करते याद किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी शिवकुमार दुबे, पीसीसी सदस्य जलील अहमद खान, बेबी मिश्रा अरविंद शुक्ला,अवधेश तिवारी, महबूब खान एडवोकेट, अजय रस्तोगी, वसीम खान, सेवादल मोहम्मद शरीफ मौजूद रहे।

# छुट्टा जानवर से टकरा कर बाइक सवार की मौत

**संवाददाता, कटरा बाजार, गोंडा**

**अमृत विचार**: शनिवार को करनैलगंज कटरा मार्ग पर परसौनी पुरवा मोड़ के पास छुट्टा जानवर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी कटरा बाजार ले जाया गया। हालत चिंताजनक होने पर मेडिकल कॉलेज गोण्डा रेफेर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



लोकेंद्र (फाइल फोटो)।

मृतक के संबंधी हरेंद्र ने बताया कि लोकेंद्र हमसे मिलने चूंटीपुर थाना कटरा बाजार मिलने आ रहे थे रास्ते में हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि यह अपने माता पिता के इकलौते संतान थे। इनके माता पिता दोनों लोग गुजरात प्रान्त में रहकर मज़दूरी करते हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार रात में कटरा करनैलगंज मार्ग पर छुट्टा जानवर से बाइक सवार लोकेंद्र पुत्र श्यामबाबू निवासी बराल थाना कैलिया जनपद जालौन गम्भीर रूप से घायल हो गया जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार ले गए चिकित्सक ने हालात नाजुक होने पर गोण्डा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गयी है। परिजनों को सूचना दी गयी है।

लोकेंद्र क्षेत्र में पानी बताशा बेचने का कार्य करता था। वह अपने चचेरे भाई राहुल के साथ करनैलगंज थाना क्षेत्र के भोंका गांव में रहता था। शव को अस्पताल से पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# विधायकों ने सीएम के समक्ष रखे विकास के मुद्दे



सीएम से मिलकर अपनी बात रखते मंडल के विधायक। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार** : देवीपाटन मंडल के सभी विधानसभा क्षेत्रों से विधायकों ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से मिल कर विकास कार्यों की पहल की। कालिदास मार्ग स्थित आवास पर देवीपाटन मण्डल के विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने मुलाकात कर किसानों के खाद आपूर्ति, बाढ़ की समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सभी के त्वरित निराकरण को आश्वस्त किया।

बहराइच के पयागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुभाष त्रिपाठी, जनपद बलरामपुर के सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पलटू राम, उतरौला विधान सभा क्षेत्र के विधायक राम प्रताप वर्मा, तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जनपद गोंडा के तरबगंज विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रेम नारायण पांडेय, करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सिंह, मेहनौन विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय कुमार द्विवेदी, मनकापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रमापति शास्त्री एवं श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र के विधायक राम फेरन पांडेय ने क्षेत्र की समस्या तथा विकास के विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने सभी के त्वरित निराकरण को आश्वस्त कराया।

# फाइलेरिया उन्मूलन का दस दिवसीय अभियान शुरू



सीएचसी पर फाइलेरिया की दवा खाते लोग। अमृत विचार

**गौरा चौकी, अमृत विचार**: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनजोत में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम रविवार को शुरू किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर तरुण मौर्या ने बताया कि एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान 10 अगस्त से आगामी 10 दिनों तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को दवा खिला रही हैं।

अभियान के सुचारू संचालन के लिए सुपरवाइजर भी नियुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम में 2 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को डीईसी और लवेंडाजोल की गोलियां खिलाई जा रही हैं। डॉक्टर मौर्या ने बताया कि एमडीए अभियान की दवा के सेवन से हाथीपांव और पुरुषों में हाइड्रोसील व अंडकोष में सूजन जैसे रोगों से निजात मिलती है। फाइलेरिया दीर्घकालिक विकलांगता का विश्व में दूसरा प्रमुख कारण है। इसी कारण सभी पात्र व्यक्तियों को वर्ष में एक बार एल्बेंडाजोल और डीईसी दवाइयां खिलाई जाती हैं। अभियान में शत प्रतिशत आबादी को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिरोधी परिवारों को विशेष ध्यान देते हुए चिन्हित करके दवा खिलाने के लिए अलग से टीमें नियुक्त की गई हैं।

**आयोजन** | गौरा चौकी से हथियागढ़ तक हजारों वाहनों के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा

# भारत माता के जयघोष से गूंजा क्षेत्र



विधायक प्रभात वर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

**संवाददाता, गौरा चौकी, गोंडा**

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री के आह्वान हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को विधायक प्रभात कुमार वर्मा के नेतृत्व में गौरा विधानसभा के गौरा चौकी से हथियागढ़ तक हजारों वाहनों के काफिले के साथ विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। लोगों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया।

जन-जन के उत्साह, जोश और देशभक्ति के अद्भुत संगम से इस यात्रा ने ऐतिहासिक रूप ले लिया। पूरी यात्रा में हर ओर सिर्फ़ तिरंगे की शान, भारत माता के जयकारे और देशभक्ति के गूंजते नारों ने यात्रा की भव्यता को और अधिक शोभायमान बना दिया। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों के समर्थन से यह यात्रा एक जन आंदोलन का स्वरूप ले सकी। इस अवसर पर नीरज पटेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बभनजोत, श्रवण शुक्ल, पप्पू शुक्ला, इंद्र बहादुर वर्मा, शोहरत वर्मा, राकेश भारती, रामपुर वर्मा प्रधान, रामबाबू मिश्रा, विक्रम प्रसाद, फूलचंद मौर्य प्रधान, मनीष पांडे, राकेश भारती, राम सेवक गौतम, रक्षा राम वर्मा प्रधान, भगवानदीन मिश्रा, रोहित भारती, कैलाश गुप्ता, सूर्य प्रकाश समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



भजन प्रस्तुत करतीं कलाकार।

### ...पूरा कैलाश पर्वत मगन हो गया

**गोंडा** : बाबा दु :खहरण नाथ मंदिर के प्रांगण में शिव रात्रि जागरण का आयोजन मंदिर सेवा समिति के सदस्य संदीप मेहरोत्रा द्वारा किया गया। भजनों की शुरुआत विशाल श्रीवास्तव ने गणेश वंदना से किया। भजन गायिका बंकू सिस्टर्स ने गाया लहर लहर लहराए झंडा बजरंगबली का, शिव तांडव स्त्रोत महिषासुर मर्दिनी, रण में कूद पड़ी महाकाली, ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने पूरा कैलाश पर्वत मगन हो गया। पंकज निगम ने गाया चढ़ा दो एक लोटा जल प्रेम से अबकी सावन में, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में काशी के वासी बैठे हैं मक्के मदीने में आदि भजनों की हाजिरी लगाई। राघव पंडित ने गाया शिव की शरण में आजा, ॐ नम : शिवाय बोलो ॐ नम : शिवाय। धर्मेन्द्र पांडेय ने गाया मेरा आपकी कृपा से, जय हो राम लला जय जनक लली आदि भजनों को प्रस्तुत किया। संचालन अनुभव यादव ने किया।

### रक्षाबंधन पर 70 हजार महिलाओं ने की रोडवेज बस से नि:शुल्क यात्रा

**गोंडा** : भाई-बहन के अटूट प्रेम के पर्व रक्षाबंधन पर बसों में महिलाओं के लिए नि :शुल्क यात्रा की सुविधा मंडल में हजारों महिलाओं ने ली है। सुबह से ही बस अड्डों पर महिलाओं और बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं भाइयों के घर राखी बांधने और उपहार लेने के लिए उत्साहपूर्वक बसों से किया।

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार देवीपाटन मंडल में रोडवेज बसों में महिलाओं को किराया नहीं देना पड़ा। यह सुविधा राज्य सरकार के निर्देश पर रक्षाबंधन के अवसर पर प्रदान की गई। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बसों के अतिरिक्त फेरे भी लगाए गए, जिससे किसी को असुविधा न हो। यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए रोडवेज कर्मचारियों के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। महिलाओं को रक्षाबंधन पर निशुल्क यात्रा के लिए 117 से अधिक बसों को लगाया गया था। त्योहार के उल्लास और मुफ्त यात्रा की वजह से बस स्टैंड पूरे दिन गुलजार रहे और भाई-बहन के मिलन का यह पर्व खुशी और सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। रोडवेज के देवीपाटन मंडल के आरएम अरविंद कुमार ने बताया कि सरकार की ओर से रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं को निशुल्क यात्रा का निर्देश मिला था, जिसके क्रम में लगभग 117 बसों को लगाया गया था। पूरे जोन में करीब 70 हजार महिलाओं ने फ्री यात्रा की है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान रखा गया है।



रक्षा सूत्र बांधतीं प्रजापिता ईश्वरीय विद्यालय की बहन।

### हर्षोल्लास के साथ मना रक्षाबंधन

**बेलसर (गोंडा)**। प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय रगड़गंज में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बेलसर के पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का जीवंत अभिव्यक्ति है। प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका सुनीता बहन ने कहा कि रक्षाबन्धन का पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकसूत्रता का सांस्कृतिक प्रतीक है। समाजसेवी रामपाल सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अगाध प्रेम एवं अटूट विश्वास के प्रतीक है। बहनों ने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की कामना किया।



आयुक्त को राखी बांधती ट्रांसजेंडर।

### ट्रांसजेंडर बहनों ने बांधी राखी

**गोंडा** : सावन पूर्णिमा पर रक्षाबंधन का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील के कार्यालय में ट्रांसजेंडर बहनों ने पहुंच राखी बांधी और उनकी आयु के लंबी होने की कामना की। इसके बाद कमिश्नर ने अपनी पत्नी गरिमा भूषण के साथ वृद्धा आश्रम पहुंच कर सभी को उपहार दिए। आयुक्त की धर्म पत्नी गरिमा भूषण ने रामायण की प्रति हर हाल में आश्रम पहुंचाने का आश्वासन दिया। आयुक्त अपने परिवारजनों के साथ पोर्टल गंज स्थित बालगृह बालिका भी पहुंचे। उन्होंने बालिकाओं के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 उपनिरीक्षकों का किया गया तबादला

**बहराइच:** जिले की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने शनिवार को 18 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इसे फेरबदल में एक उप निरीक्षक को लाइन भेजा गया है। चौकी प्रभारी कानूनगोपुरा शशि प्रताप सिंह को वरिष्ठ उप निरीक्षक नानपारा बनाया गया है। धर्म प्रकाश सिंह को लाइन से थाना बौंडी, शैलेन्द्र यादव को लाइन से थाना रामगांव और विजय यादव को खैरीघाट से थाना हरदी भेजा गया है। विदेश्वरी यादव को लाइन से जरवल, राजीव मिश्रा को थाना हुजूरपुर, अनूप मणि त्रिपाठी को थाना दरगाह शरीफ, दीनानाथ सागर को थाना रूपईडीहा और सुरपति त्रिपाठी को वरिष्ठ उप निरीक्षक नवाबगंज बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जरवल कस्बा चौकी प्रभारी रहे देवेंद्र प्रताप सिंह को चौकी प्रभारी कानूनगोपुरा, लाइन में तैनात शिवम कुमार कनौजिया को चौकी प्रभारी जरवल कस्बा बनाया गया है। आशुतोष राय को चौकी जिला अस्पताल, आशुतोष चंद्र को चौकी इमिग्रेशन रूपईडीहा, राजकुमार को चौकी चितलहवा और अमित कुमार को चौकी अमृतपुर का प्रभारी बनाया गया है। अमृतपुर चौकी प्रभारी रहे अनिल यादव को लाइन भेज दिया गया है।

### दिल्ली से लौट रहा व्यक्ति लापता

**बाबागंज,बहराइच :** दिल्ली से कमा कर घर लौट रहा एक व्यक्ति रास्ते से ही लापता हों गया है। लापता व्यक्ति रूपईडीहा थाना क्षेत्र सहजराम पुरवा (सोरहिया) का रहने वाला है।उसके पुत्र ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### मरीज की मौत पर हंगामा, अस्पताल सीज

**बलरामपुर :** नगर कोतवाली क्षेत्र के हेल्थकेयर हॉस्पिटल एंड डेंटल क्लिनिक में रविवार रात इलाज के दौरान मरीज की मौत के बाद हंगामा मच गया। हरिहरगंज निवासी 40 वर्षीय विजय कुमार मिश्रा पेट दर्द की शिकायत पर भाई के साथ अस्पताल पहुंचे थे। आरोप है कि डॉक्टर के अनुपस्थित होने पर कम्पाउंडर ने इंजेक्शन लगाया, जिससे उनकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। मृतक के इलाज से जुड़े डॉक्टर अजय पांडेय, जो मेमोरियल चिकित्सालय में तैनात हैं, पर अवैध रूप से प्राइवेट अस्पताल संचालित करने का आरोप है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। सीएमओ के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी संतोष कुमार श्रीवास्तव, राजेश हंस और निरीक्षण टीम ने अस्पताल की जांच की। रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र न दिखाने पर अस्पताल को तत्काल प्रभाव से सीज़ कर दिया गया और गेट पर ताला जड़ दिया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों का वर्जन लेने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं मिला।

# प्रभावित लोगों को वितरित की राहत सामग्री

## बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों का जल शक्ति ने मंत्री किया भ्रमण, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** जिले के बाढ़ और कटान प्रभावित क्षेत्रों का मंत्री जल शक्ति विभाग (सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग) स्वतन्त्र देव सिंह ने जायजा लिया। तहसील महसी के ग्राम पंचायत सचिवालय पचदेवरी पहुंच कर कटान से प्रभावित लोगों के साथ संवाद करते हुए उनका कुशलक्षेम जाना और लोगों को राहत सामग्री वितिरत की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ बाढ़ को लेकर अत्यन्त संवेदनशील है। प्रदेश के बाढ़ से प्रभावित जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि सभी एहतियाती कदम उठायें जायें तथा बाढ़ पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए।



बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण करते जल शक्ति मंत्री व विधायक सुरेश्वर सिंह। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। श्री सिंह ने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया कि आपदा के दौरान प्रदेश सरकार, शासन व प्रशासन आपके साथ है। उन्होंने कहा कि दैवीय आपदा के दौरान राहत व बचाव के कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आयेगी।

जल शक्ति मंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी लेते हुए, जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में जल स्तर कम हो गया है। ऐसे ग्रामों की पर्याप्त साफ-सफाई कराकर वहां पर फागिंग के साथ-साथ एण्टीलार्वा का छिड़काव करा दिया जाए। प्रभावित क्षेत्रों में बुखार, डायरिया आदि बीमारियों की दवाओं की किट का वितरण सुनिश्चित कराया जाये तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं क्षेत्र की जनता को उपलब्ध करायी जायें। श्री सिंह ने कहा कि जल भराव के कारण प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुए सम्पर्क मार्गों का दुरूस्तीकरण करा दिया जाये ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जल शक्ति मंत्री श्री सिंह ने ग्राम पंचायत सचिवालय पचदेवरी में एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अन्य के साथ बाढ़ व कटान प्रभावित परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण भी किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, उप जिलाधिकारी महसी रामदयाल, कैसरगंज अखिलेश सिंह, नानपारा लालधर यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, नोडल सरजू नहर दिनेश कुमार, अधि. अभि.सरयू ड्रेनेज खण्ड जे.पी. वर्मा, तहसीलदार महसी विकास कुमार आदि रहे।

### मंत्री ने किया कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण

पचदेवरी के भ्रमण के दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने पूर्व में कराये गये कटानरोधी कार्यों का निरीक्षण करते हुए ग्रामवासियों से शासन से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मंत्री ने ग्रामवासियों द्वारा सुझाये गये स्थान का अवलोकन करते हुए आश्वस्त किया कि सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार कार्य कराये जायेंगे। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि विधायक सुरेश्वर सिंह के प्रयासों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में हुए कटानरोधी कार्यों के कारण यह क्षेत्र सुरक्षित हो गया है।

# पानी-भरे बोरिंग के गड्ढे में डूबने से होमगार्ड की मौत

संवाददाता, बहराइच

**जांच में जुटी पुलिस**

- ड्यूटी से लौटते समय होमगार्ड गड्ढे में गिरा, डूबकर मौत
- मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निबिया रायबोझा में हुई घटना

**अमृत विचार:** मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम निबिया रायबोझा में एक होमगार्ड की बोरिंग के गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतक की पहचान सुनील कुमार वर्मा पुत्र त्रिवेणी के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक होमगार्ड सुनील कुमार शुक्रवार को अपनी ड्यूटी के लिए थाना सुजौली गए थे। शनिवार की शाम जब वह घर लौट रहे थे, तभी खड़ंजे के किनारे स्थित बोरिंग के गड्ढे में गिर गए। गड्ढे में अधिक पानी भरा होने के कारण वह डूब गए,जिससे उसकी मौत हो गई। देर तक घर वापस न लौटने पर

परिजनों ने स्थानीय लोगों को साथ लेकर तलाश की। इस दौरान शनिवार को सुनील का शव मृत अवस्था में गड्ढे में मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद कुमार चौरसिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

# तालाब में उतराता मिला बालक का शव

संवाददाता, बहराइच

- बौंडी थाना क्षेत्र के भौंरी गांव की घटना, मामले की जांच जारी

**अमृत विचार:** बौंडी थाना क्षेत्र में शनिवार को एक 10 वर्षीय बालक का शव तालाब में तैरते हुए मिला है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना के बाद पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बालक के शव को तालाब से बाहर निकलवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

घटना बौंडी थाना क्षेत्र के भौंरी गांव की है। मृतक की पहचान दिव्यांश पुत्र राजकुमार शर्मा के रूप में हुई है। बताते हैं कि शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे बालक अचानक घर से लापता हो गया था। शव मिलने के बाद शनिवार को परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना प्रभारी बौंडी त्रिलोकी नाथ ने बताया है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण स्पष्ट होंगे। क्षेत्रीय लेखपाल चन्द्र प्रकाश पांडे ने मौके पर पहुंचकर जांच के बाद रिपोर्ट तहसील प्रशासन को सौंप दी है।

**तीन दिन पूर्व मिले शव की हुई शिनाख्त, शव लेने पहुंचे परिजन, बाबागंज,बहराइच:** रुपईडीहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत कैलाश बगिया में बीते वृहस्पतिवार को एक युवक का शव मिला था। घटना की सूचना सभासद गुड्डू मद्देशिया के द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी थी। मौके पर पहुंची पुलिस शव की शिनाख्त हेतु काफी प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त न होने पर शव को पुलिस द्वारा अंत्यपरीक्षण के लिए बहराईच भेज दिया था। उक्त घटना की खबर समाचार पत्रों व चैनलों में प्रकाशित होने के बाद परिजनों ने सोशल मीडिया के जरिये जानकारी हुई। मृतक के परिजन रुपईडीहा थाने पहुंचे। युवक के भतीजे संदीप ने बताया कि मृतक का नाम अरुण कुमार बरनवाल पुत्र राम परिवेश बरनवाल है। जो नेपाल राष्ट्र के कोहलपुर वार्ड नम्बर नव जिला बाके का रहने वाला है। युवक सिलाई का कारीगर है। जो नेपाल के पहाड़ पर सिंचाई का काम करता था। वहां से वह कैसे आया यह जानकारी नहीं हुई है।

### ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

**बहराइच:** थाना रिसिया क्षेत्र में बीती अर्धरात्रि के करीब तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घटना रिसिया थाना क्षेत्र के जेतेश्वर तिराहे की है। राजेश कुमार पुत्र कन्हैयालाल चौरसिया अपनी पत्नी रजनी व अपने छोटे भाई मनोज कुमार के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल हमजापुरा थाना दरगाह शरीफ आए थे। रात में तीनों लोग वापस अपने घर विशुनापुर बाइक से जा रहे थे। जब जेतेश्वर तिराहे से मुड़ने लगे तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गिरकर घायल हो गए। वहीं गंभीर रूप से घायल रजनी पत्नी राजेश उम्र लगभग 28 वर्ष की मौके पर मौत हो गई।


# सड़क हादसे में युवक की मौत, तीन घायल

संवाददाता, मटेरा,बहराइच

- मटेरा थाना क्षेत्र के भवनियापुर के पास ट्रक ने मारी टक्कर

**अमृत विचार:** बहराइच-नानपारा हाईवे मार्ग पर दो मोटरसाइकिल ट्रक की चपेट में आईं जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और तीनों घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजवाया गया।

मटेरा थाना क्षेत्र के भवनियापुर के पास रविवार को सुबह तेज रफ्तार से जा रही ट्रक की चपेट में आने से दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। जिसमें एक मोटरसाइकिल सवार की ट्रक के नीचे दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और दूसरी



हादसे के बाद पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक।

मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस के द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच भेजवा दिया। सूचना मिलते ही मटेरा व नानपारा की पुलिस मौके पर पहुंचकर कार्यवाही में जुट गई। मृतक की पहचान शिवाजी मुरारी उर्फ पिंटू पुत्र शिवाजी तातोबा मुरारी उम्र 35 वर्ष निवासी मुलीक बाड़ी पाचवड़ महाराष्ट्र के रूप में हुई है। तीनों घायलों की पहचान मटेरा थाना क्षेत्र के असवा मोहम्मदपुर निवासी के रूप में हुई है। मुरारी शिवाजी मुरारी बहराइच में कोतवाली नगर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी संजय रस्तोगी के यहां किराए पर रहकर अपना बिजनेस करता था। यह हर रोज बहराइच से नानपारा आता-जाता था। रविवार को सुबह भी वह बहराइच से नानपारा अपनी बुलेट से जा रहा था। मटेरा थाना प्रभारी निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के भवनियापुर के पास यह घटना हुई है। ग्रामीणों द्वारा तीनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच भिजवाया गया है।

### तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के गीत

**कैसरगंज (बहराइच) :** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व कटका का माहौल पूरी तरह देशभक्ति के रंग में रंग उठा। सोमवार सुबह 10 बजे बंशीलाल साहू के आवास से ऐतिहासिक कटका मंदिर तक भव्य तिरंगा पदयात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि, पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा-तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यहां निशंक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मंडल प्रभारी संजय राव,मडंल अध्यक्ष कटका श्री राम निवाष निषाद, मंडल अध्यक्ष हुजूरपुर दुर्गेश कुमार सिंह रैकवार, मंडल महामंत्री विक्रम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष (किसान मोर्चा) ठाकुर प्रसाद मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष अजय सिंह, अरविंद सिंह, विजय भान सिंह (सेक्टर संयोजक), शिवदयाल सिंह (सेक्टर संयोजक), रामू सिंह प्रधान, अटल सिंह प्रधान, आशीष भूटानी रहे।



तिरंगा यात्रा में शामिल भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी व अन्य।

# बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

संवाददाता, नवाबगंज बहराइच

**अमृत विचार:** रक्षाबंधन के त्योहार के पावन पर्व पर थाना नवाबगंज में एकल विद्यालय की बहने व महिलाओं ने थाना प्रभारी निरीक्षक व अन्य पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी आयु की कामना की।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित एकल विद्यालय की आरती देवी के साथ अन्य महिलाएं थाना मुख्यालय नवाबगंज में पहुचीं। महिलाओं ने थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव के साथ साथ थाने मे सभी पुलिसकर्मियों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लम्बी आयु की कामना की। पुलिसकर्मियों ने भी उन्हें उपहार भेट किए। यहां थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव, कल्लू सिंह, कन्हैया लक्ष्मी, राजेश कुमार, इंदरजीत, राम सागर , महिलाओं में वंदना, रामवती, रूप मती,समेत पुलिस कर्मी उपनिरीक्षक जितेंद्र वर्मा, आरक्षी सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



पुलिस कर्मियों को राखी बांधती एकल विद्यालय की बहनें।

### जिपं सदस्य ने रोगियों को खिलाई दवा

**बाबागंज, बहराइच :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा पर रविवार को फलिरिया एमडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला योजना समिति सदस्य संदीप जायसवाल ने लोगों को दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्र के अधीक्षक डॉ. महेश कुमार विश्वकर्मा ने भी लोगों को दवा खिलाई। डॉ. विश्वकर्मा ने बताया कि फाइलेरिया दुनिया भर में विकलांगता और विरूपता बढ़ाने वाला सबसे बड़ा रोग है। यह एक परजीवी रोग है उन्होंने बताया कि भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय इस रोग से पीड़ित लोगों के लिए मुफ्त उपचार प्रदान करता है। कार्यक्रम में डॉ. सद्दाम हुसैन, डॉ. सुरेश गुप्ता, फार्मासिस्ट महेश कुमार वर्मा, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद अनीस खान, शरद चंद मिश्रा आईओ सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



शिविर के दौरान जिपं सदस्य संदीप जायसवाल, चिकित्सक व अन्य।

# देशभक्ति गीतों के साथ निकली भव्य तिरंगा यात्रा

संवाददाता, उतरौला बलरामपुर

**अमृत विचार:** भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों के बीच रविवार को दुखहरणनाथ मंदिर से विधायक राम प्रताप वर्मा के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह तिरंगा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर समाप्त हुई। जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। देशभक्ति गीतों की गूंज के बीच आज़ादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन किया गया। गांधी पार्क में पहुंचकर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद किया गया। विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर भारतीय को स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की याद दिलाना और हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति की भावना को नई ऊंचाई देती है। कार्यक्रम में अनूप गुप्त, देवानंद गुप्त, नगर अध्यक्ष फणींद्र गुप्त, ब्लॉक प्रमुख महिपाल चौधरी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी अभय सिंह और प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



उतरौला नगर में भाजपाइयों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा। अमृत विचार

# गन्ने के खेत में मिला दो दिन से लापता महिला का शव बरामद

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** थाना हरैया क्षेत्र के ग्राम पंचायत लंम्बीकोहल के मजरा बनकट्टी में शनिवार तड़के गन्ने के खेत से दो दिन से लापता महिला का शव बरामद हुआ। मृतका की पहचान कमला देवी पत्नी जयपतर के रूप में हुई है। शव के हाथ-पांव बंधे थे, जिससे हत्या की आशंका गहरा गई है।

परिजनों के मुताबिक, कमला देवी बुधवार शाम करीब 6:30 बजे पास के गांव में कपड़ा सिलवाने के लिए घर से निकली थीं, लेकिन वापस नहीं लौटीं। देर रात तक इंतजार के बाद परिजनों ने हरैया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। खोजबीन के दौरान घटनास्थल के पास से 10 रुपये का सिक्का और एक छोटा मोबाइल फोन मिला था। शनिवार तड़के कुछ ग्रामीण शौच के लिए निकले तो खेत से तेज बदबू आने पर सतर्क हुए। पास जाकर देखा तो महिला का शव पड़ा था। पहचान होने पर पता चला कि यह कमला देवी का है। शव उनके घर से लगभग 150 मीटर दूर दक्षिण-पूर्व दिशा में पाया गया। कमला देवी की शादी 15 वर्ष पूर्व जयपतर से हुई थी। उनके दो पुत्र-13 वर्षीय जीत और 11 वर्षीय सुभाजीत स्थानीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। पति जयपतर मजदूरी के लिए पिछले कुछ महीनों से मुंबई में रह रहे हैं।

# बारिश से गन्ना फसल बचाने को कंट्रोल रूम शुरू

संवाददाता, बलरामपुर

- गन्ना विभाग ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश और जलभराव से गन्ना फसल पर रोग और नुकसान का खतरा बढ़ गया है। किसानों को समय रहते सतर्क करने और समाधान उपलब्ध कराने के लिए गन्ना विभाग ने कंट्रोल रूम स्थापित कर हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जिन खेतों में बाढ़ या बारिश का पानी भरा है वहां जलनिकासी की तुरंत व्यवस्था करें। पानी रुकने से गन्ने के पौधे गिरने का खतरा अधिक होता है। यदि पौधे गिर जाएं तो 24 घंटे के भीतर उनकी बंधाई अवश्य करें। उन्होंने विशेष रूप से बसंतकालीन गन्ना किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी है क्योंकि इस समय उनकी फसल को अधिक नुकसान का खतरा रहता है।

किसान किसी भी समस्या के समाधान और फसल बचाव से जुड़ी सलाह के लिए कंट्रोल रूम नंबर 9151811629 या टोल फ्री नंबर 18001213203 पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि किसानों को हर संभव तकनीकी सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा।

### पहले चरण में नौ ग्राम पंचायतों में शुरू होगा स्वच्छता अभियान

**बलरामपुर :** ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत होने जा रही है। पहले चरण में नौ विकास खंडों में 'मेरा घर, मेरा रास्ता' अभियान चलाया जाएगा। चयन की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारियों को सौंपी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय ने पत्र जारी किया है। डीपीआरओ ने बताया कि हाल ही में गोंडा में कार्यशाला आयोजित हुई थी, जिसमें आयुक्त ने गांव-गांव स्वच्छता जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए थे।

**रक्षाबंधन का पर्व** | सुबह से देर शाम तक चलता रहा राखी बांधने का सिलसिला, बाजारों में उमड़ी भीड़

# भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर दिया भाईचारे का संदेश

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन गुरुवार को जिलेभर में उल्लास, आस्था और परंपरा के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने रक्षा का संकल्प लेते हुए उपहार भेंट किए। शहर से लेकर गांव तक रक्षासूत्र बांधने का क्रम देर शाम तक चलता रहा।

त्योहार की रौनक बाजारों में सुबह से ही नजर आने लगी। मिठाई, राखी और उपहार की दुकानों पर भीड़ उमड़ी रही। महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी रहीं और बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला। घर-घर में पर्व का उल्लास छाया रहा। सनातन परंपरा में इस पर्व का महत्व द्वापर युग से माना जाता है।

तुलसीपुर स्थित शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर में पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने मां पाटेश्वरी का भव्य पूजन किया। परंपरा अनुसार कन्याओं के चरण पखारकर चुनरी उढ़ाई और उन्हें भोजन कराया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पीठाधीश्वर ने कहा कि यह आयोजन भाईचारे और एकता का प्रतीक है। वहीं जरवा और महराजगंज तराई में महिलाओं ने सीमा पर तैनात जवानों और पुलिस कर्मियों को राखी बांधकर भाईचारे का संदेश दिया। रक्षाबंधन ने पूरे जिले में प्रेम, एकता और अपनत्व की डोर को और मजबूत कर दिया।



सशस्त्र सीमा बल के जवानों को रक्षा सूत्र बांधती बहनें। अमृत विचार

**संघ ने मनाया राष्ट्र रक्षा और भाईचारे का पर्व रक्षाबंधन, बलरामपुर :** रक्षा बंधन की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने एम.एल.के. पीजी कॉलेज के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य वक्ता सुभाष, क्षेत्र प्रचार प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश ने भारतीय संस्कृति और रक्षा बंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व केवल भाई-बहन के बीच का नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग में परस्पर रक्षा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रतीक है।



बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाते राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य। अमृत विचार

उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष और पंच परिवर्तन के पाँच विषय—परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य—पर विस्तार से चर्चा की। सुभाष ने कहा कि इन मूल्यों के माध्यम से एक ऐसा समाज बनाया जा सकता है जहां सभी एक-दूसरे की रक्षा और सम्मान करें। गोंडा विभाग संघ चालक सौम्य अग्रवाल ने स्वयंसेवकों को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का स्मरण कराया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं एम.एल.के. पीजी कॉलेज के प्राचार्य जनार्दन प्रसाद पांडेय ने कहा कि ऐसे पर्व समृद्ध परंपराओं से जोड़ते हैं। यहां जिला प्रचारक जितेंद्र नगर, संघ चालक देव प्रकाश, जिला कार्यवाह किरीट मणि, नगर कार्यवाह कृष्ण कुमार, नगर प्रचारक रणवीर और अभिषेक पुंज सहित सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर पर्व की गरिमा बढ़ाई।

# इनरव्हील क्लब ने पुलिस अधिकारियों संग मनाया रक्षा बंधन




नगर कोतवाली मे रक्षाबंधन मनाती इनरव्हील क्लब की सदस्य। अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली में रविवार को रक्षा बंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। थाना इंचार्ज सुधीर कुमार सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों ने इनर व्हील क्लब बलरामपुर की सदस्याओं संग यह रक्षाबंधन का पर्व मनाया।

क्लब की सदस्याओं ने पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर दीर्घायु की कामना की और मिठाई खिलाई। इस अवसर पर कोतवाल ने महिलाओं को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षा एवं शांति का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि बलरामपुर पुलिस हमेशा महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

इस आयोजन के दौरान क्लब अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा रानी, सचिव छाया गुप्ता, वीथिका अग्रवाल और खुशबू गुलाटी उपस्थित रहीं।

## न्यूज ब्रीफ

### अरविंद राय अध्यक्ष व सतीश बने उपाध्यक्ष

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के निर्वाचन में निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष अरविंद कुमार राय मंत्री सतीश पांडेय उपाध्यक्ष गजेंद्र त्रिपाठी कार्यकारिणी सदस्यों लालचंद प्रसाद जाटव जवाहर लाल निगम जेपी दूबे एवं तफज्जुल हुसैन निर्वाचित कोषाध्यक्ष पद के लिए विवेक होटल में बारह बजे से डेढ़ बजे तक 106 मतों में से 81 मान्यता प्राप्त सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया 61 मत प्राप्त कर धीरेन्द्र गुप्ता निर्वाचित हुए 20 वोट शांति भूषण ने हासिल किए।

### परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगीं ट्रेनें

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु देवरिया सदर-बैतालपुर अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने से गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन रहेगा। दरभंगा से 11 अगस्त, 2025 को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### पुलिस ने कैंप लगाकर लोगों से किया संवाद

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार द्वारा एसएसबी बढ़नी, कस्टम, इन्टेलिजेन्स ब्यूरो, एलआईयू, व सर्विलांश सेल की मौजूदगी में बढ़नी कैम्प में इण्डो-नेपाल बार्डर पर तस्करी के रोकथाम हेतु संवाद किया गया। इण्डो नेपाल बार्डर आदि स्थानो पर पैदल गश्त भ्रमण कर आम जन मानस को सुरक्षा का एहसास कराया।

# डुमरियागंज में निकली तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


डुमरियागंज में निकाली गयी तिरंगा यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के भनवापुर, डुमरियागंज और भारतभारी आदि तीनों मंडलों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में हियुवा प्रभारी व भाजपा के पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यात्रा के दौरान जय हिंद, जय भारत, भारत माता की जय और मेरा तिरंगा मेरा अभिमान जैसे नारों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। भनवापुर मंडल में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ चौखड़ा चौराहा से हुआ, जो पंचायत भवन के सामने जाकर समाप्त हुई। वही डुमरियागंज मंडल में रामलीला मैदान से शुरू होकर, रोडवेज, मंदिर चौराहा, ब्लाक होते हुए बैदौला चौराहे तक यात्रा निकाली गई। वही भारतभारी मंडल में यात्रा अमौना पांडेय स्थित नगर पंचायत कार्यालय के पास से शुरू होकर बढ़नी चौराहे पर समापन भाषण के साथ संपन्न हुई। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा, हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा जैसे कार्यक्रमों से देशवासियों में राष्ट्र प्रेम और आपसी सद्भावना की भावना जागृत होती है। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और तिरंगा हमारा स्वाभिमान है। उन्होंने बताया कि देशभक्ति की जो भावना हमने इस यात्रा के माध्यम से देखी, वह सच में अद्भुत और गर्व से भर देने वाली रही। गगनचुंबी नारों के बीच जब भारत माता की जय और देश के शहीदों अमर रहें के जयकारे गूंजे, तो पूरा वातावरण देशप्रेम से सराबोर हो गया। बाईकों पर लहराते तिरंगे और हर उम्र के उत्साही युवाओं का जोश देखकर यह स्पष्ट हो गया कि हमारा देश अपने सपूतों के बलिदान को कभी नहीं भूल सकता। ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल होती है, बल्कि समाज में एकता और अखंडता का संदेश भी जाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं और आम जनमानस की भारी भागीदारी के साथ यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिससे क्षेत्र में उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। इस दौरान लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, अमरेंद्र त्रिपाठी, अवधेश चौधरी, गणेश विश्वकर्मा, विनय पाठक, शत्रुहन सोनी, रविंद्र शर्मा, सोटा बाबा, राजन सिंह, रामचंद्र यादव, राजेश शर्मा, राममूरत यादव आदि मौजूद रहे।

## मंडल कार्यशाला में संगठन को मजबूत करने का संकल्प

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भाजपा द्वारा भवानीगंज मंडल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान पार्टी की आगामी योजनाओं एवं नीतियों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही "कर्मयोगी परिवार" अभियान के अंतर्गत सक्रिय, समर्पित एवं जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण ही भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत है। यह कार्यशाला न केवल संगठनात्मक सशक्तिकरण का माध्यम है, बल्कि नए कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने का अवसर भी हैं। आने वाले समय में हम सभी को एकजुट होकर राष्ट्र और संगठनहित में कार्य करना है। चेयरमैन धर्मराज वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए उनके योगदान की सराहना की।

## एडीएम ने किया कटान प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में राप्ती नदी के तेजी से घट रहे जलस्तर के कारण कटान बहुत तेजी से हो रहा हैं, कटान के संभावित इलाकों में सुरक्षा और बचाव कार्यों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। रविवार को अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने तहसीलदार रविकुमार यादव के साथ डुमरियागंज तहसील के अंतर्गत कटान प्रभावित ग्राम बनगाई नानकार एवं रमवापुर कोहचक उर्फ बड़हरा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम गौरव श्रीवास्तव ने क्षेत्र में हो रहे कटान और संभावित खतरे का आकलन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सतर्कता बनाए रखें और कटान से बचाव हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि फिलहाल नदी का जल स्तर घट रहा है और स्थिति सामान्य बनी हुई है। प्रशासन की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी आपात स्थिति से समय रहते निपटा जा सके। वर्तमान समय में कटान से कोई विशेष खतरा नहीं है, परंतु सतर्कता बरतना आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें समाधान का आश्वासन भी दिया।

## गोनहाताल में फाइलेरिया रोधी अभियान शुरू

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


बच्चों को दी गयी फाइलेरिया की दवा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रविवार को अमित कुमार त्रिपाठी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोनहाडीह के अंतर्गत ग्राम गोनहाताल में फायलेरिया रोधी अभियान की शुरूआत की गई, जिसके क्रम में घर घर जाकर दवा खिलाने का कार्य स्वास्थ्य कर्मी द्वारा किया जा रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में फाइलेरिया रोधी अभियान कार्यक्रम चलेगा बच्चों एवं किशोर किशोरियों के स्वास्थ्य, पोषण, शैक्षणिक स्तर में वृद्धि के लिए स्कूलो और आंगनबाडियों में 1-19 वर्ष की आयु के सभी बच्चों और किशोरों को कृमि से मुक्ति दिलाने हेतु जानकारी देते हुए कहा कृमि संक्रमण के लक्षण एवं दुष्प्रभावकृमि मनुष्य की आंत में रहते हैं और जीवित रहने के लिए, मानव शरीर के जरूरी पोषक तत्व को खाते हैं। संक्रमित बच्चे के शौच में कृमि के अंडे होते हैं। खुले में शौच करने से ये अंडे मिट्टी में मिल जाते है और विकसित होते हैं।गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं जैसे दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उलटी और भूख ना लगना बच्चे में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होंगे कृमि नियंत्रण से बचाव, इलाज और फायदे नाखून साफ और छोटे रखें, हमेशा साफ पानी पीएं खाने को ढक कर रखें साफ पानी से फल व अपने हाथ साबुन से धोये, विशेषकर खाने से पहले और शौच जाने के बाद, आस पास सफाई रखें जूते पहने, खुले में शौच ना करें।

## घर में घुसकर लाखों के जेवर व नकदी ले गए चोर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** इटवा थाना क्षेत्र के बिस्कोहर रोड स्थित ग्राम सहदेइया में राहुल पाठक के मकान से चोरों ने लाखों रुपये के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोर गृहस्वामी का रिवाल्वर भी उठा ले गये। सहदेईया गांव प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय का पड़ोसी गांव है। शनिवार को रक्षाबंधन मनाने के बाद राहुल पाठक का परिवार सो गया। चोरों ने रात डेढ़ से ढाई बजे के बीच मकान में प्रवेश किया। गाव वालो के मुताबिक चोरों ने मकान के पिछले दरवाजे को किसी प्रकार खोल कर मकान में प्रवेश किया। इसके बाद आराम से उन्होंने मकान के कई कमरों में रखे बाक्स, अलमारियों की तलाशी ली। इस दौरान उनके हाथ करीब सात आठ लाख रूपये के जेवर समेत गृहसमी का रिवाल्वर भी हाथ लगा। इसके बाद चाोर जिस रास्ते से आये थे, उसी राह से लौट गये। बताया जाता है कि परिवार के सदस्य घर के अगले कमरों में सो रहे थे। जबकि सारे कीमती सामान पीछे के कमरें में रखे थे। इसलिएए किसी को भनक नहीं मिल सकी।

## मादक पदार्थ के साथ चार तस्कर गिरफ्तार, एक महिला भी शामिल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना ढेबरुआ पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत चार अभियुक्तों को मादक पदार्थ 52.09 ग्राम अवैध स्मैक हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 2 मोबाइल फोन, 20470 भारतीय रुपया व 945 नेपाली मुद्रा, घटना में शामिल एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना ढेबरुआ गौरव सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बढ़नी पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ मलगहिया मोड पर पहुच कर गाड़ियो की चेकिंग की जा रही थी कि एक सफेद कार आते हुये दिखायी दी उक्त गाड़ी को पुलिस बल द्वारा रोका गया तो गाड़ी मे तीन पुरुष और एक महिला बैठे हुये थे। सभी को गाड़ी से बाहर निकलवाकर बारी बारी से पूछताछ व तलाशी ली गयी तो संजय गुप्ता के पास 10.28 ग्राम स्मैक (हेरोइन) व 01 एन्ड्रायड मोबाइल फोन, अर्चना गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता के पास 12.54 ग्राम स्मैक (हेरोइन) व 01 एन्ड्रायड मोबाइल फोन तथा 20470 रुपये भारतीय व 945 रुपये नेपाली 03.दद्दु सोनकर पुत्र स्व0 तिलकराम के पास 9.97 ग्राम स्मैक (हेरोइन) 04.जलील पुत्र खादीम के पास से 10.27 ग्राम स्मैक बरामद हुआ तथा चार पहिया वाहन मारुति सुजिकी स्वीफ्ट डिजायर में से 9.03 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। अभियुक्तों के विषय में बताया जाता है कि संजय गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता निवासी वार्ड न0 09 रामलीला मैदान नगर पंचायत बढनी थाना ढेबरुआ , अर्चना गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता निवासी वार्ड न0 09 रामलीला मैदान नगर पंचायत बढनी थाना ढेबरुआ दद्दु सोनकर निवासी बलरामपुर जलील पुत्र खादीम निवासी ग्राम मशूरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराईच के निवासी हैं।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में पीड़ितों को कराया भोजन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** बड़हलगंज गोला तहसील अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र बगहा ,ज्ञानपुर आदि क्षेत्रों में बाढ़ से प्रभावित कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोने पाए जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देश पर एसडीएम गोला अमित जायसवाल ने बाढ़ ग्रस्त ग्राम वासियों के लिए पका भोजन सामुदायिक केंद्र पर बनवाकर खिलाने का व्यवस्था किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा का सख्त निर्देश है कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में किसी को भूखा नहीं सोना चाहिए एसडीएम को सुनिश्चित करना बहुत ज़रूरी है। बाढ़ पीड़ितों के लिए भोजन, पानी, आश्रय और चिकित्सा सहायता प्रदान करे सभी को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाएं जिलाधिकारी दीपक मीणा ने एसडीएम को निर्देश दिया है कि बाढ़ पीड़ितों के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन और पानी सुरक्षित केंद्र पर रख कर दिया जाए बाढ़ प्रभावित ग्राम वासियों को राहत शिविर या सामुदायिक केंद्र पर रख कर बाढ़ से संबंधित बीमारियों और चोटों के लिए चिकित्सा सहायता प्रदान करे। यह सुनिश्चित करें कि सभी को सहायता मिले, बिना किसी भेदभाव के लोगों को बाढ़ के खतरों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक करते रहें।

## यूरिया के लिए सहकारी समितियों पर उमड़ रही किसानों की भीड़

**परेशानी**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न सहकारी समितियों पर इन दिनों यूरिया लेने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ रही है। धान की फसल में खाद डालने का समय होने के कारण किसान खाद के लिए परेशान हैं। वितरण शुरू होने की जानकारी मिलने पर किसान समितियों पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। क्षेत्र के भानपुर समितियों पर सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन लगी रही। समितियों द्वारा एक-एक बोरी देकर किसानों को संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। समिति में प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं, ऐसे में व्यवस्था बनाए रखना चुनौती बन गया है। आपको बताते चलें कि भानपुर रानी समिति पर 250 व वासा समिति पर 250 बोरी यूरिया मौजूद है। किसानों की भारी भीड़ के चलते सभी को खाद देना संभव नहीं हो पा रहा है। रामतीरथ, झिनकन, नन्दकिशोर, सीताराम, सन्दीप, भोलेनाथ, राम मिलन सहित अन्य किसानों ने बताया कि कि वे कई दिनों से समितियों के चक्कर काट रहे हैं। इसके बावजूद भी खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों ने बताया कि उन्हें काफी कठिनाइयों के दौर से गुजरना पड़ रहा है। ग्राम बढ़नी निवासी बाबादीन ने कहा कि धान की फसल में उर्वरक डालने के लिए वह कई दिनों से सहकारी समिति के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समिति पर उर्वरक उपलब्ध नहीं है। इससे फसल को नुकसान हो रहा है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से गुहार भी लगाई जा चुकी है। ग्राम भलुवाही निवासी सुभाष चंद्र मिश्रा ने बताया कि 10 दिनों से वह सहकारी अपनी समिति पर जा रहे हैं। वहां उर्वरक न होने की बात कहकर वापस कर दिया जाता है।

## सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस मित्र निभा रहे अहम रोल

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार।** अमृत विचार पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में आयोजित होने वाले पारंपरिक डोल मेला को सकुशल और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा डोल मेले के आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जनपद वासियों को पुलिस मित्र के रूप में शामिल किया गया है। पुलिस मित्र, पुलिस बल के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं, ताकि मेले का आयोजन शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। इस आयोजन के दौरान भारी भीड़ और उत्साह को देखते हुए, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद वासियों को पुलिस मित्र के रूप में शामिल कर एक अनूठी पहल शुरू की गयी है। पुलिस मित्र पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को पुलिस के साथ जोड़कर अपराध नियंत्रण और सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। इस पहल के तहत, जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से विश्वसनीय और जिम्मेदार नागरिकों को पुलिस मित्र के रूप में चयनित किया गया है। ये पुलिस मित्र स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते हुए पुलिस के साथ मिलकर मेले की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## रेलकर्मियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, गोरखपुर



छपरा स्टेशन पर सफाई मित्रों के लिए आयोजित हुई स्वच्छता कार्यशाला।

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा देश की आजादी का जश्न स्वच्छता के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। भारतीय रेल पर मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के प्रथम चरण के दसवें दिन पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर मंडलों पर स्वच्छता सम्बन्धी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह अभियान रेलवे की कार्यप्रणाली के सभी क्षेत्रों जैसे- स्टेशनों, ट्रेनों, कालोनियों, कार्यालयों, डिपो एवं कारखानों आदि में स्वच्छता के प्रति हमारे प्रयासों को सार्थक करेगा साथ ही रेलकर्मियों एवं यात्रियों के बीच जागरूकता को भी बढ़ावा देगा।

इसी क्रम में, लखनऊ मंडल पर 10 अगस्त, 2025 को गोरखपुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोंडा, ऐशबाग एवं लखनऊ जं. स्टेशन पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत स्टेशनों पर कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षकों ने संविदा कर्मचारी एवं स्टेशन पर कार्यरत रेल कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता सम्बन्धी स्लोगन, पोस्टर एवं बैनर के साथ एक जन जागरूकता रैली निकाली। बस्ती स्टेशन पर गहन साफ-सफाई की गई। वाराणसी मंडल के छपरा स्टेशन पर सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। सभी प्रमुख स्टेशनों पर सफाई मित्रों हेतु स्वच्छता कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही स्वच्छ आहार कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मंडल के स्टेशनो एवं कार्यालयों में प्रभात फेरी निकालकर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यात्रियों और रेल कर्मियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इसी क्रम में वाराणसी सिटी स्टेशन पर सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इज्जतनगर मंडल पर सफाई मशीनों, औजारों, उपकरणों एवं संयंत्रों की सुचारू कार्य स्थिति तथा सफाई कर्मचारियों के लिये सुरक्षा उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में डस्टबिन तथा जोखिम अपशिष्ट, गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण हेतु अलग-अलग डस्टबिन की व्यवस्था की गई।

## गंडक नदी में बढ़ते जलस्तर से मुसहर टोली पर संकट

**कुशीनगर, अमृत विचार।** कुशीनगर में बड़ी गंडक नदी में घट-बढ़ रहे जल स्तर के कारण जवहीं दयाल के मुसहर टोली को एक बार फिर बड़ी गंडक नदी निगलने को आतुर है। एपी बांध के पुराने बंधे पर बसे 30 मुसहर परिवार कटान से भयभीत हैं। इसी तरह इसी गांव के ततवा टोला के समीप भी कृषि भूमि में बोए गए फसलों की कटान करती नदी बांध के समीप पहुंच रही है। जिससे बांध के किनारे बसे लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है।स्थिति यह है कि जवहीं दयाल के मुसहर परिवार पुराने बंधे पर दो दशक से 20 डेरा डाले हुए हैं।पुराने बांध का नोज और अप साइड में गंडक ने दोबारा कटान शुरू कर दिया है। हालांकि डिस्चार्ज 90 से एक लाख क्यूसेक होने के कारण अभी कटान तेज नहीं है फिर भी यह आशंका जताई जा रही है कि जलस्तर में अगर बीते वर्ष की तरह दो लाख क्यूसेक से अधिक वृद्धि हुई तो एक बार फिर मुसहर परिवारों पर संकट खड़ा हो जाएगा।जिला प्रवक्ता ने बताया कि किसी तरह लतवा टोले के समीप और बांध के बीच में खेतों में बोई गई फसलों को गंडक अपने आगोश में लेती जा रही है। कटान रोकने के लिए विभाग ने लतवा टोले और मुसहर टोली के बीच परक्यूपाइन तो लगाया है। बावजूद कटान नहीं रुक रही है।

## बीमारी से बचाव के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर


कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन करते विशिष्टजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत उसका बाजार के प्रतिनिधि के रूप में सोमनाथ मिश्रा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने औषधि का सेवन भी किया उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचाव के लिए सभी लोगों को फाइलेरिया की यह दवा खानी चाहिए जिससे कि यह बीमारी हमेशा के लिए खत्म हो जाए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसका बाजार के अधीक्षक डॉक्टर एस के पटेल ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। जिसमें सभी लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए यह दवा खिलाई जा रही है और औषधि सेवन के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया गया है। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी बीपीएम मनीष पांडे बीसीपीएम कृष्ण मोहन पांडे हरिशंकर शुक्ला आशा साहनी रेणु देवी सुमन शर्मा अमरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यूनिवर्सिटी चौराहे के पास रविवार की सुबह 11:30 बजे के करीब नगर निगम के डंपर ने स्कूटी सवार दंपती को टक्कर मार दी। इसमें महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। कैंट पुलिस डंपर को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई कर रही है। खोराबार थाना क्षेत्र के जयपुर गांव की अन्नपूर्णा (52) अपने पति हरिशंकर प्रजापति के साथ इलाज कराने स्कूटी से जा रही थीं। सुबह करीब 11:30 बजे यूनिवर्सिटी चौराहे के पास पीछे से आ रही एक डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी।जिससे स्कूटी पर पीछे बैठी अन्नपूर्णा डंपर की चपेट में आ गईं। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पति हरिशंकर प्रजापति पोस्ट ऑफिस में काम करते हैं। उन्होंने 112 पर कॉल कर पुलिस को बुलाया। कैंट पुलिस ने तत्काल डंपर नंबर यूपी-53-एफटी-9612 को कब्जे में लेकर उसके चालक को हिरासत में ले लिया। चालक की पहचान तिवारीपुर थाना क्षेत्र के हिमांशु यादव के रूप में हुई। वह नगर निगम की कूड़ा गिराने वाली गाड़ी चलाता है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेजवा दिया। इस दौरान हरिशंकर को भी हल्की चोटें आई हैं।

## स्वच्छता रैंकिंग में गोरखपुर को मिला पहला स्थान

**गोरखपुर, अमृत विचार।** स्वच्छता के मामले में उत्तर प्रदेश में गोरखपुर ने पहला स्थान हासिल किया है, लेकिन शहर का कई वार्ड अभी भी स्वच्छता से महरूम है। जिसमें बशारतपुर, वार्ड नंबर-12 भोलाजीपुरम आज भी बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। यहां आरसीसी सड़क तो बनाई गई है, लेकिन नाली की सुविधा न होने से जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, स्थिति इतनी खराब है कि बारिश हो या न हो, सड़क पर पानी जमा रहता है। कई बार नाले का पानी उल्टा आकर सड़क पर फैल जाता है, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले में करीब 125 घर हैं और 1000 से अधिक लोग निवास करते हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी कर्मचारी हैं या रिटायर हो चुके हैं। इसके बावजूद यहां की मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया है। लोगों का कहना है कि जलभराव से न केवल यातायात बाधित होता है बल्कि गंदा पानी फैलने से बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

## नपा अध्यक्ष ने रक्षाबंधन पर दिया भाईचारे का संदेश

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर नपा बांसी की अध्यक्ष चमन आरा राईनी व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने परम्परा के अनुरूप नगर के विभिन्न वार्डों का दौराकर वहां के नागरिकों के साथ मिलकर भाइयों की कलाई पर राखी बाँधी। इस भावपूर्ण कार्यक्रम के जरिए श्रीमती राईनी ने सामाजिक एकता, सद्भाव का सशक्त सन्देश दिया है। शनिवार को नपाध्यक्ष द्वारा वार्डवार भ्रमण कर घर-घर जाकर राखी बाँधने की पारम्परिक रस्म निभाई गई। चमन आरा राईनी ने कहा कि उनकी विचारधारा जाति, धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर है। वे मानती हैं कि आदर्श नगर पालिका की जनता उनका परिवार है और पर्व मिलकर मनाने से सामाजिक सौहार्द व आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं। उन्होंने बताया कि यह परम्परा उनके परिवार में कई वर्षों से निभाई जा रही है। कई लोग पारम्परिक रूप से उनके घर जाकर राखी बंधवाते हैं। जो लोग नहीं पहुंच पाते, वह स्वयं उनके निवास पर जाकर राखी बांधती हैं।

# अमृत विचार

सोमवार, 11 अगस्त 2025






जहां आशा है, वहां जीवन है। यह हमें नए साहस से भर देती है और हमें फिर से मजबूत बनाती है। –ऐनी फ्रैंक

## व्याख्यान से मिले उत्तर

वायुसेना प्रमुख के हालिया उद्बोधन ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जहां कुछ अनसुने तथ्य उद्घाटित किए हैं, वहीं विपक्ष द्वारा इस अभियान पर उठाए कई आधारहीन और अनुत्तरित प्रश्नों के समुचित और आश्वस्तकारी उत्तर भी प्रस्तुत किए हैं। विपक्ष ने संसद में इस अभियान को 'तमाशा' बताते हुए सरकार से स्पष्टीकरण की मांग की थी। संभव है कि इसके बाद इस अभियान पर सवाल उठाने वाले किंचित संतुष्ट होंगे और सरकार की राजनीतिक इच्छा शक्ति, सेना के फैसलों में सरकार की सियासी दखल, उसके चलते शुरुआती नुकसान, अचानक सीज फायर की घोषणा तथा दूसरी कई शंकाओं के समाधान को लेकर अब वे इस मुद्दे पर और राजनीति नहीं करेंगे। उनकी समझ में यह बात आ गई होगी कि चीन, तुर्की की भूमिका सामान्यतया स्पष्ट है, हमारे कितने लड़ाकू जेट गिरे या रॉफेल को नुकसान पहुंचा या नहीं, यह सवाल अगर बेमानी नहीं हैं तो समयानुकूल भी नहीं हैं। खुफिया विफलताओं का जवाब सभी स्रोतों से क्रॉस-वेरिफिकेशन, तकनीकी प्रमाणों की सावधानीपूर्वक समीक्षा के बाद ही सामने आ सकता है। इसके बारे में प्रतीक्षा वांछनीय है। अतः महज प्रश्न उठाने के लिए वितंडा नहीं खड़ा करना चाहिए।

बेंगलुरु में एलएम कात्रे स्मृति व्याख्यान के 16वें संस्करण में दिए अपने व्याख्यान में चीफ एयर मार्शल के उद्बोधन से साफ हुआ कि राजनीतिक इच्छा शक्ति शानदार थी और सेना के हाथ बंधे नहीं थे। अभियान में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की भूमिका कितनी उल्लेखनीय रही और यह भी कि युद्ध अचानक क्यों रुका? पाकिस्तान महज 90 घंटों में घुटने पर क्यों आया? वायुसेना प्रमुख के अनुसार ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमने पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट और एक अवाक्स विमान को मार गिराया। एयर डिफेंस सरफेस-टू-एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम एस-400 ने पाकिस्तान के अवाक्स और एलिंट श्रेणी के इन लड़ाकू विमानों को 300 किलोमीटर की दूरी से निशाना बनाया। हमने कई आतंकी ठिकाने और सैन्य स्थल भी ध्वस्त किए। इन जगहों पर हमारे प्रहार कितने सटीक और सफल रहे, इसके आकलन के लिए हमले से पहले तथा उसके बाद उपग्रह के जरिए चित्र और वीडियो दस्तावेज हासिल किए। सतह से हवा में लक्ष्य को मार गिराने का यह अब तक का सबसे बड़ा कीर्तिमान है। इस कारगुजारी से पाकिस्तान को साफ संदेश गया कि भारत न केवल सीमा पार के आतंकी लॉन्चपैड को बल्कि पाकिस्तान के काफी भीतर स्थित आतंकी ठिकानों भी नष्ट कर सकता है। पाकिस्तान ने कुछ घंटों के संघर्ष में इतना व्यापक नुकसान झेला कि पाक सेना इस आकलन के साथ कि यदि वास्तविक युद्ध होता है या यह दौर कुछ दिन भी आगे खिंचता है तो भारी तबाही के इमकानात हैं। वह युद्ध विराम के प्रस्ताव के साथ आगे आई। बेशक, यदि आपके लक्ष्य हासिल हो जाएं तो युद्ध को खींचना किसी भी दृष्टिकोण से किसी के लिए भी उचित नहीं। उम्मीद है कि ऑपरेशन सिंदूर पर उठे प्रश्न अब राजनीतिक विमर्श के केंद्र बिंदु बन जनता में संदेह का फेक-नरेटिव नहीं फैलाएंगे।

### प्रसंगवश

## सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने की चुनौती




विवेक शुक्ला
लेखक


भारत की पांडुलिपियां हमारी संस्कृति, इतिहास और बौद्धिक विरासत का अनमोल हिस्सा हैं। ये प्राचीन दस्तावेज साहित्य, विज्ञान, दर्शन और धर्म से जुड़े हैं, जो हमारी विविध परंपराओं और ज्ञान की गहराई को दर्शाते हैं। ये हमें हमारी ऐतिहासिक जड़ों से जोड़ते हैं और सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं। संस्कृति, तमिल और फारसी जैसी भाषाओं में लिखी ये पांडुलिपियां गणित, खगोलशास्त्र और आयुर्वेद जैसे क्षेत्रों में भारत के योगदान को दिखाती हैं। इन्हें बचाना जरूरी है, वरना ये समय के साथ खराब होकर हमेशा के लिए खो सकती हैं। डिजिटाइजेशन और संरक्षण के जरिए इन्हें भविष्य के लिए सुरक्षित किया जा सकता है, ताकि लोग इनका अध्ययन कर सकें और भारत की इस धरोहर की वैश्विक सराहना हो।

पक्की और छपने लायक पांडुलिपि बनाना काफी कठिन है। नए शोधकर्ता, स्टूडेंट्स और यहां तक कि अनुभवी शिक्षाविद् भी इस प्रक्रिया की मुश्किलों से जूझते हैं। डॉ. आरसी गौड़, जो लाइब्रेरी और सूचना विज्ञान की बड़ी हस्ती हैं, ने अपनी और मयंक शेखर की लिखी किताब फ्रॉम मेनू स्क्रिप्ट टू मेमोरी (स्मृति से पांडुलिपि तक) में इसकी मुश्किलों के बारे में चर्चा की है। भारत की पांडुलिपि परंपरा दुनिया में सबसे विशाल और टिकाऊ है। ये पांडुलिपियां कई भाषाओं, लिपियों और ज्ञान प्रणालियों को समेटे हुए हैं, जो हमारी सभ्यता के दर्शन, चिकित्सा, विज्ञान, संगीत, कला और शासन के विकास को दर्शाती हैं। स्क्रिप्ट टू मेमोरी हर कदम पर शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन करती है। एक मजबूत परिकल्पना कैसे बनाएं और सही तरीके से मेथोडोलॉजी कैसे तैयार करें। इसके बाद ये शोध पत्र या थीसिस लिखने के गुर सिखाती है। ये तर्कों को सुसंगत बनाने, सबूतों का सही इस्तेमाल और साफ-सुथरी भाषा में लिखने की सलाह देती है। भारत में लाखों पांडुलिपियां हैं, जो पाली, प्राकृत, शारदा, ब्राह्मी जैसी लिपियों में लिखी गई हैं। ये ताड़पत्र, भोजपत्र, हस्त निर्मित कागज, कपड़े और ताम्रपत्रों पर हैं। पर्यावरण, लापरवाही और दस्तावेजीकरण की कमी से इन्हें खतरा है।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली संस्था इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA) जैसी संस्थाएं, जो यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड प्रोग्राम का हिस्सा हैं, हमारी साझा सभ्यता के ज्ञान को बचाने में अहम भूमिका निभाती हैं।' पांडुलिपियां सिर्फ ऐतिहासिक वस्तुएं नहीं, बल्कि आज के समाज को इसके बौद्धिक और आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने वाली जीवंत कड़ियां हैं। भारत की सांस्कृतिक धरोहर विश्व की सबसे प्राचीन और समृद्ध विरासतों में से एक है, जो हजारों वर्षों के इतिहास, परंपराओं, कला, संगीत, नृत्य, साहित्य, और दर्शन का अनूठा संगम है। यह धरोहर न केवल भारत की पहचान है, बल्कि यह देश की एकता, विविधता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक भी है। इसे सहेजना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि यह हमारी जड़ों से जोड़ता है। सामाजिक एकता को बढ़ावा देता है और भावी पीढ़ियों को उनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल्यों से अवगत कराता है। यह पर्यटन को बढ़ावा देकर आर्थिक विकास में भी योगदान देता है, क्योंकि ताज महल, अजंता-एलोरा, और खजुराहो जैसे स्थल विश्व भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

इसके अलावा, अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर जैसे लोक संगीत, नृत्य और हस्तशिल्प हमारी सांस्कृतिक विविधता को जीवित रखते हैं, जो सामाजिक समरसता और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करती है। सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण केवल भौतिक स्मारकों तक सीमित नहीं है। यह हमारी भाषाओं, परंपराओं, और जीवन शैली को भी शामिल करता है। यदि हम इसे संरक्षित नहीं करेंगे, तो हम अपनी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास के महत्वपूर्ण हिस्सों को खो देंगे। यह न केवल हमारी राष्ट्रीय अस्मिता को कमजोर करेगा, बल्कि वैश्वीकरण के दौर में हमारी अनूठी सांस्कृतिक विशेषताएं भी लुप्त हो सकती हैं। संस्कृति मंत्रालय के तहत विभिन्न योजनाएं, जैसे कला प्रदर्शन अनुदान योजना, युवा कलाकारों के लिए छात्रवृत्तिऔर टैगोर राष्ट्रीय सांस्कृतिक अनुसंधान अध्येतावृत्ति योजना, अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# वैज्ञानिक व ठेकेदार में से किसकी बात सुने सरकार!






अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक


उत्तरकाशी के धराली में तबाही के बाद हर कोई अटकल लगा रहा है कि बादल फटा, ग्लैशियर टूटा, झील बही, लेकिन उत्तराखंड में ज्यादा पर्यटक बुलाने और उससे भी ज्यादा क्रंकीट के विशाल निर्माण कराने की विकास नीति पर कोई बात नहीं कर रहा। इसका कारण है जो विकास के प्रोजेक्ट बनाते हैं, वही चर्चा को भी नियंत्रित करते हैं। इसका केदारनाथ से सटीक उदाहरण क्या होगा, जहां 2013 में बिल्कुल ऐसी ही आपदा आई थी और हजारों लोग मरे थे, लेकिन वहां अब पहले से ज्यादा हेलीकॉप्टर चल रहे हैं। केदारनाथ में शंकराचार्य की समाधि के लिए भारी मशीनों से खुदाई और निर्माण जारी है। ऐसा विकास सिर्फ उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में नहीं पूरे हिमालयी क्षेत्र में हो रहा है। जिस स्थानीय निवासी या पर्यटक के लिए विकास किया जाना है, दोनों की हादसों में जान जा रही है। वे त्राहिमाम कर रहे हैं, लेकिन विकास करने वाले रुकने के लिए तैयार नहीं हैं। हिमालयी क्षेत्र के भूगर्भीय संरचना और जलवायु परिवर्तन के कारकों के बहुत से अध्ययन हुए है। अब भी हो रहे हैं, लेकिन उनके निष्कर्षों पर ध्यान नहीं दिया जाता। इसे यूं भी कहा जा सकता है कि पहाड़ में वैज्ञानिक और ठेकेदार में से किसी एक की सुनना हो तो सरकार ठेकेदार की सुनती है।

दो साल पहले चार अक्तूबर 2023 को सिक्किम की ल्होनार्क झील का दक्षिणी किनारा टूट गया। बर्फीले पानी की विशाल राशि रास्ते में जो कुछ भी आया, उसे मलबा बनाते हुए तीस्ता नदी की ओर चल पड़ी। इस अचानक आई बाढ़ में सेना के जवानों समेत पैंतीस से अधिक लोग मारे गए। डेढ़ हजार घर टूटे। इससे पहले के एक दशक में ठीक इसी तरह ग्लैशियर के निकट झीलों में विस्फोटक बाढ़ की दो घटनाओं- उत्तराखंड में केदारनाथ (2013) और चमोली (2021) को याद रखना चाहिए। बादल फटने के नाम पर निपटा दी गई गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन की ये घटनाएं जलवायु परिवर्तन के साथ बढ़ती गरमी के कारण एक खास पैटर्न की आपदाएं हैं, जिनके लिए सिर्फ और सिर्फ पर्यावरण की अनदेखी कर मुनाफा कमाने में लगे मनुष्य जिम्मेदार हैं। ऐसे में भगवान से मनौती करने की तुलना में पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकना ज्यादा कारगर साबित हो सकता है।

सिर्फ चार साल पहले 2021 में आईआईटी रुड़की और इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस, बंगलुरू के छात्रों ने अमेरिका, आस्ट्रिया, ज्यूरिख, जेनेवा के विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों के साथ एक संयुक्त अध्ययन सिक्किम की ल्होनार्क झील का किया था और विस्फोटक बाढ़ की आशंका जताई थी। देश के उत्तर और उत्तर-पूर्व के हिमालयी क्षेत्र में ऐसी झीलों की संख्या बहुत ज्यादा है, जो ग्लोबल वार्मिंग के कारण खतरनाक हो चुकी हैं। इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर ने, 2016-17 के दौरान उपग्रह रिसोर्ससैट-2 से ली गई तस्वीरों को जोड़कर हिमालय में ग्लैशियरों से बनी झीलों का एक एटलस जारी किया है। इसके मुताबिक 0.25 हेक्टेयर से अधिक आकार की झीलों की संख्या 28000 से अधिक है। ऐसी झीलें, ग्लैशियरों के मुहाने पर बर्फ पिघलने से बनती हैं, जिसकी दर अब ग्लोबल वार्मिंग के कारण ज्यादा हो गई है। सिक्किम के आपदा प्रबंधन विभाग ने तीन सौ ऐसी झीलों की राज्य में पहचान की है, जिनमें से दस बेहद खतरनाक हो चुकी हैं। जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया ने उत्तराखंड की 486 में से 13 ग्लैशियल झीलों को खतरनाक पाया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा 2021 में किए गए एक अध्ययन के मुताबिक अरुणाचल और सिक्किम के बाद ऐसी खतरनाक ग्लैशियल झीलों की संख्या जम्मू-कश्मीर में सर्वाधिक है। इस परिदृश्य का सीधा सा निष्कर्ष यह है कि ग्लोबल वार्मिंग मानव जनित आफत है, जिसे हर मौसम के गर्म होने के रूप में सभी अनुभव कर रहे हैं।

आने वाले दिनों में इस तरह की झीलें पूरे गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन के इलाके में तबाही लाएंगी। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग को तुरंत नहीं रोका जा सकता, लेकिन ग्लैशियरों के मुहानों पर जलवायु परिवर्तनों की मॉनीटरिंग तुरंत शुरू की जानी चाहिए। वहां से मिले आब्जर्वेशन के नोट्स और आंकड़े किसी एक जगह बहुत कम समय में विश्लेषित किए जाने चाहिए, ताकि आसपास बसने वाले लोगों को समय रहते किसी आपदा की बाबत सतर्क किया जा सके। खतरनाक ग्लैशियरों की मॉनिटरिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक कार्यक्रम शुरू किए जाने की जरूरत है, जिसमें उपग्रहों और ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जाए। ग्लैशियरों के मुहाने की बाढ़ सामान्य बाढ़ से बहुत अलग होती है। इसमें बचाव और राहत का उतना समय नहीं मिलता और अक्सर पहाड़ की ढलानों से पानी का वेग बहुत बढ़ जाता है, जिससे तबाही कहीं ज्यादा होती है। विशेषज्ञ बहुत दिनों से चेतावनी दे रहे हैं कि हिमालय में सड़कें, बांध, पुल और इमारतें बनाते समय मानकों का ध्यान रखा जाए, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पा रहा है। तमाम मौसम संबंधी परियोजनाओं के अध्ययनों का निष्कर्ष है कि हिमालय क्षेत्र में ग्लैशियर पिघल कर पीछे की ओर हटते जा रहे हैं। इसका अर्थ है कि आने वाले दिनों में उनके मुहानों पर नई झीलें बनेंगी और पुरानी झीलों का आकार बढ़ता जाएगा। उत्तराखंड में गौमुख ग्लैशियर या गंगा नदी का उद्गम सिर्फ बीते दो दशकों में डेढ़ किलोमीटर पीछे हट चुका है। ग्लैशियरों को वैज्ञानिक, जलवायु में आने वाले बदलावों को मापने का सबसे अच्छा संकेतक मानते हैं, क्योंकि वहां प्रतिक्रिया होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता। अगर ग्लैशियरों की नहीं सुनी गई तो तय बात है कि पहले हिमालय फिर सबका अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

> ग्लैशियरों को वैज्ञानिक, जलवायु में आने वाले बदलावों को मापने का सबसे अच्छा संकेतक मानते हैं। अगर ग्लैशियरों की नहीं सुनी गई तो तय है कि पहले हिमालय फिर सबका अस्तित्व खत्म हो जाएगा।

### आमने



ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में विजय सिन्हा का नाम पटना और लखीसराय, दोनों जगहों पर दर्ज है। क्या विजय कुमार सिन्हा को चुनाव आयोग नोटिस जारी करेगा? इनको तो दो जगह से नोटिस मिलना चाहिए। एक पटना जिले से और दूसरा लखीसराय जिले से।
– **तेजस्वी यादव**, नेता प्रतिपक्ष, बिहार विधानसभा

### सामने



अप्रैल 2024 में मैंने लखीसराय में अपना नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए आवेदन किया था। उसी वक्त पटना में नाम हटाने का भी आवेदन किया। किसी कारणवश वहां से मेरा नाम नहीं हटा। एसआईआर के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के बाद मालूम पड़ा कि मेरा नाम दो जगह है। पटना से नाम हटवाने के लिए पांच अगस्त को बीएलओ को आवेदन दिया है।
– **विजय सिन्हा**, उपमुख्यमंत्री, बिहार

# खुदीराम बोसः जज से कहा, बम बनाना सिखा दें!




सुनील कुमार महला
लेखक


भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित करने वाले, बहुत ही बेबाक, अदम्य साहसी, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक, भारत के सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक खुदीराम बोस को 1908 में मुजफ्फरपुर की एक जेल में फांसी दे दी गई थी। खुदीराम भारत माता के वह वीर सपूत थे, जिनको मात्र 18 साल, 8 महीने और 8 दिन की बहुत ही छोटी सी उम्र में अंग्रेजों द्वारा फांसी दे दी गई। कुछ इतिहासकार उन्हें देश के लिए फांसी पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र का क्रांतिकारी मानते हैं। उनका जन्म बंगाल में मिदनापुर के हबीबपुर गांव में तीन दिसंबर 1889 को त्रैलोक्यनाथ बोस के यहां हुआ था। उनकी माताजी का नाम लक्ष्मी प्रिया देवी था। मैट्रिक की परीक्षा से पहले ही उन्होंने स्कूल छोड़ दिया। कहते हैं कि स्कूल के दिनों से ही वो अंग्रेजों के खिलाफ विभिन्न राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेने लगे थे। अनेक जलसों-जुलूसों में शामिल होकर अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ नारे लगाते थे। फिर 'रिवॉल्यूशनरी पार्टी' के सदस्य बने।

1906 में मिदनापुर में एक मेले का आयोजन किया गया। उस समय सत्येंद्रनाथ बोस ने 'वंदे मातरम्' शीर्षक से अंग्रेजी शासन का विरोध करते हुए एक पर्चा छपवाया। खुदीराम बोस को मेले में इस पर्चे के वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 1905 में बंगाल का विभाजन होने के बाद खुदीराम बोस ने सत्येंद्रनाथ बोस के नेतृत्व में अपने क्रांतिकारी जीवन की शुरुआत की थी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 1905 में बंगाल विभाजन (19 जुलाई, 1905 को लॉर्ड कर्जन द्वारा विभाजन) के विरोध में चलाए गए आंदोलन में खुदीराम ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। उस समय बंगाल ही नहीं पूरे भारत के लोगों के मन में अंग्रेजों के खिलाफ आक्रोश भड़क उठा था। उसी जमाने में स्वामी विवेकानंद के भाई भूपेंद्रनाथ दत्त ने 'जुगांतर' अखबार में एक लेख लिखा, जिसे सरकार ने राजद्रोह माना। कलकत्ता प्रेसिडेंसी के मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड ने न सिर्फ प्रेस को जब्त करने का आदेश दिया, बल्कि भूपेंद्रनाथ दत्त को ये लेख लिखने के आरोप में एक साल कैद की सजा सुनाई। इस फैसले ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह में आग में घी का काम किया। 28 फरवरी 1906 को खुदीराम बोस गिरफ्तार कर लिए गए, लेकिन वो कैद से भाग निकले और लगभग दो महीने बाद उन्हें अप्रैल में फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में, 16 मई 1906 को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। अपने साथी प्रफुल्लचंद चाकी के साथ मिलकर उन्होंने तत्कालीन सेशन जज किंग्सफोर्ड से बदला लेने की योजना बनाई। भारतीयों पर किंग्सफोर्ड के किए जा रहे अत्याचारों और क्रूरता से वो खफा थे।

खुदीराम बोस इतने साहसी और हिम्मती थे कि वोमुकुंदापुरा (बिहार) से लेकर मुजफ्फरपुर तक बम पहुंचाने के लिए झोले में बम लेकर कई किलोमीटर (लगभग 40 किलोमीटर तक) पैदल चले थे। छह दिसंबर 1907 को उन्होंने नारायगढ़ रेलवे स्टेशन पर बंगाल के गवर्नर की विशेष ट्रेन पर हमला किया, परंतु गवर्नर बच गया। सन् 1908 में उन्होंने दो अंग्रेज अधिकारियों वाट्सन और पैंफायल्ट फुलर पर बम से हमला किया, लेकिन वे भी बच निकले। 30 अप्रैल 1908 को मुजफ्फरपुर में सेशन जज की गाड़ी पर उन्होंने और चाकी ने बम फेंक दिया। उस समय गाड़ी में जज किंग्सफोर्ड की जगह उसकी परिचित दो यूरोपीय महिला कैनेडी और उसकी बेटी सवार थी। किंग्सफोर्ड के धोखे में दोनों महिलाएं मारी गईं, जिसका उन्हें और उनके साथी प्रफुल्ल चंद चाकी को बेहद अफसोस हुआ। महात्मा गांधी ने हिंसा की निंदा की और दो निर्दोष महिलाओं की मौत पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'भारतीय लोग इन तरीकों से अपनी आजादी नहीं जीत पाएंगे।' बाल गंगाधर तिलक ने अपने अखबार केसरी में दोनों क्रांतिकारियों का बचाव किया और तत्काल स्वराज की मांग की। इसके बाद ब्रिटिश औपनिवेशिक सरकार ने राजद्रोह के आरोप में तिलक को भी तुरंत गिरफ्तार कर लिया। धोखे में कैनेडी और उसकी बेटी के मारे जाने के बाद, अंग्रेज पुलिस खुदीराम के पीछे लगी थी। वैनी रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने खुदीराम को घेर लिया गया। पुलिस से घिरा देख उनके साथी प्रफुल्लचंद चाकी ने खुद को गोली मारकर अपनी शहादत दे दी, जबकि खुदीराम पकड़े गए। उन पर दो महिलाओं की हत्या का मुकदमा चलाया गया। खुदीराम ने अपनी गिरफ्तारी के बाद साफ तौर पर कहा कि उन्होंने किंग्सफोर्ड को सजा देने के लिए बम फेंका था। इतना ही नहीं, जज कॉर्नडॉफ की अदालत में सुनवाई के दौरान जब खुदीराम से यह सवाल किया गया कि क्या वह फांसी की सजा का मतलब जानते हैं? तो उनके वकील ने उनकी कम उम्र का हवाला दिया। तब खुदीराम बोस ने जज कॉर्नडॉफ से कहा कि वह उन्हें भी बम बनाना सिखा सकते हैं। यह वास्तव में उनकी बेबाकी और साहस को दर्शाता है। उनके बारे में ब्रिटिश अखबार 'द इंग्लिशमैन' ने लिखा- खुदीराम की मौत से पहले की प्रसन्नता और निर्भीकता ने हमें भी झकझोर दिया है।' उन्हें 11 अगस्त 1908 को अंग्रेजी सरकार ने फांसी की सजा सुनाई।

> क्रांतिकारी खुदीराम बोस निर्भीक और बेबाक थे। जब जज ने उनसे पूछा कि क्या वह फांसी की सजा का मतलब जानते हैं? जवाब में उन्होंने कहा, अगर आप चाहें तो मैं आपको भी बम बनाना सिखा सकता हूं।

### सामयिकी

## एक सामाजिक युद्ध होना चाहिए नशे के विरुद्ध




डॉ. मीनू मेहरोत्रा
प्रोफेसर, हिंदू कॉलेज


अभी हाल ही में एक पिता नशे की हालत में अपने आठ साल के बच्चे की छाती पर बैठ गया और इतना टार्चर किया कि बच्चे का दम निकल गया। बहुचर्चित घटना जो कि मेरठ में घटित हुई। पत्नी मुस्कान ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने उस पति, जिसके साथ प्रेम विवाह किया था, बेरहमी के साथ निर्मम हत्या करके मानवीयता के उस रिश्ते को शर्मसार कर दिया, जिसको हमारे समाज में न केवल सर्वोच्च स्थान दिया जाता है, बल्कि ईश्वर की कृपा का प्रसाद माना जाता है। इसमें भी बर्बरता की जड़ में शराब का नशा पाया गया, जिसका प्रयोग मुस्कान और उसके प्रेमी ने किया। शाहजहांपुर में सगे भाई ने दूसरे भाई को दो किलो आटा चुराने के कारण जान से मार दिया। सुनने में अप्रत्याशित लगी घटना जब पड़ताल हुई तो ज्ञात हुआ कि भाई शराब के नशे का आदी था। अमरोहा में शराब के नशे में पत्थर से मार कर छोटे भाई की जान ले ली। नशे के पैसे न मिलने पर 17 साल के नरेला इलाके के युवक ने आत्महत्या की। ऐसे न जाने कितने युवा अपने जीवन को लील चुके हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार 2021 में 75 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए। हर साल नौ हजार लोग नशे के कारण आत्महत्या कर चुके हैं। पंजाब-हरियाणा जैसे राज्य में हर वर्ष 15% की वृद्धि हो रही है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कठोर नियम बनाने के कड़े निर्देश दिए हैं। नशा केवल एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं है। यह पूरे समाज और राष्ट्र के लिए खतरा है।

इन घटनाओं से स्पष्ट है कि नशे की समस्या से निपटने के लिए केवल कानून लागू करना ही पर्याप्त नहीं है। इसे रोकने के लिए जागरूकता अभियान के साथ ही पारिवारिक सहयोग, युवाओं से संवाद, स्कूल एवं कॉलेज में अध्यापकों को प्रहरी की भूमिका निभाते हुए आगे आना होगा। आज देश के अंदर ही नहीं देश की बाहरी ताकतें हमारे युवाओं की ऊर्जा को खत्म करने का एक षड़यंत्र रच रही हैं। नशे के खिलाफ एक सामाजिक युद्ध की दरकार है। यह युद्ध किसी कानून से नहीं, बल्कि हमारे आपके जतन से सफल होगा। यह एक भयावह समस्या है और करोड़ों युवा लगातार इसके शिकार होते जा रहे हैं।

आज का युवा नशे की गिरफ्त में जा रहा है और समाज इसकी चिंता करने के बजाय इसको प्रतिष्ठा का सूचक मान रहा है। अलग-अलग पीड़ित परिवारों के बालक नशे की लत में पड़कर न केवल अपना यौवन वरन् अपने परिवार और समाज के साथ राष्ट्र को भी दीर्घकालिक हानि पहुंचाने का काम कर रहे हैं। एक समय था जब पड़ोसी को भी यह चिंता रहती थी कि हमारे पड़ोसी का बालक किसी गलत संगत में ना पड़ जाए, किंतु जब से मानवीय व्यवहार में परिवर्तन आया और लोग केवल हम और हमारे की भावना और स्वार्थ में डूब गए। आज पूरा समाज ऐसी अवधारणा का शिकार है, जहां केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थ और अति अवसरवादी सोच से पूरी मानव जाति पीड़ित है, जो कि पूरे राष्ट्र को बीमारू बना देगी।

सवाल यह है उठता है कि यह सब कानूनन अपराध होने के बाद भी इस स्तर तक कैसे पनप रहा है? नशा न केवल स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या वरन् एक ऐसी राष्ट्रीय समस्या है, जिसका निवारण करने के लिए हर उस व्यक्ति को आगे आना होगा, जो स्वयं को इस देश का नागरिक समझता है। उसको अपनी प्राथमिकता में इसका निवारक सदस्य बनना होगा। पंजाब में नशे की समस्या इतनी गहरी है कि कुछ गांव में हर घर का कोई न कोई सदस्य नशे का आदी है। हजारों लोग नशे की लत के कारण न सिर्फ अपना जीवन बर्बाद कर चुके हैं, बल्कि परिजनों तक की हत्या कर चुके हैं। आर्थिक राजधानी मुंबई में 2022 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एक रेव पार्टी में तीन किलो सिंथेटिक ड्रग्स जब्त किया और जिन 25 युवाओं को पकड़ा, वह भी संभ्रांत परिवारों के थे। सभी परिवारों को इसकी जानकारी तक न थी।

### सोशल फोरम

## ओपन-बुक असेसमेंट से बढ़ेगी समझ!





मनोज अभिज्ञान
लेखक


सीबीएसई ने 2026-27 से कक्षा नौ में ओपन-बुक असेसमेंट शामिल करने का फैसला किया है। ओपन-बुक असेसमेंट के पायलट प्रोजेक्ट में छात्रों का प्रदर्शन बहुत ऊंचा नहीं रहा। अंक 12% से 47% के बीच रहे, लेकिन शिक्षाविदों ने इस पद्धति के पक्ष में राय दी। उनका मानना है कि यह छात्रों में आलोचनात्मक सोच और वास्तविक जीवन में ज्ञान के उपयोग की क्षमता विकसित कर सकती है। यह विचार नई शिक्षा नीति 2020 और 2023 के राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे के अनुरूप है, जिसमें कहा गया है कि मूल्यांकन का लक्ष्य याद्दाश्त की जांच से हटकर समझ, विश्लेषण और प्रयोग को परखना होना चाहिए। यह बदलाव शिक्षा के उद्देश्य को लेकर हमारी सोच में बदलाव की ओर इशारा करता है। रटकर याद कर लेना शिक्षा का सबसे निचला स्तर है और हमारे पारंपरिक परीक्षा तंत्र ने वर्षों से इसी को अपनाए रखा है। इससे छात्रों की रचनात्मक और विश्लेषणात्मक क्षमताएं सीमित रह जाती हैं। ओपन-बुक असेसमेंट में छात्र को किताब या नोट्स खोलने की छूट है, लेकिन यह सुविधा तभी अर्थपूर्ण होती है, जब प्रश्न इस तरह बनाए जाएं कि केवल तथ्य ढूंढने से काम न चले, बल्कि उनका उपयोग करके नए संदर्भ में समस्या हल करनी पड़े। शिक्षा का लक्ष्य सोचने की क्षमता और समझ विकसित करना है, न कि सिर्फ सूचनाएं भरना। ओपन-बुक परीक्षा इसी दिशा में प्रयोग है, क्योंकि यह छात्र को ज्ञान भंडारण के बजाय ज्ञान प्रयोग के लिए प्रेरित करती है।

हालांकि, यह भी सच है कि महज़ किताब खोलने की अनुमति देने से आलोचनात्मक सोच नहीं आती। इसके लिए शिक्षण पद्धति, सवालों की गुणवत्ता और छात्रों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण में बदलाव जरूरी है। अगर शिक्षक खुद पुराने पैटर्न के मुताबिक पढ़ाते रहेंगे, तो ओपन-बुक भी रटंत संस्कृति का ही एक और नया रूप बन जाएगी। यह कदम अगर गंभीरता से लागू किया गया, तो यह न केवल परीक्षा के दबाव को कम करेगा बल्कि छात्रों को इस बात की आदत भी डालेगा कि जीवन में समस्याओं का हल ढूंढना सिर्फ याददाश्त पर निर्भर नहीं होता, बल्कि जानकारी को समझकर सही संदर्भ में लागू करने की क्षमता पर निर्भर करता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# माइलेज, परफॉर्मेंस और इको फ्रेंडली
# हाइब्रिड टेक्नोलॉजी



इलेक्ट्रिक कार खरीदें या हाइब्रिड, यह सवाल कार खरीदने वालों के लिए परेशानी का सबब बना रहता है। कार डीलर इसका जवाब निजी जरूरत या प्राथमिकता से जोड़ते हैं। मसलन, यदि आप शहर में अधिक गाड़ी चलाते हैं और ईंधन की बचत करना चाहते हैं, तो हाइब्रिड कार अच्छा विकल्प हो सकती है। लेकिन यदि लंबी दूरी तक गाड़ी चलाते हैं, तो आपको एक पारंपरिक पेट्रोल-डीजल के अलावा माइल्ड हाइब्रिड कार ही लेने के बारे में सोचना चाहिए । अधिकतर लोग बेहतर माइलेज, कम प्रदूषण, आरामदायक सवारी, सब्सिडी और बढ़िया रीसेल वैल्यू जैसे फायदों की वजह से इलेक्ट्रिक, पेट्रोल-डीजल और सीएनजी कारों की बजाय हाइब्रिड कारें खरीदने की सोचते हैं। ऐसे में यदि इनकी कीमतें कम हो जाए तो 10-12 लाख के सिगमेंट में भी किफायती ऑप्शन बन सकती हैं। फिलहाल टोयटा अर्बन क्रूजर हाइराइडर और कैम्री, इनोवा हाईक्रास, मारूति ग्रैंड विटारा, होंडा सिटी ई एचईवी जैसे मॉडल सड़क पर दौड़ते देखे जा सकते हैं, तो किआ सेल्टोस और हुंडई क्रेटा लॉन्चिंग की तैयारी में हैं।

## तीन तरह की होती हैं हाइब्रिड कार

ये कारें तीन तरह की होती हैं। माइल्ड हाइब्रिड में जहां इलेक्ट्रिक मोटर केवल इंजन की मदद करता है, वहीं स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड कुछ दूरी तक पूरी तरह बैटरी से चल सकती है, जबकि प्लग-इन हाइब्रिड की बैटरी को बाहरी चार्जर से भी चार्ज किया जा सकता है।

### ट्रांजिशन तकनीक के रूप में उभरने के लिए खुला बाजार

- भारत में इलेक्ट्रिक कारों का दबदबा बढ़ने में अभी थोड़ा और समय लग सकता है। इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है। हाईवे या एक्सप्रेसवे पर चार्जिंग स्टेशन अब खुलने शुरू हो रहे हैं। ऐसे में हाइब्रिड कारें एक ट्रांजिशन तकनीक के रूप में उभर सकती हैं।

### तकनीक के 97 साल बाद पहली पीढ़ी की कार


हाइब्रिड कार का जन्म 20वीं सदी की शुरुआत में हुआ था। फर्डिनेंड पोर्श और जैकब लोहनर द्वारा विकसित लोहनर-पोर्श मिक्सटे को दुनिया का पहला हाइब्रिड वाहन माना जाता है। इसमें एक गैसोलीन इंजन और चार इलेक्ट्रिक मोटर लगे थे। लेकिन अपर्याप्त तकनीक, बैटरी चार्ज में काफी समय और इलेक्ट्रिक मोटर की कमजोर पॉवर से यह कार लोगों को पसंद नहीं आई। इसके बाद साल 1997 में टोयोटा ने पहली पीढ़ी की हाइब्रिड कार प्रियस लॉन्च की। यह कार सफल रही।

### ईंधन की खपत कम, सफर दूर तक

हाइब्रिड कारों में पारंपरिक पेट्रोल इंजन के साथ इलेक्ट्रिक मोटर भी होता है। यह कार जरूरत के अनुसार कभी पेट्रोल इंजन, कभी इलेक्ट्रिक मोटर और कभी दोनों का इस्तेमाल करती है। इस कारण ईंधन की खपत कम होती है और माइलेज बेहतर मिलता है। इलेक्ट्रिक कारें जहां सिर्फ बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर से चलती हैं, और पेट्रोल या डीजल की जरूरत नहीं होती है, वहीं हाइब्रिड कारों में दो सिस्टम होते हैं, पहला पेट्रोल या डीजल इंजन और दूसरा इलेक्ट्रिक मोटर।

### चार्जिंग की जरूरत नहीं, चलाने के दौरान चार्ज हो जाती हैं चार्ज

इलेक्ट्रिक कार को चार्ज करने के लिए जहां घर पर चार्जर या बाहर चार्जिंग स्टेशन की जरूरत होती है, वहीं हाइब्रिड कारों को चार्ज करने की जरूरत नहीं पड़ती है। यह ड्राइविंग के दौरान ऑटोमैटिकली चार्ज हो जाती हैं।




### ऊंचे दाम और मेंटीनेंस केवल डीलर के पास

- हाइब्रिड कारों के साथ बड़ी मुश्किल यह है कि ये पारंपरिक पेट्रोल या डीजल कारों की तुलना में करीब 30 प्रतिशत तक महंगी हैं। यदि एक पेट्रोल कार की कीमत 12 लाख रुपये है, तो उसका हाइब्रिड वर्जन 16 लाख रुपये तक हो सकता है। दूसरी दिक्कत यह है कि हाइब्रिड कार में किसी मैकेनिक से काम नहीं करा सकते हैं। इसकी बैटरी की वोल्टेज ज्यादा होती है और इलेक्ट्रिक पार्ट को बिना जानकारी के टच नहीं कर सकते हैं। ऐसे में मेंटीनेंस के लिए डीलर को दिखाना पड़ता है और वह पुर्जा रिपेयर करने की जगह रिप्लेस करते हैं। इससे रिपेयरिंग कॉस्ट बढ़ती है।



लेखक
परेश त्रिवेदी
आटो एक्सपर्ट



## बारिश में धोते रहें वाहन वर्ना पेंट की चमक पड़ सकती है फीकी

- अगर आप शहर में रहते हैं और रोज कार या बाइक का इस्तेमाल करते हैं, तो महीने में तीन बार तक वाहन को धोना बढ़िया है। औसतन हर 10 दिन में एक बार। ऐसा इसलिए क्योंकि शहर में धूल और प्रदूषण के कण वाहन की सतह या बॉडी पर जम जाते हैं। अगर इन्हें समय पर साफ न किया जाए, तो ये पेंट खराब कर सकते हैं। बारिश के मौसम में जरूर वाहन को तीन से अधिक बार धो सकते हैं, क्योंकि जलभराव या कीचड़ से गुजरने पर मिट्टी और गंदा पानी वाहन के पेंट को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- छाया में कार धोना उपयुक्त होता है। सूरज की रोशनी में पानी पानी जल्दी सूख जाने से धब्बे बन जाते हैं।
- बारिश के समय कार को वैक्स करना चाहिए। इससे पेंट की सुरक्षा होती है। पेंट चमकदार बना रहेगा।
- कार के अंदर के हिस्सों की साफ – सफाई पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि फफूंदी लगने से रोका जा सके।



## ट्रैक्टर खूब बिके, बाकी वाहनों की बिक्री में दर्ज हुई गिरावट

बीते तीन महीनों की वृद्धि के बाद, देश के ऑटो रिटेल क्षेत्र ने जुलाई में ब्रेक लगा दिया। इस माह कुल खुदरा बिक्री में पिछले वर्ष इसी माह के मुकाबले 4.31 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि मारुति सुजुकी ने घरेलू कार बाजार में अपना झंडा बुलंद रखा, वहीं हुंडई ने महिंद्रा को पछाड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। इस माह यात्री वाहनों और दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में गिरावट आई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री स्थिर रही। ट्रैक्टरों की बिक्री में दोहरे अंकों की वृद्धि रही, इसका कारण भरपूर बारिश और मजबूत फसल बुवाई माना जा रहा है।



**काम की बात**

## एथेनॉल ब्लेंड पेट्रोल का दायरा तेजी से आगे बढ़ेगा



- सरकार एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को बढ़ावा देकर ग्रीन फ्यूल पॉलिसी को आगे बढ़ा रही है। पेट्रोल पंपों पर 20 फीसदी तक एथेनॉल मिश्रण किया जा रहा है। लेकिन एथेनॉल ब्लेंड पेट्रोल का इस्तेमाल करने पर वाहन का माइलेज कम होने और मरम्मत खर्च बढ़ने की शिकायतों के बीच सरकार ने साफ कर दिया है कि एथेनॉल ब्लेंड पेट्रोल से किसी वाहन में कोई दिक्कत सामने नहीं आई है। इंडियन ऑयल पहले ही एथेनॉल के 300 से ज्यादा पेट्रोल पंप खोल चुका है। हालांकि पेट्रोल में 27 फीसदी तक एथेनॉल मिलाने को लेकर सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जरूर कहा है कि अभी यह फाइनल नहीं है।

## 100 शहरों को जोड़ रहे प्रीमियम इलेक्ट्रिक इंटरसिटी कोच



- ग्रीनसेल मोबिलिटी की न्यूगो देश की सबसे बड़ी इंटरसिटी इलेक्ट्रिक कोच सेवा बन गई है। इसकी सेवाएं 100 से ज्यादा शहरों में संचालित हो रही हैं। कंपनी सुविधाजनक, आरामदेह यात्रा उपलब्ध कराती है। न्यूगो ने पिछले दिनों दिल्ली-हिसार, जयपुर-कोटा, इंदौर-रतलाम, बेंगलुरू से मैसूर रूट पर संचालन शुरू किया है। कंपनी का दावा है कि उसके कोच सुरक्षा, समयबद्धता और आराम के लिए डिजाइन किए गए हैं, और एक बार चार्ज करने पर 250 किमी से अधिक सफर पूरा करते हैं।

## 40% घट सकता है टैरिफ से कारोबार

- अमेरिका की 50 फीसदी टैरिफ नीति से देश का ऑटो पार्ट्स एक्सपोर्ट काफी प्रभावित हो सकता है। भारतीय ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अमेरिका एक बड़ा बाजार है। सालाना करीब 60,000 करोड़ के पुर्जे वहां भेजे जाते हैं। आटो उद्योग के जानकार अनुमान लगा रहे हैं कि टैरिफ में इस बढ़ोतरी से यह कारोबार 40 फीसदी तक घट सकता है।

## बाइक को खास लुक देने से पहले समझ लें नियम-शर्तें

बड़ी संख्या में युवक अपनी बाइक को आकर्षक या खास लुक देने के लिए मॉडिफिकेशन कराते हैं। कोई साइलेंसर बदलवाता है तो कोई बॉडी या लाइट में बदलाव कराता है, लेकिन कई बार यह काम जानकारी नहीं होने से परेशानी का सबब बन जाता है।



### बीमा और वारंटी के नियम देख लें

- अगर आपकी बाइक वारंटी या बीमा कवर में है, तो अवैध बदलाव कराने पर ये रद्द हो सकते हैं। बीमा कंपनियां वैध बदलाव ही कवर करती हैं, कंपनी की वारंटी भी तब खत्म हो जाती है, जब आप बाइक के ओरिजिनल पार्ट्स से छेड़छाड़ या बदलाव करते हैं। इसलिए कंपनी की शर्तों को ध्यान से पढ़कर ही फैसला लें।

### आरटीओं के नियम भलीभांति समझें

- बाइक मॉडिफाई कराने से पहले सुनिश्चित कर लें कि यह आरटीओ के नियमों में आता भी है या नहीं। हर तरह का मॉडिफिकेशन कानूनी दायरे में नहीं आने से ट्रैफिक पुलिस जुर्माना लगाने के साथ बाइक जब्त भी कर सकती है। साइलेंसर, हेडलाइट और बॉडी स्ट्रक्चर से जुड़े बदलाव नियमों की जानकारी लेकर ही करें।
- **सुरक्षा से कोई खिलवाड़ न करें:** बाइक को ब्यूटीफुल बनाने में सुरक्षा से समझौता न करें। ब्रेक, टायर, साइलेंसर या सस्पेंशन आदि को बदलने में क्वालिटी ब्रांड्स का ही इस्तेमाल करें। लोकल या सस्ते पार्ट्स दुर्घटना का खतरा बढ़ा सकते हैं।



### अनुभवी मैकेनिक का ही चुनाव करें

बाइक का गलत मॉडिफिकेशन कराने से उसकी परफॉर्मेंस और सुरक्षा पर असर पड़ता है, इसलिए किसी अनुभवी मैकेनिक से सलाह लेकर ही टेक्निकल बदलाव कराएं, ताकि बाइक सुरक्षित, टिकाऊ और स्थिर बनी रहे।

## सड़क पर ठसक से दिखा रही झलक

महिंद्रा एंड महिंद्रा यूएसवी के क्षेत्र में एक के बाद एक बड़ा धमाका कर रही है। कंपनी की इलेक्ट्रिक कार XEV 9e और BE 6 में बेहतरीन सस्पेंशन, एडवांस एडीएएस और 500 किमी से अधिक की सिंगल चार्ज रेंज मिल रही है। दोनों एसयूवी में उपलब्ध ऑटो पार्क, एमएआईए नामक इंटीग्रेटेड एआई फीचर ग्राहकों को काफी पसंद आ रहे हैं।




रुद्रपुर में कुमार ऑटोमोबाइल के महाप्रबंधक (सेल्स) विपिन पांडे ने बताया महिंद्रा XEV 9e और BE 6 में ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आर्किटेक्चर आधारित प्रणाली लगी है। यह एक शक्तिशाली प्रोसेसर और उन्नत एआई एल्गोरिदम का उपयोग करके बेहतर कनेक्टिविटी होने के कारण एमएआईए 5 जी, वाईफाई और ब्लूटूथ के माध्यम से आसान कनेक्टिविटी प्रदान करती है। दोनों एसयूवी में उपलब्ध एमएआईए में ड्राइवर की थकान का पता लगाने और सुरक्षा के लिए एक डीओएम (सेल्फी) कैमरा भी है, जो जरूरत पड़ने पर ब्रेक लगाने की सलाह देता है।



### आईएनजीएलओ तकनीक का प्रयोग

- यह सिस्टम 30 से अधिक प्री-इंस्टॉल एप्स के साथ नया यूआई प्रदान करता है और निजी प्राथमिकताओं के अनुसार अनुकूलित किया जा सकता है। एडीएस, एडीएएस (एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम) सुविधाओं जैसे ऑटोनॉमस पार्किंग, 360 डिग्री कैमरा और लेवल 2 एडीएएस सूट को भी सपोर्ट करता है। कार को एंग्लो (आईएनजीएलओ) तकनीक प्लेटफार्म से तैयार किया गया है। इस कारण ग्राहकों को आ रही हैं। महिंद्रा XEV 9e की शुरुआती कीमत 21.90 लाख जबकि BE 6 की कीमत 18.90 लाख रुपये है।

**विनिर्माण केंद्र के लिए भूमि सुधारों की जरूरत**

**नई दिल्ली।** उद्योग निकाय सीआईआई ने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए 3-5 प्रतिशत की समान स्टांप शुल्क दरों जैसे व्यापक भूमि सुधारों की जरूरत है। सीआईआई ने सुधारों के लिए जीएसटी परिषद जैसी संस्था के गठन पर जोर दिया। संरक्षणवाद और व्यापार युद्ध के चलते चुनौतियां हैं, लेकिन भारत का स्थिर नीतिगत ढांचा, मजबूत औद्योगिक क्षमताएं, बड़ा घरेलू बाजार और युवा कार्यबल इसे एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाता है।

अमृत विचार
अयोध्या, सोमवार, 11 अगस्त 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### जून में एसी कंपनियों की कमाई 34% प्रभावित

**नई दिल्ली।** बेमौसम बारिश व समय से पहले मानसून आने से कमरे में लगने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली सूचीबद्ध कंपनियों का राजस्व जून तिमाही में 34 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ। वोल्टास, ब्लू स्टार और हैवेल्स सहित सूचीबद्ध कंपनियों ने जून तिमाही में अपने आवासीय कमरा एयर कंडीशनिंग (आरएसी) खंड में 13-34 प्रतिशत की गिरावट का सामना किया। इससे उनके राजस्व और मार्जिन पर अल्पकालिक दबाव बना है। बारिश के अलावा पिछले वर्ष की इसी तिमाही के उच्च आधार ने भी जून, 2025 तिमाही में कंपनियों के नतीजों पर दबाव बनाया।

### मैरिको का दोहरे अंक की वृद्धि का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख मैरिको अगली एक या दो तिमाहियों में घरेलू बाजार में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज करने की उम्मीद कर रही है। मैरिको के प्रबंध निदेशक और सीईओ सौगात गुप्ता ने कहा कि मूल फ्रेंचाइज और कारोबार के विस्तार के साथ कंपनी को यह लक्ष्य हासिल होने की उम्मीद है। कंपनी ने घरेलू कारोबार में नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और अब मैरिको का लक्ष्य इस साल कीमतों में बदलाव के दम पर राजस्व में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हासिल करना है। कुल राजस्व की बात करें तो, कीमतों में बदलाव से हम इस साल 20 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हासिल कर पाएंगे।

### ईवी के लिए चार्जिंग ढांचे का विकास महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विकास इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की स्वीकार्यता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि गाड़ी के पूरी तरह चार्ज होने के बाद तय की जाने वाली दूरी को लेकर ग्राहकों की चिंता के चलते घरेलू इस्तेमाल के लिए ईवी को स्वीकार करने में बाधा है। घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री लगभग दोगुनी हो गई है, लेकिन कुल मिलाकर यह संख्या अब भी बहुत कम है।

# महंगाई के आंकड़े बदलेंगे बाजार की चाल

## एफआईआई की गतिविधि और वैश्विक व्यापार तनाव पर भी रहेगी निवेशकों की नजर

नई दिल्ली, एजेंसी



- ओएनजीसी, आईओसी, हिंडाल्को, बीपीसीएल व अन्य कंपनियों के नतीजे डालेंगे प्रभाव

स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुद्रास्फीति के आंकड़ों, व्यापार से जुड़े घटनाक्रमों, कंपनियों के तिमाही नतीजों और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा वैश्विक बाजार के रुझान भी कारोबारी धारणा को प्रभावित करेंगे। शुक्रवार यानी 15 अगस्त को शेयर बाजार स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शोध अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह सभी की निगाह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति और थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों, भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों से जुड़े घटनाक्रमों पर रहेगी। अब तिमाही नतीजों का सीजन समाप्त होने वाला है। सप्ताह के दौरान अशोक लेलैंड, ओएनजीसी, आईओसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, बीपीसीएल और अन्य कंपनियों के नतीजे आएंगे, जिससे शेयर विशेष गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, इस सप्ताह व्यापार वार्ता, व्यापक आर्थिक आंकड़े, तिमाही नतीजे और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह बाजार को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भारत और अमेरिका से कोई घटनाक्रम बाज़ार को प्रभावित करेगा। मीणा ने कहा, भारत, अमेरिका और चीन इस सप्ताह महत्वपूर्ण आंकड़े जारी करेंगे। ऊंचे शुल्क की वजह से 12 अगस्त को आने वाला अमेरिका का मुद्रास्फीति का आंकड़ा काफी महत्व रखता है। भारत के मुद्रास्फीति के आंकड़े भी उसी दिन जारी होंगे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, तिमाही नतीजों का सीजन अब समाप्त हो रहा है, जिससे शेयर-विशिष्ट गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। शुल्क के मोर्चे पर स्पष्टता आने तक शेयर बाजार में कमजोरी की स्थिति रहेगी।

### शीर्ष छह कंपनियों की पूंजी 1.36 लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में कमजोरी का सिलसिला जारी रहने की वजह से बीते सप्ताह देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 1.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा झटका लगा। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार छठे सप्ताह गिरावट के साथ बंद हुआ। पिछल हफ्ते सेंसेक्स 742.12 अंक यानी 0.92 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी में 202.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसी दिग्गज कंपनियों के बाजार मूल्य में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बजाज फाइनेंस को इस दौरान लाभ हुआ। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

### एफपीआई ने 18,000 करोड़ बाजार से निकाले

अमेरिका के साथ व्यापार तनाव, पहली तिमाही में कंपनियों के कमजोर नतीजों और रुपये में गिरावट से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त में अब तक भारतीय शेयर बाजार से 18,000 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। इसके साथ ही वर्ष 2025 में अब तक एफपीआई की कुल इक्विटी निकासी 1.13 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच चुकी है। डिपॉजिटरी के मुताबिक, एक से आठ अगस्त के बीच एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से 17,924 करोड़ रुपये निकाले। इससे पहले जुलाई में भी उन्होंने 17,741 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। हालांकि मार्च से जून की अवधि में एफपीआई ने 38,673 करोड़ रुपये का निवेश किया था। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया में सह निदेशक एवं शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने बताया कि निकासी का मुख्य कारण भारत-अमेरिका के बीच बढ़ता व्यापार तनाव, कमजोर तिमाही नतीजे और रुपये में आई कमजोरी है।

# एसआईपी : भविष्य सुरक्षित रखने के प्रति लोगों का रुझान

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- बैंकों में कम ब्याज दरों के चलते बाजार में निवेशकों की संख्या बढ़ी

**अमृत विचार।** महंगाई और आर्थिक अनिश्चितता के दौर में लोग पारंपरिक बचत साधनों से हटकर बेहतर रिटर्न वाले निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। बैंकों में कम ब्याज दरों के चलते अब लोगों का झुकाव सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (सिप) की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

सिप म्युचुअल फंड में नियमित अंतराल पर एक निश्चित राशि निवेश करने की प्रक्रिया है, जो साप्ताहिक, मासिक या त्रैमासिक हो सकती है। जुलाई 2024 में एसआईपी निवेश 13.09 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जबकि जून 2024 में यह 12.43 लाख करोड़ था। जून 2025 में समाप्त तिमाही में 1.67 करोड़ नए एसआईपी अकाउंट खुले, जो निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में 1.41 करोड़ खाते खुले थे। डिजिटल प्लेटफॉर्म 'ग्रो' ने अकेले 41.9 लाख नए अकाउंट जोड़कर 25 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की। सिर्फ जून में ही ग्रो पर 15.7 लाख नए खाते खुले, जो किसी भी वितरक द्वारा एक माह में सर्वाधिक है। विशेषज्ञों के अनुसार, बैंक जमा में 'लो रिस्क-लो गेन' का सिद्धांत लागू होता है, जबकि सिप में 'हाई रिस्क-हाई गेन' की संभावना रहती है। हालांकि, सिप में कोई गारंटेड रिटर्न नहीं है, फिर भी लंबे समय में यह बेहतर रिटर्न देने की क्षमता रखता है। बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि निवेशकों को अपने लक्ष्य और जोखिम क्षमता के अनुसार सिप का चयन करना चाहिए, ताकि भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सके।

# सरकार कर रही पेट्रोल पंप के लाइसेंस मानकों को संशोधित करने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बनाई विशेषज्ञ समिति

सरकार बदलते वैश्विक ईंधन परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए पेट्रोल पंपों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित मानदंडों को शिथिल करने पर विचार कर रही है। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 2019 के दिशा-निर्देशों की प्रभावशीलता को परखने और ऊर्जा सुरक्षा एवं कार्बन उत्सर्जन में कटौती के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप नीति को अद्यतन बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की है। सरकारी आदेश के अनुसार, यह कदम दुनिया के सबसे तेज़ी से बढ़ते ईंधन बाजार भारत में ऊर्जा सुरक्षा के बदलते परिप्रेक्ष्य और वैकल्पिक ईंधनों के बढ़ते महत्व को ध्यान में रखकर उठाया गया है। विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पूर्व निदेशक (विपणन) सुखमल जैन कर रहे हैं। इसके अन्य सदस्यों में पेट्रलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ के महानिदेशक पी. मनोज कुमार, फिपी के सदस्य पीएस रवि और मंत्रालय के निदेशक (विपणन) अरुण कुमार शामिल हैं। इस समिति के गठन का उद्देश्य 2019 की मौजूदा नीति की समीक्षा करना, वैकल्पिक ईंधनों एवं इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने के उपाय सुझाना और मौजूदा दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों को चिह्नित करना है।

# मृत ग्राहकों से संबंधित दावों का 15 दिन में निदान करेंगे बैंक, देरी पर मिलेगा मुआवजा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मृत ग्राहकों के बैंक खातों और लॉकर से संबंधित दावों का 15 दिन में निदान करने के लिए विशेष पहल की है। केंद्रीय बैंक ऐसे मामलों का तय समयसीमा में निपटारा करने और किसी भी देरी के लिए नामांकित व्यक्तियों को मुआवजा देने के लिए फॉर्म को मानकीकृत करने की योजना बना रहा है।

आरबीआई ने मृत बैंक ग्राहकों के बैंक खातों और सुरक्षित जमा लॉकर में रखी वस्तुओं से संबंधित दावों के निपटान के लिए मानक प्रक्रियाएं लाने का प्रस्ताव किया है। इसका मकसद निपटान को और अधिक सुविधाजनक और सरल बनाना है। इस दिशा में, केंद्रीय बैंक ने परिपत्र का मसौदा - भारतीय रिजर्व बैंक (बैंकों के मृत ग्राहकों के संबंध में दावों का निपटान) निर्देश, 2025' जारी किया है और 27 अगस्त तक इस पर टिप्पणियां मांगी हैं।

# अमेरिकी शुल्क से दो अरब डॉलर के झींगा निर्यात पर संकट मंडराया

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसईएआई ने सरकार से उद्योग के लिए आपात वित्तीय समर्थन मांगा



अमेरिका शुल्क से देश का झींगा निर्यात उद्योग गंभीर संकट में है। भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात संघ (एसईएआई) ने ट्रंप के लगाए शुल्क के मद्देनजर सरकार से उद्योग के लिए आपात वित्तीय समर्थन मांगा है।

संघ ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से संपर्क कर कहा कि अमेरिकी शुल्क से उद्योग को दिक्कतें हो रही हैं। संघ ने सरकार से सस्ते कर्ज के जरिये कार्यशील पूंजी में 30% की वृद्धि, ब्याज सहायता के जरिये मार्जिन की भरपाई और पैकेजिंग से पहले और बाद के कार्यों के लिए 240 दिन की कर्ज भुगतान की छूट का आग्रह किया है। एसईएआई के महासचिव के एन राघवन ने बताया, करीब दो अरब डॉलर मूल्य के झींगा निर्यात में गंभीर व्यवधान आ रहा है। अमेरिका ने जवाबी शुल्क को 25 से बढ़ाकर 50% कर दिया है। भारत ने 2024 में अमेरिका को 2.8 अरब डॉलर के झींगे का निर्यात किया था और इस वर्ष 50 करोड़ डॉलर का निर्यात कर चुका है।



# कुछ लोगों को रास नहीं आ रही भारत की प्रगति

## रक्षामंत्री राजनाथ बोले- दुनिया की सबसे 'दबंग और गतिशील' है हमारी अर्थव्यवस्था

रायसेन (मध्य प्रदेश), एजेंसी




ब्रह्मा परियोजना के भूमिपूजन में शामिल रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रायसेन। एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से होने वाले आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने को लेकर जारी विवाद के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे 'दबंग और गतिशील' अर्थव्यवस्था करार दिया। उन्होंने कहा कि 'सबके बॉस तो हम हैं' का भाव रखने वाले कुछ देशों को यह रास नहीं आ रहा है।

रायसेन में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) की रेल कोच इकाई का भूमिपूजन करने के बाद राजनाथ ने कहा कि भारत जितनी तेजी से बढ़ रहा है, दुनिया की कोई ताकत उसे विश्व की एक बड़ी शक्ति बनने से नहीं रोक सकती है। साल 2014 में अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 11वें स्थान पर था। आज हमारा देश दुनिया के शीर्ष चार देशों की कतार में है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है देश और देशवासी आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि देशवासी आगे नहीं बढ़ेंगे तो भारत आगे नहीं बढ़ सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा, डेशिंग यानी दबंग और डायनामिक यानी गतिशील अर्थव्यवस्था किसी देश की है तो वह भारत की है।

रेल कोच इकाई का उल्लेख करते राजनाथ सिंह ने कहा कि यह रायसेन और विदिशा क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी सौगात है और इससे 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रायसेन जिले के उमरिया गांव में 1,800 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) की रेल कोच इकाई का भूमिपूजन किया। इस परियोजना का नाम 'ब्रह्मा' (बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) रखा गया है और इसकी प्रारंभिक उत्पादन क्षमता 125 से 200 कोच प्रतिवर्ष होगी, जिसे पांच वर्षों में बढ़ाकर 1,100 कोच प्रतिवर्ष किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में आयोजित इस भूमि-पूजन समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा उत्पाद सचिव संजीव कुमार, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार, बीईएमएल के अध्यक्ष शांतनु राय शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का एक वीडियो संदेश प्रसारित किया गया।

### ट्रंप पर तंज कसते हुए राजनाथ बोले- सबके बॉस तो हम, भारत कैसे आगे बढ़ रहा है

किसी का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा, कुछ लोगों को भारत का तेजी से विकास रास नहीं आ रहा है, उन्हें अच्छा नहीं लग रहा है। वे सोचते हैं कि सबके बॉस तो हम हैं और भारत कैसे इतनी तेजी से आगे बढ़ रहा है? बहुतों द्वारा ऐसा करने की कोशिश की जा रही है कि भारतीयों के हाथों बनी चीजें दुनिया भर में जाएं तो उन देशों में बनने वाली चीजों से महंगी हो और लोग उसे खरीद न पाएं। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले रक्षा उत्पादन से जुड़ी चीजें विदेशों में बनाई जाती थी और भारत उनसे खरीदता था। लेकिन आज बहुत सारी चीजें न केवल भारतीय बना रहे हैं, जरूरतों को पूरा कर रहे हैं बल्कि दुनिया के दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे उस समय केवल 600 करोड़ रुपये के भारत के रक्षा उत्पाद दूसरे देशों में निर्यात होते थे। अब हम 24,000 करोड़ से ज्यादा का रक्षा उत्पाद निर्यात कर रहे हैं। यह भारत की ताकत है। यह नए भारत का नया रक्षा क्षेत्र है।

# राहुल गांधी एक महिला के दो बार वोट देने के दस्तावेज सौंपे : ईसी

- कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कांग्रेस नेता को जारी किया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी कर उनसे वे दस्तावेज साझा करने को कहा, जिनके आधार पर उन्होंने आरोप लगाया था कि एक महिला ने दो बार मतदान किया। राज्य के शीर्ष चुनाव अधिकारी ने गांधी से कहा कि ये दस्तावेज उनके कार्यालय को विस्तृत जांच करने में मदद करेंगे।

गांधी ने पिछले सप्ताह संवाददाता सम्मेलन में ये दस्तावेज दिखाए थे। नोटिस में कहा गया, आपने (राहुल गांधी) यह भी कहा है कि मतदान अधिकारी द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के अनुसार, श्रीमती शकुन रानी ने दो बार मतदान किया था... पूछताछ करने पर, श्रीमती शकुन रानी ने बताया है कि उन्होंने केवल एक बार मतदान किया है, दो बार नहीं, जैसा कि आपने आरोप लगाया है।

नोटिस में कहा गया है कि सीईओ कार्यालय द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में यह भी पता चला है कि कांग्रेस नेता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज मतदान अधिकारी द्वारा जारी नहीं किया गया था। इसमें कहा गया है, अतः आपसे अनुरोध है कि वे प्रासंगिक दस्तावेज उपलब्ध कराएं जिनके आधार पर आपने यह निष्कर्ष निकाला है कि श्रीमती शकुन रानी या किसी अन्य ने दो बार मतदान किया है, ताकि इस कार्यालय द्वारा विस्तृत जांच की जा सके।

### कांग्रेस ने 'वोट चोरी' के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह करते हुए अभियान किया शुरू

**नई दिल्ली।** चुनाव में धांधली के राहुल गांधी के दावों को लेकर बढ़ते विवाद के बीच कांग्रेस ने एक 'वेब पेज' शुरू किया है जहां लोग कथित 'वोट चोरी' के खिलाफ निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग करने और डिजिटल मतदाता सूची की पूर्व पार्टी अध्यक्ष की मांग का समर्थन करने के लिए अपना पंजीकरण कर सकते हैं। गांधी ने एक्स पर कहा, वोट चोरी एक व्यक्ति, एक वोट के बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांत पर हमला है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए साफ-सुथरी मतदाता सूची अनिवार्य है। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग से हमारी मांग साफ है - पारदर्शिता दिखाएं और डिजिटल मतदाता सूची सार्वजनिक करें, ताकि जनता और राजनीतिक दल उसका खुद ऑडिट कर सकें। गांधी ने वेबलिंक पर पंजीकरण कराकर समर्थन करने की अपील की। कोई भी पोर्टल पर क्लिक कर वोट चोरी का सबूत, निर्वाचन आयोग से जवाबदेही की मांग और वोट चोरी की रिपोर्ट डाउनलोड कर सकता है।

# साबू संग गंगा सफाई अभियान पर निकलेंगे चाचा चौधरी

नई दिल्ली, एजेंसी




भारत के प्रिय कॉमिक नायक चाचा चौधरी अपने साथी साबू के साथ गंगा नदी में गोता लगाकर उन खलनायकों से मुकाबला करेंगे जो नदी को दूषित कर रहे हैं। चाचा चौधरी को उनकी बुद्धिमत्ता के लिए जाना जाता है और ये कहा जाता है कि चाचा चौधरी का दिमाग कम्प्यूटर से भी तेज है।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) और डायमंड बुक्स प्रकाशन के बीच सहयोग के तहत प्रकाशित नवीनतम कहानियां हास्य, एक्शन और पर्यावरण जागरूकता का ऐसा मिश्रण प्रस्तुत करती हैं, जैसा केवल चाचा चौधरी ही कर सकते हैं। नव प्रकाशित कॉमिक्स इस परिचित जोड़ी को चार नई यात्राओं की ओर ले जाती है, जिनमें से प्रत्येक में गंगा पारिस्थितिकी तंत्र के एक अनूठे पहलू पर प्रकाश डाला गया है। अक्टूबर 2021 में चाचा चौधरी को राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम का शुभंकर घोषित किया गया था ताकि इसमें बच्चों को शामिल किया जा सके और कॉमिक्स तथा एनिमेशन के माध्यम से नदी की स्वच्छता के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाया जा सके।

# आमजन को सहज, सुलभ, सस्ती और सहृदय सुविधाएं दी जाएं : भागवत

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी



- संघ प्रमुख ने चिकित्सा और शिक्षा के व्यावसायीकरण पर जताई चिंता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने देश में चिकित्सा और शिक्षा के व्यावसायीकरण पर चिंता जताते हुए रविवार को कहा कि दोनों क्षेत्रों में आमजन को सहज, सुलभ, सस्ती और सहृदय सुविधाएं दी जानी चाहिए। भागवत ने इंदौर में कैंसर के मरीजों के किफायती इलाज के लिए 'माधव सृष्टि आरोग्य केंद्र' का उद्घाटन किया। यह केंद्र गुरुजी सेवा न्यास नाम के परमार्थ संगठन ने शुरू किया है।

संघ प्रमुख ने कहा, अच्छी चिकित्सा और शिक्षा की सारी योजनाएं आज समाज के हर व्यक्ति की बहुत बड़ी जरूरत है, लेकिन दुर्भाग्य है कि दोनों क्षेत्रों की अच्छी सुविधाएं आमजन की पहुंच और आर्थिक सामर्थ्य से बाहर हैं। पहले चिकित्सा व शिक्षा के क्षेत्रों में सेवा की भावना से काम किए जाते थे, लेकिन अब इन्हें भी कमर्शियल (वाणिज्यिक) बना दिया गया है।

संघ प्रमुख ने कहा कि जनता को चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्रों में 'सहज, सुलभ, सस्ती और सहृदय' सुविधाएं मुहैया कराई जाना वक्त की मांग है। भागवत ने आम लोगों के लिए चिकित्सा और शिक्षा की अच्छी सुविधाएं पेश करने के वास्ते समाज के सक्षम और समर्थ लोगों से आगे आने का आह्वान किया। संघ प्रमुख ने कहा, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) जैसे शब्द बेहद तकनीकी और औपचारिक हैं। सेवा के संदर्भ में हमारे यहां एक शब्द है-धर्म। धर्म यानी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाना। धर्म समाज को जोड़ता है और समाज को उन्नत करता है।

# अमेजन के फर्जी केंद्र का भंडाफोड़, पांच साइबर ठग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मुंबई के पांच लोगों को गिरफ्तार करते हुए महाराष्ट्र के नासिक स्थित रिसॉर्ट में अमेज़न कंपनी के फर्जी तकनीकी सहायता केंद्र की आड़ में साइबर अपराधियों के गुप्त गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

ये धोखेबाज अमेरिकी व कनाडाई नागरिकों को निशाना बना रहे थे। यह अज्ञात बैंक अधिकारियों और निजी व्यक्तियों के साथ साजिश रच रहे थे और इस काम में मुंबई के छह लोगों का समूह शामिल था। उन्होंने नासिक के इगतपुरी स्थित रेन फॉरेस्ट रिजॉर्ट से अमेजन की सपोर्ट सर्विसेज कॉल सेंटर के रूप में खुद को पेश करते हुए वित्तीय धोखाधड़ी करते हैं।

# मेंगलुरु : डिजिटल अरेस्ट कर महिला से 3.09 करोड़ की ठगी

मेंगलुरु, एजेंसी

- डाकघर की अधिकारी बनकर चीन भेजे पार्सल में एमडीएमए होने की बात कहकर फंसाया

कर्नाटक के मेंगलुरु में सेवानिवृत्त महिला से 'डिजिटल अरेस्ट' मामले में साइबर अपराधियों ने 3.09 करोड़ रुपये की ठगी की। पुलिस ने रविवार को बताया कि लेनी प्रभु नामक पीड़िता ने अज्ञात नंबर से मिस्ड कॉल आने के बाद 'साइबर इकोनॉमिक एंड नारकोटिक्स' (सीईएन) पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

जब उन्होंने वापस कॉल की, तो महिला ने खुद को डाकघर का अधिकारी बताते हुए उन्हें बताया कि उनके नाम से चीन भेजा पार्सल रोका गया है, जिसमें 150 ग्राम एमडीएमए है। फोन करने वाले ने धमकी दी कि इस अपराध के लिए 75 वर्ष से अधिक की जेल हो सकती है। डिजिटल अरेस्ट मामले में, धोखेबाज कानून प्रवर्तन अधिकारियों का रूप धारण कर पीड़ितों पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें धोखा देते हैं और डराते हैं। फिर वे गिरफ्तारी से बचने के लिए पीड़ितों पर पैसे देने का दबाव बनाते हैं। अपराधी अक्सर सीबीआई, आयकर या सीमा शुल्क अधिकारी बनकर फोन कॉल के जरिए पीड़ितों से संपर्क करते हैं। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

## चूल्हे की चिंता



हुगली नदी की बाढ़ से पश्चिम बंगाल के कई जिलों में जनजीवन प्रभावित है। रविवार को नादिया जिले के शांतिपुर ब्लॉक क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडर खींचकर घर की ओर ले जाते हुए उफनती नदी के पानी से घिरे इलाके के लोग। एजेंसी

# भारत में स्वदेशी आंदोलन

## दोहरी नीतियों ने कभी सफल नहीं होने दिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाल ही में दुनिया भर में टैरिफ वार की शुरुआत करने और भारत पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने के बाद देश में स्वदेशी के नारे की गूंज एक बार फिर तेज हो गई है। वैसे, भारत में स्वदेशी के लिए आंदोलन सौ साल से भी ज्यादा पुराना हो चुका है लेकिन इसे कभी अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि देखें तो भारत में पहला स्वदेशी आंदोलन 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में शुरू हुआ था जिसका नेतृत्व बाल गंगाधर तिलक, बिपिन चंद्र पाल, लाला लाजपत राय और अरविंद घोष जैसे नेताओं ने किया। 1950–70 के दशक में स्वदेशी भावना योजनाओं में दिखी, लेकिन आत्मनिर्भरता के रूप में अधिक थी। पिछले दो दशकों में स्वदेशी का नारा सरकार की दोहरी नीतियों में गुमशुदा होकर रह गया।



### भारत में आयात

- वर्ष 2024–25 में आयात 715 अरब डॉलर यानी 59 लाख करोड़ रुपये का था।
- मुख्य आयात मशीनरी, रसायन, क्रूड, इलेक्ट्रॉनिक सामान, चिकित्सा उपकरण।

### विफलता के कारण

- विदेशी वस्तुओं की गुणवत्ता और विविधता ज्यादा होने के कारण आम उपभोक्ता उनकी ओर झुकता रहा।
- भारतीय उद्योग लगातार कई क्षेत्रों में तकनीकी पिछड़ेपन और उत्पादन लागत की समस्या से जूझता रहा।
- 1991 के बाद उदारीकरण और वैश्वीकरण को प्राथमिकता देने से स्वदेशी को नीतिगत समर्थन कम मिला।
- बड़े शहरों में ब्रांडेड विदेशी उत्पाद एक स्टेटस सिंबल बन गए, इससे सामाजिक रुझान भी बदल गया।

**वृद्धि दर** वर्ष 2010–11 में भारत में आयात 369 अरब डॉलर का था जो 2024–25 में दोगुना हो गया। इलेक्ट्रॉनिक सामान का आयात विशेष रूप से काफी तेजी से 10 से 12 प्रतिशत तक बढ़ा।

### आधुनिक दौर में स्वदेशी आंदोलन

- 1991 में आर्थिक उदारीकरण के बाद विदेशी वस्तुएं तेजी से आने लगीं और भारत के बाजार दुनिया भर से आयातित वस्तुओं से पटने शुरू हो गए।
- आरएसएस से जुड़े संगठन स्वदेशी जागरण मंच ने विदेशी निवेश व बहुराष्ट्रीय कंपनियों के खिलाफ सक्रियता दिखाई मगर कभी निर्णायक नहीं।
- भारतीय किसान संघ और भारतीय मजदूर संघ की कृषि और उद्योग में विदेशी दखल के खिलाफ आवाज को सरकार ने नजरंदाज कर दिया।

### नीतियों में विरोधाभास

- अपनी नीतियों में विदेशी निवेश स्वागत कर सरकार ने रिटेल रक्षा और डिजिटल सेक्टर में एफडीआई की सीमा बढ़ाई।
- जनभावना को प्रभावित करने के लिए स्वदेशी प्रचार, इसके लिए आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल जैसे नारे।

### मौद्रिक असंतुलन

- भारी आयात से भारत का व्यापार घाटा बढ़ा। रुपये के अवमूल्यन, चालू खाते का घाटा, विदेशी ऋण निर्भरता जैसे नतीजे सामने आए। विदेशी निवेश, कच्चे तेल की कीमतें, वैश्विक मांग की भूमिका अलग रही।

### स्वदेशी आंदोलन के सामने वर्तमान चुनौतियां

- वैश्विक सप्लाई चेन पर भारत की निर्भरता, खासतौर पर चिप्स, इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स, दवाओं के कच्चे माल को लेकर।
- गुणवत्ता, डिजाइन और पैकेजिंग के मामले में भारतीय एमएसएमई की विदेशी माल से प्रतिस्पर्धात्मकता कम होना।
- सस्ते विदेशी सामान का आसानी से आना और विदेशी ब्रांड को देसी ब्रांड से बेहतर मानने की उपभोक्ता मानसिकता।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### स्पेन में हुई विमान दुर्घटना में दो की मौत

**मैड्रिड।** स्पेन के वालेंसिया क्षेत्र में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत हो गई। क्षेत्रीय सरकार ने इसकी पुष्टि की। सरकारी की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि यह दुर्घटना रेक्वेना शहर के पास शनिवार को पूर्वाह्न लगभग 11:25 बजे हुई। विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद तेज़ रफ्तार से गोता लगाकर पास के खेतों में जा गिरा, जिससे उसमें मौजूद दोनों यात्रियों की मौत हो गई। विमान आग से पूरी तरह नष्ट हो गया। कारणों की जांच की जा रही है।

### लेबनान : विस्फोट में मारे गए छह सैनिक

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक बारूदी सुरंग हटाने के अभियान के दौरान इजराइली गोला–बारूद में विस्फोट होने से छह सैनिकों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए हैं। एक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार को यह विस्फोट उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई टायर की जेबक़ीन घाटी में एक हथियार डिपो का निरीक्षण कर रही थी और उसमें मौजूद सामग्री को नष्ट कर रही थी। रूस न्यूज एजेंसी स्पूतनिक की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच चल रही है। यह घटना लेबनान सरकार द्वारा हिज़्बुल्लाह को निरस्त्र करने की अमेरिका समर्थित योजना को मंज़ूरी देने के कुछ दिनों बाद हुई है।

### इमरान की याचिका पर कल से फिर सुनवाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का उच्चतम न्यायालय जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा नौ मई की हिंसा से संबंधित मामलों में जमानत नहीं मिलने के खिलाफ दायर अपीलों पर मंगलवार को फिर से सुनवाई शुरू करेगा। डॉन अखबार के मुताबिक, पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ के प्रमुख द्वारा दायर विभिन्न अपील के अनुसार, नौ मई 2023 को इस्लामाबाद हाईकोर्ट परिसर से खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा के आठ मामलों में गिरफ्तारी के बाद लाहौर हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### कुलगाम: आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवाद–रोधी अभियान रविवार को 10वें दिन भी जारी रहा तथा सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों पर शिकंजा कसने के लिए घेराबंदी और कड़ी कर दी। एक अधिकारी ने कहा, अभियान अब भी जारी है। सुरक्षाबल छिपे हुए आतंकवादियों के ठिकानों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी जंगली क्षेत्रों में लड़ाई में अत्यधिक प्रशिक्षित प्रतीत होते हैं और ड्रोन से बचने के लिए वे घने जंगलों का फायदा उठा रहे हैं।

# ट्रंप-पुतिन की मुलाकात से पहले रूस मांगों पर अड़ा, यूक्रेन पर बढ़ा दबाव

## समझौते के साथ टूट सकता है जेलेंस्की का नाटो में शामिल होने का सपना

**कीव, एजेंसी**

लगातार धमकी, दबाव और अल्टीमेटम के बावजूद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन युद्ध में रूस की अडिग मांगों से टस से मस नहीं हुए हैं। इसके बाद यह आशंका बढ़ गई है कि वह अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक प्रस्तावित शिखर वार्ता का इस्तेमाल कीव को एक प्रतिकूल समझौते को स्वीकार करने के लिए मजबूर करने के लिए कर सकते हैं।

रूस की जो मांगें हैं, वे उन लक्ष्यों को प्राप्त करने के पुतिन के दृढ़ संकल्प को दर्शाती हैं, जो उन्होंने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर आक्रमण शुरू करते समय निर्धारित किए थे। पुतिन, ट्रंप के साथ संभावित बैठक को एक ऐसे व्यापक समझौते पर बातचीत करने के अवसर के रूप में देखते हैं, जो न केवल रूस के क्षेत्रीय लाभ को मजबूत करेगा, बल्कि यूक्रेन को नाटो में शामिल होने और उसे किसी भी पश्चिमी सेना की मेजबानी करने से भी रोकेगा।

इसके फलस्वरूप रूस को धीरे-धीरे यूक्रेन को अपने प्रभावक्षेत्र में वापस लाने में मदद मिलेगी। क्रेमलिन नेता का मानना है कि समय उनके पक्ष में है, क्योंकि थकी हुई और हथियारों की कमी से जूझ रही यूक्रेनी सेना 1,000 किलोमीटर से ज़्यादा लंबी अग्रिम पंक्ति के कई क्षेत्रों में रूसी बढ़त को रोकने के लिए जूझ रही है, जबकि रूसी मिसाइलों और ड्रोनों के झुंड यूक्रेनी शहरों पर हमला कर रहे हैं।

उधर, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की भी अपने रुख पर अड़े हुए हैं। उन्होंने ट्रंप द्वारा प्रस्तावित युद्धविराम पर सहमति जताई तो है, लेकिन नाटो की सदस्यता की मांग छोड़ने से इनकार कर दिया है। वह रूस द्वारा यूक्रेन के किसी भी क्षेत्र पर कब्ज़ा करने की बात को खारिज करने की बात दोहरा चुके हैं।



### कोशिश: जेलेंस्की भी शामिल हों बैठक में

सूत्रों ने कहा कि यूरोपीय देश यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि पुतिन और ट्रंप की बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की भी मौजूद रहें। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय देश भी वार्ता प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं, लेकिन इसकी संभावना कम ही है। गौरतलब है कि क्रेमलिन और व्हाइट हाउस ने पहले घोषणा की थी कि पुतिन और ट्रंप 15 अगस्त को अलास्का में मिलेंगे। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस की यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन, ट्रंप और ज़ेलेंस्की के बीच त्रिपक्षीय बैठक के विकल्प का ज़िक्र किया था। लेकिन रूसी पक्ष ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की और द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया।

### ट्रंप से सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं यूक्रेन और यूरोपीय सहयोगी

**वाशिंगटन।** यूरोप और यूक्रेन ने रूस–यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को सुलझाने के लिए होने वाले किसी भी समझौते के तहत अमेरिका से सुरक्षा गारंटी प्रदान करने की मांग की हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वे इस बात पर भी ज़ोर दे रहे हैं कि यूक्रेन के लिए उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने का अवसर खोले जाने की जरूरत है। सूत्रों ने कहा कि यूरोपीय सहयोगी चाहते हैं कि अमेरिका यूक्रेन की नाटो सदस्यता के लिए दरवाज़ा खुला रखे, भले ही गठबंधन में शामिल होना तुरंत संभव न हो। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार कल ब्रिटेन के विदेश सचिव मंत्री लैमी, यूक्रेन और यूरोप के प्रतिनिधियों तथा अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच हुई बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा हुई। अखबार ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ इस बैठक में ऑनलाइन शामिल हुए। इससे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से खबर दी थी कि यूरोपीय देश इस बात को लेकर भी चिंतित हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन मुद्दे पर खुद ही किसी समझौते पर पहुंच सकते हैं।

## पाकिस्तान को भारत के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने से 4.1 अरब रुपये का नुकसान

**इस्लामाबाद।** भारतीय विमानन कंपनियों के लिए पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को दो महीने में 4.1 अरब रुपये का नुकसान हुआ है।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत ने एक-दूसरे की विमानन कंपनियों के लिए अपने-अपने हवाई क्षेत्र बंद कर दिए थे। 'डॉन अखबार' की खबर में बताया गया कि रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को नेशनल असेंबली को सूचित किया कि भारत में पंजीकृत विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण को 4.1 अरब रुपये का नुकसान हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि यह नुकसान 24 अप्रैल से 30 जून के बीच का है।

## अमेरिका पहुंचे जनरल मुनीर शीर्ष राजनेताओं-सैन्य अफसरों से मिले

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

भारत के साथ चार दिन के संघर्ष के बाद दूसरी बार वाशिंगटन का दौरा कर रहे पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने अमेरिका के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेताओं से मुलाकात की है।

सेना ने यहां जारी एक बयान में कहा कि सेना प्रमुख अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। सेना प्रमुख ने वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के साथ पाकिस्तानी प्रवासियों के साथ बातचीत की। अमेरिका में सेना प्रमुख के प्रवास के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया गया तथा यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह कब पहुंचे।

टाम्पा में, मुनीर ने निवर्तमान अमेरिकी सेंट्रल कमान (सेंटकॉम) कमांडर जनरल माइकल ई. कुरिल्ला के सेवानिवृत्ति समारोह और एडमिरल ब्रैड कूपर द्वारा कमान संभालने के अवसर पर आयोजित कमान परिवर्तन समारोह में भाग लिया। बयान में कहा गया कि फील्ड मार्शल मुनीर ने जनरल कुरिल्ला के अनुकरणीय नेतृत्व और द्विपक्षीय सैन्य सहयोग को मजबूत करने में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की तथा साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर सहयोग में विश्वास व्यक्त करते हुए एडमिरल कूपर को अपनी शुभकामनाएं दीं।



- पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख का दूसरा अमेरिका दौरा

## इसरो करेगा 6,500 किलो का संचार उपग्रह प्रक्षेपित

**चेन्नई।** इसरो अगले कुछ महीनों में अमेरिका निर्मित 6,500 किलोग्राम वजन वाले संचार उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने रविवार को यह जानकारी दी।

नारायणन ने चेन्नई के पास कट्टनकुलथुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि 30 जुलाई को जीएसएलवी-एफ16 रॉकेट के जरिये निसार मिशन के ऐतिहासिक प्रक्षेपण के बाद इसरो अमेरिका निर्मित एक और उपग्रह को अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित करेगा। इसरो प्रमुख ने अपने संबोधन में याद दिलाया कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी की स्थापना 1963 में हुई थी और उस समय देश विकसित देशों से छह-सात साल पीछे था। उन्होंने कहा, उसी साल अमेरिका ने एक छोटा रॉकेट दान किया था, जिससे भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। वह 21 नवंबर 1963 का दिन था। नारायणन ने कहा कि 1975 में अमेरिका की ओर से उपलब्ध कराए गए उपग्रह डेटा के माध्यम से इसरो ने छह भारतीय राज्यों के 2,400 गांवों में 2,400 टेलीविजन सेट लगाकर 'जनसंचार' का परीक्षण किया था।

उन्होंने कहा, एक साधारण शुरुआत के बाद 30 जुलाई 2025 का दिन भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए एक ऐतिहासिक दिन था। हमने निसार उपग्रह प्रक्षेपित किया है। यह दुनिया का अब तक का सबसे महंगा उपग्रह है।



- अमेरिका निर्मित है उपग्रह, इसरो अध्यक्ष ने की घोषणा

## जम्मू-कश्मीर में बढ़ा नशे के लिए दवाओं का इस्तेमाल

**श्रीनगर, एजेंसी**

- आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए आईएसआई का नया पैंतरा

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई के बीच श्रीनगर पुलिस ने मादक पदार्थों के इस्तेमाल और तस्करी के खिलाफ अभियान शुरू किया है, जिसके तहत तीन महीने में 97 लोगों को गिरफ्तार कर 73 मामले दर्ज किए गए हैं।

अधिकारियों ने उन खुफिया रिपोर्टों का हवाला दिया, जिनमें कहा गया है कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए स्थानीय युवाओं की भर्ती में विफल रही पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई कश्मीर की युवा पीढ़ी को अस्थिर करने के लिए अब नशे के लिए दवाओं के दुरुपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस की कड़ी कार्रवाई के कारण हेरोइन हासिल करना मुश्किल होता जा रहा है, ऐसे में श्रीनगर में नशे के आदी युवा इसके विकल्प के तौर पर तेजी से दवाओं का सहारा ले रहे हैं।

## चाड के पूर्व प्रधानमंत्री को 20 साल की कैद

**एन दजामेना।** चाड के पूर्व प्रधानमंत्री सुचेस मसरा को शनिवार को राजधानी एन'दजामेना की एक आपराधिक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई।

सुनाए गए फैसले के अनुसार मसरा को जनता को घृणा और शत्रुता के लिए उकसाने का दोषी पाया गया। उनकेके वकीलों ने इस फैसले को अपमानजनक बताया और कहा कि वे इसके खिलाफ अपील करेंगे। मसरा को मई में सरकारी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाया था।

## पहली बार दो जंगी जहाज एक साथ होंगे नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय नौसेना के उदयगिरि और हिमगिरि जंगी जहाजों का 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ जलावतरण किया जाएगा। उदयगिरि और हिमगिरि प्रोजेक्ट-17ए के तहत भारतीय नौसेना के लिए निर्मित किए जा रहे उन्नत जंगी जहाजों की एक श्रृंखला का हिस्सा हैं।

प्रोजेक्ट-17ए (नीलगिरि श्रेणी) के तहत निर्मित पहले जहाज 'नीलगिरि' को जनवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में आयोजित कार्यक्रम में नौसेना के सुपुर्द किया था। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित दूसरा युद्धपोत उदयगिरि एक जुलाई को नौसेना को सौंप दिया गया था। नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय नौसेना 26 अगस्त को अग्रिम पंक्ति के दो युद्धपोतों-'उदयगिरि' (एफ35) और 'हिमगिरि' (एफ34) को एक साथ नौसेना में शामिल करने की तैयारी कर रही है।

यह पहली बार होगा कि दो प्रतिष्ठित भारतीय शिपयार्ड के दो प्रमुख लड़ाकू जहाजों का एक ही समय में विशाखापत्तनम में जलावरण किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये बहु-मिशन जंगी जहाज भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक, दोनों तरह के खतरों से निपटने में योगदान देने में सक्षम हैं। प्रोजेक्ट 17ए के तहत विकसित युद्धपोत मौजूदा समय में सेवारत शिवालिक श्रेणी के जंगी जहाजों की जगह लेंगे। इसके तहत बनाए जाने वाले सात जंगी जहाजों में से चार की आपूर्ति मुंबई एमडीएल करेगी, जबकि बाकी तीन कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स उपलब्ध कराएगी। 'हिमगिरि' जीआरएसई द्वारा निर्मित प्रोजेक्ट-17ए का पहला जंगी जहाज है। यह उपलब्धि भारत में नौसेना के तेजी से बढ़ते आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति करने की उसकी क्षमता को रेखांकित करती है।



- हिमगिरि और नीलगिरि का विशाखापत्तनम में 26 अगस्त को किया जाएगा जलावतरण

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अगस्त, सोमवार 2025 संवत–2082, शक संवत 1947 मास–भाद्रपद, पक्ष–कृष्ण पक्ष, द्वितीया 10 .33 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग

के. 5, 3 शु. गु., मं. 6, सू. बु. 4, 2, 1, 7, 8, 10, 12 श., 9, चं. 11 रा.

दिशाशूल– पूर्व, ऋतु– वर्षा।
चन्द्रबल–मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–शतभिषा 13 .00 तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** आज का दिन छात्रों के लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। धैर्य और संयम से काम लें। जीवनसाथी को करियर में बेहतरीन अवसर मिलने वाले हैं। आज लिया गया पुराना ऋण समाप्त होगा। आपका आत्मबल बढ़ा रहेगा।

**वृष** आज नई कला और विधाओं को सीखने का प्रयास कर सकते हैं। व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन में आपको प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। नौकरी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**मिथुन** आज नई तकनीक के प्रति आपका विश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श कर सकते हैं। किसी बड़ी मीटिंग में सम्मिलित होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुकूल सफलता मिल सकती है।

**कर्क** आज लोग आपसे जुड़ने के लिए उत्साहित रहेंगे। सहकर्मी अपनी सफलता का श्रेय आपको भी देंगे। कार्यक्षेत्र में किसी महिला अधिकारी का सहयोग प्राप्त होगा। शरीर में ऊर्जाशक्ति की कमी महसूस होगी।

**सिंह** आज प्रणय संबंधों को लेकर संतुष्ट रहेंगे। घर में मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। पूजा–पाठ और धर्म का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं खरीदारी करने जा सकते हैं। अपने क्रोध पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कन्या** आज जीवनसाथी को कुछ उपहार देने का विचार बना सकते हैं। नवयुवक दूसरे शहरों की ओर जाकर करियर की राह तलाश सकते हैं। बौद्धिक सभाओं में भाग ले सकते हैं। बुजुर्ग लोगों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। यात्रा का उचित परिणाम नहीं मिल पायेगा।

**तुला** आज करियर में बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। पैतृक व्यापार में निवेश बढ़ाना पड़ सकता है। काम के प्रति समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। अपने सैद्धान्तिक विचारों को लेकर दृढ़ रहें। चुनौतियों से घबराने के बजाय उसका सामना करें।

**वृश्चिक** आज धार्मिक विचारों का प्रभाव आपके मन–मस्तिष्क में रहेगा। आय के नए स्रोत विकसित हो सकते हैं। मीडिया और प्रबंधन से जुड़े लोगों को जबरदस्त लाभ मिलने की संभावना रहेगी। घर का वातावरण कुछ खराब हो सकता है।

**धनु** आज भाई–बहनों से संबंध मधुर होंगे। कोई अच्छा सामाचार मिल सकता है। शत्रु अपने इरादों में सफल नहीं रहेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय होने की संभावना है। जीवनसाथी से मनमुटाव हो सकता है। शब्दों के चयन में आपको सावधान रहना चाहिए।

**मकर** आज समझदारी और दूरदर्शिता पूर्वक लिए गए निर्णय भविष्य में लाभकारी सिद्ध होंगे। कारोबार की व्यवस्था सुचारू रूप से चले इसके लिए कुछ नियम बनाने होंगे। प्रेम संबंधों में रोमान्स की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** आज नौकरी की खोज कर रहे युवाओं के प्रयास सफल होंगे। संपत्ति और वाहन आदि से संबंधी मामलों में लाभ मिलेगा। कारोबार में कुछ परिवर्तन करने की योजना बना सकते हैं। आपका स्वास्थ्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**मीन** आज नौकरीपेशा लोगों को जॉब के नए मौके मिलेंगे। दांपत्य संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपके व्यवहार से अत्यधिक प्रसन्न होंगे। भौतिक सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी। माता–पिता के स्वास्थ्य की चिंता होगी।

## सुडोकू-66

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 9 | | | 7 | | |
| | | 8 | | | | | | 9 |
| | 7 | | 4 | | 2 | | 6 | |
| | 9 | | | | 8 | | 4 | |
| | | 2 | 7 | | | 8 | | |
| | 8 | | 5 | | | | 3 | |
| | 1 | | | 3 | 5 | | 7 | |
| 7 | | | | | | 1 | | 5 |
| | | 6 | | | 4 | | | 3 |

### सुडोकू - 65 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 |
| 3 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 |
| 9 | 8 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 |



> मैं ओवल में मिली शुरुआत को शतक में नहीं बदल पाने से निराश था। लेकिन पहले दिन के खेल के दौरान टिके रहना महत्वपूर्ण था, क्योंकि टीम मुश्किल स्थिति में थी। मैं थोड़ा घबराया हुआ था लेकिन अच्छा महसूस कर रहा था।
>
> –करुण नायर


# स्टेडियम

अयोध्या, सोमवार, 11 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### निशा और मुस्कान ने स्वर्ण पदक जीता



**बैंकॉक :** युवा भारतीय मुक्केबाज निशा और मुस्कान ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते, जबकि पांच अन्य खिलाड़ियों ने रजत पदक हासिल किए। इस प्रतियोगिता के अंडर 19 वर्ग में भाग लेने वाली 10 महिला मुक्केबाजों में से नौ पदक जीतकर वापस लौटेंगी, जिनमें दो स्वर्ण और पांच रजत के अलावा दो कांस्य पदक शामिल हैं। निशा ने 54 किग्रा वर्ग में चीन की सिरुई यांग के खिलाफ तीसरे और अंतिम दौर में अपने खेल के स्तर को ऊंचा करते हुए 3-1 से जीत दर्ज की, जबकि मुस्कान (57 किग्रा) ने आक्रामक इरादे दिखाते हुए कजाकिस्तान की अयाझान एर्मेक की चुनौती को 3-2 के खंडित फैसले से मात दी।

### लाबुशेन को टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद

**मेलबर्न :** शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को उम्मीद है कि वह एशेज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी करने में सफल रहेंगे। और वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली इस महत्वपूर्ण श्रृंखला में पारी का आगाज करने के लिए भी तैयार हैं। लाबुशेन को 2019 के बाद पहली बार वेस्टइंडीज में हाल ही में हुई श्रृंखला की शुरुआत में टेस्ट टीम से बाहर किया गया था। पिछले दो वर्षों में उनका औसत 27.82 था। इस बीच वह केवल एक शतक लगा पाए। उन्होंने टीम से बाहर किए जाने के बाद हालांकि कड़ा अभ्यास किया।

### विश्व खेलों में कोठारी की आसान जीत

**चेंगदू (चीन) :** राष्ट्रीय चैंपियन सौरव कोठारी की जीत रविवार को विश्व खेलों की क्यू खेल प्रतियोगिता के पहले दिन भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पहलू रही। कोठारी को पुरुषों के स्नूकर में ग्रेट ब्रिटेन के जैक कॉस्कर को 2-0 से हराने में अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। कोठारी अपने अंतिम ग्रुप 'सी' मैच में एक अन्य ब्रिटिश खिलाड़ी डेरिल हिल से भिड़ेंगे। ग्रुप के शीर्ष दो खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगे। कमल चावला ग्रुप 'डी' मैच में कतर के पूर्व आईबीएसएफ विश्व चैंपियन अली अलोबैदली से 0-2 से हार गए। चावला का अगला मुकाबला माइकल जॉर्जियो से होगा।

### चोपड़ा का डायमंड लीग में नाम नहीं

**नई दिल्ली :** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम के बीच 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग मीट में मुकाबला नहीं होगा, क्योंकि दोनों प्रतिद्वंद्वियों के नाम लीग की प्रविष्टि सूची से गायब हैं। चोपड़ा का नाम प्रविष्टि सूची में क्यों नहीं है, इसका कारण अभी पता नहीं चल पाया है। इससे पहले नौ जुलाई को सिलेसिया डायमंड लीग के आयोजकों ने चोपड़ा और अरशद नदीम की भागीदारी की घोषणा की थी

# रोहित-कोहली पर फैसला लेने की जल्दबाजी में नहीं बीसीसीआई

## वनडे से विदाई की अटकलों पर लगेगा विराम, फिलहाल पूरा ध्यान एशिया कप पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**83** शतक और 25,000 से ज्यादा रन है कोहली और रोहित के नाम वनडे में संयुक्त रूप से

**2027** में होने वाले वनडे विश्व कप तक रोहित 40 और कोहली 39 साल के हो जाएंगे

दिग्गज भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे भविष्य को लेकर चल रही अटकलों के बीच भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) कोई भी फैसला लेने की जल्दबाजी में नहीं है और फिलहाल उसका पूरा ध्यान टी20 प्रारूप में खेले जाने वाले एशिया कप पर है। अगस्त में प्रस्तावित बांग्लादेश के दौरे के रद्द होने के बाद भारत का अगला वनडे मैच ऑस्ट्रेलिया में 19 से 25 अक्टूबर के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में होगा।

कोहली और रोहित के नाम वनडे में संयुक्त रूप से 83 शतक और 25,000 से ज्यादा रन है। भारतीय क्रिकेट में इस बात की चर्चा है कि अक्टूबर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक रोहित 40 और कोहली 39 साल के हो जायेंगे। ऐसे में क्या ये दोनों दिग्गज तब तक टिके रह पायेंगे। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने गोपनीयता शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, उनके मन में अगर कोई योजना है तो जाहिर है कि वे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के आला अधिकारियों को बताएंगे, जैसा उन्होंने इंग्लैंड टेस्ट दौरे से पहले किया था। उन्होंने कहा भारतीय टीम के नजरिए से देखे तो अगला बड़ा टूर्नामेंट फरवरी में होने वाला टी20 विश्व कप और उससे जुड़ी तैयारियां हैं। फिलहाल ध्यान एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ टीम भेजने पर होगा, उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी फिट और उपलब्ध होंगे। बीसीसीआई कभी भी जल्दबाजी में फैसला नहीं लेता है और दो खिलाड़ियों के बड़े प्रशंसक वर्ग को देखते हुए किसी भी संवेदनशील फैसले से पहले वह हमेशा लोगों की भावनाओं को परखने की कोशिश करता है। इन दोनों खिलाड़ियों ने देश के लिए आखिरी टूर्नामेंट दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी खेला था। जहां कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप लीग चरण में लक्ष्य का सफलता से पीछा करते हुए शतक जड़ा था। रोहित ने फाइनल में लक्ष्य का पीछा करने के दौरान शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। रोहित और कोहली ने हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद कोई भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। कोहली अब लंदन में रहते हैं और उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की थी जिसमें वो इंडोर नेट सत्र में अभ्यास करते हुए दिख रहे थे। इससे यह संकेत मिलता है कि उन्होंने अभ्यास करना शुरू कर दिया है। रोहित शर्मा आईपीएल के बाद छुट्टी पर इंग्लैंड में थे। वह हाल ही में मुंबई वापस आ चुके हैं। उम्मीद है कि वो भी कुछ ही दिनों में अभ्यास शुरू कर देंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि बीसीसीआई इन दोनों खिलाड़ियों को 25 अक्टूबर को सिडनी में एक विदाई मैच खेलने का प्रस्ताव दे रहा है। बीसीसीआई के एक अंदरूनी सूत्र ने हालांकि इन खबरों का खंडन करते हुए कहा है कि अभी तक इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। विजय हजारे ट्रॉफी का आयोजन भी 24 दिसंबर से हो रहा है।





### रोहित और कोहली वनडे के असाधारण खिलाड़ी हैं : गांगुली

**कोलकाता :** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के एकदिवसीय रिकॉर्ड को असाधारण करार देते हुए कहा कि इन दोनों दिग्गजों को 50 ओवर के प्रारूप में तब तक खेलते रहना चाहिए जब तक कि उनका प्रदर्शन अच्छा है। कुछ मीडिया रिपोर्टों में कयास लगाया गया है कि ऑस्ट्रेलिया का आगामी दौरा इन दोनों खिलाड़ियों का आखिरी वनडे दौरा हो सकता है। गांगुली ने इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें ऐसे किसी बात की जानकारी नहीं है। गांगुली ने कहा मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इसलिए मैं इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकता हूं। गांगुली ने जोर दिया कि उनके करियर को आगे बढ़ाने में प्रदर्शन सबसे महत्वपूर्ण कारक होना चाहिए। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के इतर कहा यह कहना मुश्किल है। जो भी अच्छा करेगा, वही खेलेगा। अगर वे अच्छा करते हैं, तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए। कोहली का वनडे रिकॉर्ड असाधारण है, रोहित शर्मा के साथ भी ऐसा ही है। वे दोनों सफेद गेंद की क्रिकेट में असाधारण हैं। दोनों खिलाड़ियों ने 2027 के विश्व कप के बारे में योजनाओं को अभी तक स्पष्ट नहीं किया है।

# श्रृंखला में जो हुआ उसे भूलना जरूरी : नायर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने इस बात पर अफसोस जताया कि इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में मिली शुरुआत को वह बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए लेकिन वह समझते हैं कि इन निराशाओं को दूर करना उनके लिए भविष्य में रन बनाने के लिए जरूरी है।

नायर ने आठ साल के अंतराल के बाद वापसी करते हुए चार टेस्ट मैच में 25 की औसत से 205 रन बनाए जिसमें सिर्फ एक अर्धशतक शामिल है। नायर ने कहा मैं ओवल में मिली शुरुआत (जहां उन्होंने 57 रन बनाए) को शतक में नहीं बदल पाने से निराश था। लेकिन पहले दिन के खेल के दौरान टिके रहना महत्वपूर्ण था, क्योंकि टीम मुश्किल स्थिति में थी। मैं थोड़ा घबराया हुआ था लेकिन अच्छा महसूस कर रहा था। मैं उम्मीद कर रहा था कि मैं इसे बदल पाऊंगा (शतक में) जो मैं नहीं कर सका। कर्नाटक के इस बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि यह उनके लिए उतार-चढ़ाव भरी श्रृंखला रही और घरेलू क्रिकेट में बड़े स्कोर बनाने के बाद राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के बाद प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

नायर ने कहा मैंने काफी सोचा लेकिन जो हो चुका है उसे भूलकर अगले कुछ महीनों में मुझे क्या करना है इस पर ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कहा यह मेरा ध्यान बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि मैं आगे बढ़ूं और चाहे किसी भी स्तर पर खेलूं, वहां बड़े स्कोर बनाऊं। नायर ने कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर की कड़ी टक्कर वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला में टीम को एकजुट रखने के लिए सराहना की।

नायर ने कहा शुभमन ने जिस तरह से सभी को एकजुट रखा और जो प्रोत्साहन दिया वह देखने लायक था। शुरुआत से ही उनका संवाद बिल्कुल स्पष्ट था। एक बल्लेबाज के तौर पर उन्होंने जो हासिल किया, उसे हासिल करने के साथ-साथ टीम का नेतृत्व भी किया।

### ऋषभ से बहुत प्रभावित था

नायर मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट के दौरान चोटिल ऋषभ पंत की बल्लेबाजी से बहुत प्रभावित थे और उन्होंने कहा कि उनके रवैये ने पूरी टीम को परिभाषित किया। उन्होंने कहा ऋषभ को पैर के टूटे अंगूठे के साथ बल्लेबाजी करते देखना - यह श्रृंखला के सबसे यादगार पलों में से एक था। यह देखना सभी के लिए आश्चर्यजनक था। इससे पता चलता है कि वह कितने महान खिलाड़ी हैं और उससे भी महत्वपूर्ण बात है कि वह कैसे इंसान हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को पहले टी-20 में 17 रनों से हराया

**डार्विन (ऑस्ट्रेलिया), एजेंसी**



डार्विन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत का जश्न मनाते ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी।

टिम डेविड (83) और कैमरून ग्रीन (35) की आतिशी पारियों के बाद जॉश हेजलवुड और बेन ड्वारश्विस (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं और उसने पहले ही ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) का विकेट गंवा दिया। उन्हें जॉश हेजलवुड ने विकेटकीपर कैमरून ग्रीन के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये लुआन-द्रे प्रेटोरियस को ग्लेन मैक्सवेल ने ओवेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। लुआन-द्रे प्रेटोरियस ने नौ गेंदों में 14 रन बनाये। तीसरे विकेट के रूप में डेवाल्ड ब्रेविस दो रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स ने रायन रिकलटन के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। 15वें ओवर में हेजलवुड ने ट्रिस्टन स्टब्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ट्रिस्टन स्टब्स ने 27 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 35 रन बनाये। इसी ओवर में हेजलवुड ने जॉर्ज लिंडे (शून्य) को भी अपना शिकार बना लिया। अगले ओवर में एडम जम्पा ने कॉर्बिन बॉश (दो) और सेनुरन मुथुसामी (शून्य) को आउटकर मैच का रुख अपनी टीम के पक्ष में कर दिया। 20वें ओवर की दूसरी गेंद पर बेन ड्वारश्विस ने रायन रिकलटन को मैक्सवेल के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी। दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरो में नौ विकेट पर 161 रन ही बना सकी और 17 रनों से मुकाबला हार गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर जॉश हेजलवुड और बेन ड्वारश्विस ने तीन- तीन विकेट लिये। ग्लेन मैक्सवेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। टिम डेविड को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

### ऑस्ट्रेलिया ए से अंतिम टी20 में भारत को मिली हार

**मैके (ऑस्ट्रेलिया) :** प्रेमा रावत और राधा यादव की शानदार गेंदबाजी के बाद शेफाली वर्मा (25 गेंद में 41) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बावजूद भारत ए को तीसरे अनाधिकृत टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया ए से चार रन से हार का सामना करना पड़ा।

लेग स्पिनर प्रेमा (चार ओवर में 24 रन पर तीन विकेट) और वामहस्त स्पिनर राधा (चार ओवर में 31 रन पर तीन विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया ए को आठ विकेट पर 144 रन रोक दिया। भारत ए के पास श्रृंखला में पहली जीत दर्ज करने का शानदार मौका था लेकिन टीम शेफाली की साहसिक पारी के बावजूद आठ विकेट पर 140 रन ही बना सकी। सियाना जिंजर ने चार ओवर में 18 रन देकर चार विकेट चटकाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ए ने तीन मैचों की इस श्रृंखला में लगातार तीसरी जीत के साथ सूपड़ा साफ किया। जिंजर ने अहम मौकों पर शेफाली के अलावा राघवी बिष्ट (25) कप्तान राधा (नौ) संजीवन साजना (तीन) के विकेट के साथ टीम की जीत पक्की की।

# रमेश बुधियाल ने एशियाई सर्फिंग में कांस्य पदक जीता



रमेश बुधियाल।

**चेन्नई, एजेंसी**

भारत के रमेश बुधियाल ने शुक्रवार को यहां एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस तरह से वह इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। बुधियाल शनिवार को इस प्रतियोगिता के पदक दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में 12.60 अंक अर्जित कर कांस्य पदक जीता।

कोरिया के कनोआ हीजे ने 15.17 अंक के साथ स्वर्ण पदक, जबकि इंडोनेशिया के पजार एरियाना ने 14.57 अंक के साथ रजत पदक जीता। ओपन महिला वर्ग में जापान की अनरी मात्सुनो (14.90 अंक) ने हमवतन सुमोमो सातो (13.70) की कड़ी चुनौती से पार पाकर स्वर्ण पदक हासिल किया। थाईलैंड की इसाबेल हिग्स ने 11.76 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। कोरिया के कनोआ हीजे ने 14.33 अंक प्राप्त कर अंडर-18 बालक वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की।

चीन के शिदोंग वू (13.10) और शुलोउ जियांग (8) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। लड़कियों के अंडर-18 वर्ग में चीन की सिकी यांग ने 14.50 अंकों के साथ स्वर्ण पदक और उनकी हम वतन शुहान जिन (10.33) ने रजत पदक जीता। थाईलैंड की इसाबेल (8.10 अंक) ने कांस्य पदक हासिल किया।

### विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड ने चेन्नई में अभ्यास शिविर लगाया

**चेन्नई :** भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला वनडे विश्व कप को शुरू होने में अब दो महीने से भी कम समय बचा है और न्यूजीलैंड की कई प्रमुख खिलाड़ी इस वैश्विक टूर्नामेंट की तैयारी के सिलसिले में चेन्नई पहुंच गई हैं। इस दस सदस्यीय टीम में सात क्रिकेटर केंद्रीय अनुबंधित हैं और वे मुख्य कोच बेन सॉयर और सहायक कोच क्रेग मैकमिलन के मार्गदर्शन में चेन्नई सुपर किंग्स अकादमी में दो सप्ताह के शिविर में भाग ले रहे हैं।

न्यूजीलैंड की टीम महिला टी-20 विश्व कप की मौजूदा चैंपियन है और वह 30 सितंबर से शुरू होने वाले वनडे विश्व कप में जीत हासिल करके अपने नाम पर दोहरा खिताब दर्ज करने की कोशिश करेगी। सात अनुबंधित खिलाड़ियों में तेज गेंदबाज जेस केर, युवा सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और ऑलराउंडर ब्रूक हॉलिडे भी शामिल हैं। इनके अलावा इजी शार्प, फ्लोरा और एम्मा मैकलियोड जैसी उभरती हुई खिलाड़ी भी शिविर में भाग ले रही हैं।



एमएलएस फुटबॉल मैच के दौरान टोरंटो एफसी के गोलकीपर लुका गावरान ने फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ डाइव लगाकर गोल बचा लिया। एजेंसी

### भारत ने महिला एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया

**यांगून (म्यांमार):** भारत ने रविवार को यहां अपने अंतिम ग्रुप डी क्वालीफाइंग मैच में म्यांमार को 1-0 से हराकर दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया।



पूजा ने थुवुन्ना स्टेडियम में 27वें मिनट में निर्णायक गोल किया जिससे भारत सात अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा और थाईलैंड में 2026 में होने वाले मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाई।

पहले हाफ में भारत का दबदबा रहा जबकि दूसरे हाफ में म्यांमार ने बेहतर खेल दिखाया गया लेकिन मेजबान टीम भारत को जीत दर्ज करने से नहीं रोक पाई। भारत ने 2006 के बाद पहली बार क्वालीफिकेशन हासिल किया।

# अल हिलाल ने नेमार की जगह डार्विन को जोड़ा

**लंदन, एजेंसी**

सऊदी अरब के मशहूर फुटबॉल क्लब अल हिलाल ने ब्राजील के सुपरस्टार नेमार की जगह पर उरुग्वे के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी डार्विन नुनेज के साथ अनुबंध किया है। अल हिलाल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले नुनेज के साथ तीन साल का अनुबंध किया है। रिपोर्टों के अनुसार यह अनुबंध छह करोड़ 20 लाख डॉलर में किया गया है।

सऊदी अरब की सबसे सफल टीम अल हिलाल जनवरी में ब्राजील के दिग्गज खिलाड़ी नेमार को रिलीज़ करने के बाद एक और स्टार खिलाड़ी की तलाश में थी। मैनचेस्टर यूनाइटेड के कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस ने जून में क्लब विश्व कप से पहले इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था।

नुनेज़ प्रीमियर लीग में मिले-जुले प्रदर्शन के बाद लिवरपूल छोड़ रहे हैं। उन्होंने 143 मैचों में 40 गोल किए और पिछले सत्र में प्रीमियर लीग का खिताब जीता।

**चिंता** | अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष कल्याण चौबे बोले- सामूहिक प्रयास की जरूरत

# देश में संकट से गुजर रहा है क्लब फुटबॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने रविवार को स्वीकार किया कि देश की शीर्ष स्तरीय इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण क्लब फुटबॉल 'संकट से गुजर रहा है' और इससे उबरने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

आईएसएल के आयोजक एफएसडीएल ने एआईएफएफ के साथ 2010 में किए एमआरए (मास्टर अधिकार करार) के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता के कारण 11 जुलाई को 2025-26 सत्र को 'स्थगित' करने का फैसला किया था जिसके बाद तीन क्लबों ने या तो अपनी शीर्ष टीम का संचालन रोक दिया है या शीर्ष टीम के खिलाड़ियों और कर्मचारियों के वेतन निलंबित कर दिए हैं। चौबे ने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में कहा यह सच है कि हम एक ऐसे संकट से गुजर रहे हैं जिसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं। निहित स्वार्थों वाले कुछ स्वयंभू सुधारकों ने यह स्थिति पैदा की है। मुझे विश्वास है कि ईश्वर की कृपा से हम सामूहिक रूप से इस संकट से उबर पाएंगे।



कल्याण चौबे। एजेंसी

चौबे ने 11 आईएसएल क्लबों द्वारा भारतीय फुटबॉल की 'मौजूदा स्थिति' को उच्चतम न्यायालय के ध्यान में लाने के अनुरोध पर भी आश्चर्य व्यक्त किया जहां राष्ट्रीय महासंघ के संविधान से संबंधित एक मामला लंबित है। आईएसएल क्लबों ने एक पत्र में कहा कि अगर एआईएफएफ उनके अनुरोध पर कार्रवाई नहीं करता है तो उनके पास स्वतंत्र रूप से न्यायिक सहायता लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। आईएसएल के 13 क्लबों में से मोहन बागान सुपर जाइंट और ईस्ट बंगाल ने पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। चौबे ने कहा इस मामले पर (सात अगस्त को दिल्ली में) सभी 13 क्लबों के सीईओ के साथ बैठक में चर्चा हुई थी इसलिए 24 घंटे के भीतर उनसे यह पत्र प्राप्त करना हमारे लिए आश्चर्य की बात थी। यह पूछे जाने पर कि क्या एआईएफएफ इस मामले पर स्पष्टता के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकता है तो उन्होंने कहा हम इस कानूनी सलाह ले रहे हैं।

### रैंकिंग गिरने का कारण जटिल प्रणाणी

कल्याण चौबे ने फीफा रैंकिंग में राष्ट्रीय पुरुष टीम की गिरावट के लिए रैंकिंग प्रणाली की जटिल और उतार-चढ़ाव भरी प्रकृति को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि उम्मीद जताई कि बेहतर रैंकिंग वाली टीमों पर जीत के साथ स्थिति में सुधार होगा। भारतीय टीम 10 जुलाई को जारी फीफा रैंकिंग में छह स्थान गिरकर 133वें स्थान पर पहुंच गई जो नौ साल में सबसे खराब रैंकिंग है। फीफा रैंकिंग पिछले वर्षों में खेले गए अंतर्राष्ट्रीय मैचों में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन पर आधारित होती है। इसे ईएलओ मॉडल का उपयोग करके निर्धारित किया जाता है। यह विधि मौजूदा कुल अंकों में मैचों के अंकों को जोड़ती या घटाती है।